YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-222 | सोमवार, 15 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12


देश की भाषाओं–बोलियों के बीच सेतु बनकर राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने वाली हिंदी तकनीक, विज्ञान और अनुसंधान की भाषा बन रही है।
आजादी के आंदोलन से लेकर आपातकाल के मुश्किल दिनों तक, हिंदी ने देशवासियों को एक सूत्र में बाँधने में अहम भूमिका निभाई है।
अमित शाह




सेवानिवृत्त आईएएस अमित खरे को उपराष्ट्रपति का सचिव नियुक्त किया गया 11

पुरस्कृत होकर लंदन से लौटे डा. अजय कुमार सिंह, लोगों ने किया स्वागत 12


# मैं शिव भक्त, निगल लेता हूं जहर : पीएम

## जनता ही मेरी भगवान, आत्मा की आवाज यहां नहीं तो कहां निकलेगी

एजेंसी

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के दरांग जिले के मंगलदोई में 6,300 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि देश के विकास में उत्तर पूर्वी राज्यों की अहम भूमिका है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भारत रत्न भूपेन हजारिका का अपमान करने का भी आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'ये कांग्रेस वाले मुझे कितनी ही गालियां दे, मैं भगवान शिव का भक्त हूं, सारा जहर निगल लेता हूं, लेकिन जब किसी और का अपमान होता है, तो मैं इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता। आप लोग मुझे बताएं, क्या भूपेन दा को भारत रत्न से सम्मानित करने का मेरा फैसला सही है या गलत?'

दरांग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि 'पूरा देश आज विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। खासतौर पर हमारे जो नौजवान साथी हैं। उनके लिए विकसित भारत सपना भी है और संकल्प भी है। इस संकल्प की सिद्धि में हमारे नॉर्थ ईस्ट की बहुत बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि '21वीं सदी पूर्व की है, उत्तर पूर्व की है। उत्तर पूर्वी राज्यों के चमकने का समय आ गया है। किसी भी क्षेत्र के विकास में कनेक्टिविटी की अहम भूमिका होती है। हमारी सरकार उत्तर पूर्व में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए समर्पित है। सड़कें, रेलवे और हवाई मार्गों का विकास किया जा रहा है। इससे लोगों की जिंदगी बदल रही है और उज्जवल भविष्य की राह बन रही है। कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब पूरा देश आतंक से लहूलुहान होता था और कांग्रेस चुपचाप खड़ी रहती थी। आज हमारी सेना ऑपरेशन सिंदूर चलाती है, पाकिस्तान के कोने-कोने से आतंक को उखाड़ फेंकती है, लेकिन कांग्रेस के लोग पाकिस्तान की सेना के साथ खड़े हो जाते हैं। कांग्रेस के लोग हमारी सेना की बजाय आतंकियों को पालने वालों के एजेंडों को आगे बढ़ाते हैं। पाकिस्तान का झूठ कांग्रेस का एजेंडा बन जाता है। इसलिए आपको कांग्रेस के प्रति हमेशा सतर्क रहना चाहिए।'



- विकसित भारत में उत्तर पूर्व की अहम भूमिका
- पाकिस्तान का झूठ कांग्रेस का एजेंडा बन जाता है, हजारों करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

पीएम मोदी ने कहा कि 'कांग्रेस के लिए अपने वोट बैंक का हित सबसे बड़ा है। कांग्रेस देशहित की कभी परवाह नहीं करती है। आज कांग्रेस देशविरोधियों और घुसपैठियों की भी रक्षक बन चुकी है। जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब वह घुसपैठ को बढ़ावा देती थी और आज कांग्रेस चाहती है कि घुसपैठिए हमेशा के लिए भारत में बस जाए और भारत का भविष्य घुसपैठिए तय करें। प्रधानमंत्री मोदी ने दरांग मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के साथ-साथ एक नर्सिंग कॉलेज और एक जीएनएम स्कूल के निर्माण का शुभारंभ किया। अधिकारियों ने बताया कि इन स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं में कुल मिलाकर 570 करोड़ रुपये का निवेश होगा। प्रधानमंत्री ने 1,200 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली 2.9 किलोमीटर लंबे नरेंगी-कुरुवा पुल और असम के कामरूप और दरांग जिलों और मेघालय के री भोई को जोड़ने वाली 118.5 किलोमीटर लंबी गुवाहाटी रिंग रोड परियोजना की ● शेष पेज 11 पर

## नेपाल में नव नियुक्त प्रधानमंत्री ने कार्यभार संभाला, बोलीं

# हिंसा में मारे गए शहीद कहलाएंगे

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल की नव नियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को पदभार ग्रहण कर लिया। प्रधानमंत्री कार्यालय एवं मंत्रिपरिषद का भवन हाल ही में आंदोलनकारियों की हिंसात्मक घटना में क्षतिग्रस्त हो गया था जिसकी वजह से गृह मंत्रालय भवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार को श्रीमती कार्की को प्रधानमंत्री नियुक्त किया था।

कंतिपुर समाचार पत्र के मुताबिक श्रीमती कार्की ने कार्यभार संभालने से पहले लांचोर पुघेर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री कार्की ने पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद 'जेन-जेड आंदोलन' के दौरान मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया। मुख्य सचिव एकनारायण आर्याल ने बताया कि घायलों के लिए निःशुल्क उपचार की व्यवस्था भी की गई है।

जेन-जेड या जेन जी आंदोलन के कारण लगाए गए प्रतिबंध और कर्फ्यू के हटने के साथ रविवार से काठमांडू घाटी में आम जनता की आवाजाही बढ़ गयी है। काठमांडू घाटी यातायात पुलिस कार्यालय के अनुसार प्रतिबंध और कर्फ्यू हटने के बाद वाहन चल रहे हैं और आम लोग अपना रोजमर्रा का काम आसानी से कर रहे हैं। गत सोमवार से शुरु हुये जेन-जेड आंदोलन के कारण पूरा नेपाल तेजी से



- पीड़ितों के परिजन को 10–10 लाख नेपाली रुपए देंगे, 6 महीने में चुनाव कराकर सत्ता छोड़ दूंगी

सुलग उठा था। इस दौरान पुलिस कार्रवाई और उपद्रव की घटनाओं में 51 लोगों की मौत हो गई थी और सैकड़ों लोग घायल हुए थे। आगजनी की कई घटनाएं भी हुयी थी और इनमें कई विशिष्टं सरकारी इमारतों को नुकसान पहुंचा था। तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के त्यागपत्र और सेना के हाथों में देश की व्यवस्था आने के बाद उपद्रव रुक गये थे और नयी सरकार के गठन का रास्ता साफ हुआ। शुक्रवार रात को देश की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रहीं सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई गयी और उन्हें छह महीने में चुनाव कराने का काम सौंपा गया। अमेरिका ने अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में श्रीमती कार्की की नियुक्ति का स्वागत किया है। यहां अमेरिकी दूतावास ने देश में शांतिपूर्ण परिवर्तन और नेपाली सेना की भूमिका की सराहना की है। चीन ने भी अंतरिम ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### मीनाक्षी और जैस्मीन ने विश्व मुक्केबाजी में जीते स्वर्ण

**लिवरपूल।** जैस्मीन (57 किग्रा) और मीनाक्षी (48 किग्रा) ने लिवरपूल में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीत लिए। जैस्मीन ने पोलैंड की स्ज़ेरमेटा जूलिया (पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता) को 4:1 से हराकर स्वर्ण जीता और यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह वाली पहली भारतीय बन गईं। मीनाक्षी (48 किग्रा) ने कजाकिस्तान की नाजिम काइज़ेबे (पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता) के खिलाफ 4:1 से जीत हासिल की और चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय बन गईं। नुपुर (80 किग्रा) ने रजत पदक जीता जबकि पूजा रानी (80 किग्रा) ने कांस्य पदक के साथ समापन किया।

### आयकर रिटर्न भरने की आज आखिरी तारीख

**नयी दिल्ली।** आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की सोमवार को आखिरी तारीख है और ऐसे में आयकर विभाग ने लोगों को अंतिम समय में संभावित परेशानी से बचने के लिए आज ही अपना रिटर्न भरने की सलाह दी है। विभाग ने सोशल मीडिया के माध्यम से रविवार को बताया कि अपना आयकर रिटर्न आज ही दाखिल करें। अक्सर देखा जाता है कि जब बड़ी संख्या में लोग अंतिम समय में लॉगइन करते हैं तो सर्वर हैंग होने या प्रक्रिया धीमी होने की शिकायत आती है। उल्लेखनीय है कि आयकर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख फिलहाल 15 सितंबर है। इसके बाद रिटर्न भरने पर पांच लाख तक की कुल आय वालों को एक हजार रुपये और उससे अधिक की आय वालों को पांच हजार रुपये का जुर्माना देना होगा। आयकर विभाग ने शनिवार को बताया था कि अब तक छह करोड़ से अधिक लोगों ने रिटर्न भरा है। आकलन वर्ष 2024-25 में 7.28 करोड़ करदाताओं ने आयकर रिटर्न भरा था। विभाग ने छह करोड़ का आंकड़ा पार करने के लिए करदाताओं और कर पेशेवरों को धन्यवाद दिया है।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से समर्थ पोर्टल पर सुझाव देने की अपील की

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे विकसित उत्तर प्रदेश के लिए अपने सुझाव दें। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज देश के ग्रोथ इंजन के रूप में विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है। 'विकसित भारत' के स्वप्न को साकार करने के लिए 'विकसित उत्तर प्रदेश' का संकल्प आवश्यक है। 'विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आपके अमूल्य सुझाव हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आप सभी के सुझाव 'समर्थ उत्तर प्रदेश' की संकल्पना की पूर्णता में 'मील का पत्थर' सिद्ध होंगे।

# अशोक सिद्धार्थ को मायावती ने बनाया केंद्रीय कोऑर्डिनेटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को केंद्रीय कोआर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी हैं।इसके साथ ही उन्हें जम्मू कश्मीर, गुजरात, छत्तीसगढ़ और हिमांचल प्रदेश राज्य का प्रभारी भी बनाया गया है।

मायावती के भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के अशोक सिद्धार्थ ससुर हैं। विरोधी गतिविधियों के चलते आकाश और उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया था। आकाश के माफी मांगने के बाद 6 सितंबर को अशोक ने भी बसपा प्रमुख से सार्वजनिक माफी मांगते हुए पार्टी में शामिल करने का आग्रह किया था। उसके तुरंत बाद मायावती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्हें माफ करते हुए उनको पार्टी में शामिल करने का ऐलान किया था। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा प्रमुख मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को केंद्रीय कोर्डिनेटर बनाया है। साथ ही उन्हें जम्मू कश्मीर, गुजरात, छत्तीसगढ़ और हिमांचल प्रदेश का प्रभार भी सौंपा गया है। इससे पहले इन राज्यों का काम देख रहे रणधीर सिंह बेनीवाल को सेक्टर चार का केंद्रीय कोआर्डिनेटर बनाया गया है। वहीं, सेक्टर चार का काम देख रहे डॉ. लालजी मेधांकर को सेक्टर पांच और सेक्टर पांच की जिम्मेदारी पूर्व विधायक अतर सिंह राव को मिली है। उनसे पहले पूर्व विधायक धर्मवीर सिंह देख रहे थे। उल्लेखनीय है कि बसपा प्रमुख ने पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के उद्देश्य से देशभर में छह सेक्टर बनाए हैं। हर सेक्टर में तीन से चार राज्यों को शामिल किया गया है। राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद इन केंद्रीय सेक्टरों के कार्यों की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट पार्टी प्रमुख को पहुंचाने का काम करेंगे।

### रक्षा सुधार के तहत नयी रक्षा खरीद नियमावली को मंजूरी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने सुधारों की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए राजस्व खरीद प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, सरल, सक्षम और युक्तिसंगत बनाने के लिए नयी रक्षा खरीद नियमावली 2025 को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यालय ने रविवार को बताया कि रक्षा मंत्री ने नयी नियमावली को मंजूरी दे दी है। बजट अनुमान 2025 में राजस्व खरीद का बजट लगभग एक लाख करोड़ रुपये है। नयी ● शेष पेज 11 पर

# भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया

## एशिया कप- कप्तान सूर्यकुमार यादव ने छक्का लगाकर जिताया, कुलदीप ने 3 विकेट लिए

एजेंसी

दुबई। भारत ने एशिया कप के छठे मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। टीम ने 128 रन का टारगेट 16वें ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। पाकिस्तान ने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और 9 विकेट खोकर 127 रन बनाए।

ग्रुप-ए के इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने पावरप्ले से ही दवाब बनाया और आखिरी तक पाकिस्तानी बैटर्स को उबरने का मौका नहीं दिया। साहिबजादा फरहान (40 रन) और शाहीन अफरीदी (33 रन) के अलावा कोई बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सका। कुलदीप यादव ने 3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट हार्दिक पंड्या और वरुण चक्रवर्ती के खाते में आया।

भारतीय टीम की ओर से ओपनर अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने 31-31 रन की पारियां खेलीं। जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने नाबाद 47 रन बनाए। सूर्या-तिलक के बीच तीसरे विकेट के लिए 56 रनों की अहम साझेदारी की। पाकिस्तान से सईम अयूब ने तीनों विकेट लिए।



इस जीत के साथ भारत पॉइंट्स टेबल में टॉप पर कायम है और टीम के सुपर-4 में पहुंचने के चांस भी बढ़ गए। वहीं पाकिस्तान को अगले राउंड में एंट्री करनी है तो यूएई के खिलाफ आखिरी मैच जीतना ही होगा।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पहली ही गेंद पर सईम अयूब का विकेट गंवाया। उन्हें हार्दिक पांड्या ने पवेलियन भेजा। दूसरे ओवर में जसप्रीत बुमराह ने मोहम्मद हारिस (3) को कैच आउट करवाया। फखर जमां 15 गेंद में 17 रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा 12 गेंद में सिर्फ तीन रन ही बना सके। अक्षर पटेल ने उन्हें आउट किया। हसन नवाज (5) को कुलदीप ने पवेलियन भेजा। कुलदीप ने मोहम्मद नवाज (0) को भी आउट किया। हालांकि कुलदीप हैट्रिक से चूक गए। सलामी बल्लेबाज फरहान 44 गेंद में 40 रन बनाकर आउट हुए। फहीम अशरफ को वरुण चक्रवर्ती को पवेलियन भेजा। उन्होंने 14 गेंद में 11 रन बनाए। शाहीन शाह अफरीदी ने अगर आखिर में 16 गेंद में नाबाद 33 रन नहीं बनाये होते तो पाकिस्तान 125 रन के पार भी नहीं पहुंचता। स्पिनर अक्षर ने चार ओवर में 18 रन देकर दो, कुलदीप ने चार ओवर में 18 रन देकर तीन और वरूण ने चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट लिया। पाकिस्तान का कोई भी बल्लेबाज इस तिकड़ी के सामने टिक नहीं सका ।




**योगी आदित्यनाथ ने रखा है उत्तर प्रदेश को 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य**

# यूपी को ग्लोबल पहचान देंगे एआई, बॉयोटेक, ग्रीन एनर्जी और एग्रीटेक आधारित उद्योग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**❑ लखनऊ और नोएडा बनेंगे वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) हब, बड़े पैमाने पर होगा रोजगार सृजन**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार 'विकसित उत्तर प्रदेश-समर्थ उत्तर प्रदेश अ2047' विज़न को साकार करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर रही है। इस रूपरेखा में तीन मिशन- समग्र विकास, आर्थिक नेतृत्व और सांस्कृतिक पुनर्जागरण तथा तीन थीम- अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति पर जोर दिया गया है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट मत है कि अगले 22 साल में उत्तर प्रदेश की ग्लोबल पहचान भविष्योन्मुखी उद्योगों पर ध्यान केंद्रित किये बगैर नहीं प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए सरकार का विशेष ध्यान एआई, बॉयोटेक, ग्रीन एनर्जी और एग्रीटेक आधारित उद्योग पर है। इसके साथ ही सरकार प्रदेश के 12 प्रमुख सेक्टर (कृषि, औद्योगिक विकास, आईटी व इमर्जिंग टेक, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, नगर व ग्राम्य विकास, सतत विकास, पशुधन, पर्यटन, अवस्थापना और सुरक्षा-सुशासन) के जरिए भविष्य के उद्योगों की रूपरेखा तैयार करने में जुटी हुई है। इस व्यापक खाके का आर्थिक लक्ष्य 2030 तक प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। 2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश की गिनती बीमारू और विकास की दौड़ में पिछड़े राज्य की बन चुकी थी। सुरक्षा तंत्र की कमजोरी, निवेश के लिए असुरक्षित माहौल, हाई-टेक इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और कौशल विकास की अनुपस्थिति के कारण निवेशकों का विश्वास घटा हुआ था। पुलिस सशक्तिकरण और स्मार्ट मॉनिटरिंग का ढांचा न होने से अपराध पर नियंत्रण ढीला था। यही कारण था कि रोजगार और उद्योग दोनों ही सीमित स्तर पर ठहर गए थे। यहां



तक कि अधिकांश उद्यमी अन्य राज्यों की ओर पलायन कर चुके थे।

योगी सरकार ने 2017 के बाद से कानून-व्यवस्था में बड़े पैमाने पर सुधार किए। पुलिस भर्ती और आधुनिकीकरण, स्मार्ट निगरानी नेटवर्क, कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई से प्रदेश का सुरक्षा वातावरण पूरी तरह बदल गया। 'ऑपरेशन कन्विक्शन' जैसी पहलों ने सजा दर बढ़ाई और निवेशकों के लिए विश्वासपूर्ण माहौल तैयार किया। इसका सीधा असर उद्योग और व्यापार पर पड़ा और प्रदेश निवेश का सुरक्षित गढ़ बन सका। यही वजह रही कि 2023 में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश-विदेश की नामचीन कंपनियों ने यूपी में 45 लाख करोड़ से अधिक के निवेश का प्रस्ताव सरकार के समक्ष रख दिया। इसमें से 15 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर उतर भी चुके हैं। यूपी ने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) नीति लागू करके नोएडा और लखनऊ जैसे शहरों को अंतरराष्ट्रीय कंपनियों का नया केंद्र बनाने की पहल की है। इस नीति का उद्देश्य फॉर्च्यून 500 कंपनियों को आकर्षित करना है ताकि प्रदेश में उच्च वेतन वाली नौकरियां, आरएंडडी, डेटा एनालिटिक्स और साइबर सिक्योरिटी जैसी उच्च मूल्य सेवाएं विकसित हो सकें। राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही जमीन, टैक्स छूट और बुनियादी ढांचे की सुविधा ने घरेलू और विदेशी निवेशकों का भरोसा और मजबूत किया है।

प्रदेश अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), बायोटेक, अक्षय ऊर्जा, एग्रीटेक, क्वांटम, साइबर सिक्योरिटी और मेटावर्स जैसे भविष्य के उद्योगों को अपनी अर्थव्यवस्था का आधार बना रहा है। एआई से उत्पादकता बढ़ेगी, जबकि अक्षय ऊर्जा और ग्रीन टेक्नोलॉजी में नए विनिर्माण क्लस्टर और रोजगार सृजित होंगे। बायोटेक और हेल्थ-टेक पार्क राज्य को फार्मा और मेडिकल रिसर्च का हब बनाएंगे। एग्रीटेक और वर्टिकल फार्मिंग किसानों की आय बढ़ाकर ग्रामीण समृद्धि को मजबूत करेंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च मूल्य सेवाएं, ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग और एग्रीटेक सुधार प्रदेश को 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर ले जाएंगे। जीसीसी और आईटी-एआई हब से सेवाओं का निर्यात बढ़ेगा, रिन्युएबल और ई-मोबिलिटी क्लस्टर से विनिर्माण व एक्सपोर्ट में तेजी आएगी और कृषि आधारित प्रोसेसिंग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बायोटेक और मेडिकल आरएंडडी से विशेषीकृत रोजगार और निर्यात अवसर खुलेंगे। योगी सरकार का यह विजन रोजगार सृजन पर केंद्रित है।

# विश्व हिन्दू रक्षा परिषद ने किया टीम इंडिया की जीत के लिए महायज्ञ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विश्व हिंदू रक्षा परिषद की ओर से रविवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमती नगर में एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले महा मुकाबला से पूर्व मैच में भारतीय टीम की जीत को लेकर हवन पूजन किया गया। महायज्ञ में जीत की आहूति डालते हुए विश्व हिंदू रक्षा परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जाप किया। इस दौरान हवन पूजन कर रहे कार्यकर्ताओं ने कहा कि बजरंगबली की अपार शक्तियां और आशीर्वाद से पाकिस्तान का आज जो हाल होगा वह हमेशा याद रहेगा। विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने भारत की जीत के लिए यह कार्यक्रम कर रहा है। संगठन के तमाम पदाधिकारी हाथों में तिरंगा और भगवा झंडा लेकर पहुंचे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि भारत की जीत निश्चित हो, इसके लिए हम लोग इस महायज्ञ का आयोजन कर रहे हैं। वैसे तो यह मैच भारत ही जीतेगा मगर हम चाहते हैं कि महादेव की कृपा हो और अगर कुछ कहीं से कमी हो तो वह भी पूरी हो जाए। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया के जांबाज खिलाड़ी आज पाकिस्तान को धूल चटाने के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान की टीम कहीं भी इस मुकाबले में टिकने वाली नहीं है। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के संगठन मंत्री हिमांशु ने कहा कि पहले ऑपरेशन सिंदुर में पटका था अब क्रिकेट के पिच पर भी पटकेंगे। हम लोग हमेशा से पाकिस्तान को पीटते-पटकते आ रहे हैं। विश्व हिंदू रक्षा परिषद महा मुकाबला से पहले भारत की जीत के लिए महायज्ञ कर रहा है। भारतीय टीम यह मैच जरूर जीतेंगे। पाकिस्तान जैसे देश को हमेशा से ही मुंह तोड़ जवाब मिला है। हम लोग महायज्ञ मंत्र उच्चारण और अभिषेक कर रहे हैं। हनुमान जी के आशीर्वाद से हमारी जीत निश्चित होगी। इस दौरान राघवेंद्र राय, मनीष राय, हिमांशु धवल, शिखर गुप्ता, कुशाग्र अग्रवाल, बॉबी गुप्ता, राजेश सोनी, संग्राम सिंह, पंकज यादव, पिंटू गुप्ता एवं सैकड़ों लोग महायज्ञ में शामिल रहें। इसी तरह राजधानी में भारतीय टीम की जीत के लिए कई जगहों पर हवन पूजन किया गया।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख सोनू कुमार पर जानलेवा हमला, जिला अस्पताल में भर्ती

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना पुरामुफ्ती क्षेत्र के कोयलहा गांव निवासी एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख चायल सोनू पासी पर एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के पीपलगांव में जानलेवा हमला किया गया है । सोनू पासी पर पहले भी हत्या की कोशिश की जा चुकी है और उन्होंने प्रयागराज व कौशांबी जिले में पुलिस अधिकारियों को अपनी हत्या की आशंका जताई थी। रविवार को हुए इस हमले में अतीक अहमद के करीबी जयप्रकाश दुबे, जे0पी मिश्रा सहित कई दर्जनों लोगों पर हमला करने का आरोप लगा है। बताया गया कि हमलावरों ने सोनू पर पिस्टल सटाकर हत्या का प्रयास किया और उन्हें बुरी तरह पीटा, जिससे उनका हाथ भी गंभीर रूप से फैक्चर हो गया। जमीन कब्जे के विवाद को हमले की वजह माना जा रहा है। घायलावस्था में सोनू पासी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मामला की जांच शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 16,241 प्री-लिटिगेशन वादों का निस्तारण

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय की वर्चुअल कोर्ट-ट्रैफिक की न्यायिक अधिकारी श्रीमती दीक्षा श्री ने कुल 16,241 प्री-लिटिगेशन वादों का निस्तारण किया। प्रेस विज्ञप्ति में त्रुटिवश यह संख्या 1,624 अंकित हो गई थी, जिसे सुधारते हुए स्पष्ट किया गया है कि वास्तविक निस्तारित वादों की संख्या 16,241 है।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का प्रयागराज दौरे आज

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 15 सितम्बर 2025 को प्रयागराज दौरे पर रहेंगी। उनका आगमन पूर्वाह्न 10:05 बजे होगा। राज्यपाल पूर्वाह्न 10:30 बजे प्रोफ़ेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होंगी। इसके बाद वह मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के बहादुरगंज स्थित आवास पर पहुंचेंगी। अपराह्न 2:30 बजे राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन ओपन विश्वविद्यालय प्रयागराज में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद वह प्रयागराज से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी।

## प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे, सभी तटबंध सुरक्षित

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर खतरे के निशान 84.734 मीटर से नीचे दर्ज किया गया है। रविवार शाम 4 बजे की रिपोर्ट के अनुसार यमुना नदी का जलस्तर नैनी पर 82.41 मीटर दर्ज हुआ, जो पिछले चार घंटे में 14 सेंटीमीटर कम है। इसी तरह गंगा नदी का जलस्तर फाफामऊ पर 82.92 मीटर (-14 सेमी), छतनाग पर 81.91 मीटर (-15 सेमी) और बक्सी एसटीपी पर 82.46 मीटर (-11 सेमी) रिकॉर्ड किया गया। सभी स्थानों पर जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई है। प्रशासन ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और सभी तटबंध सुरक्षित हैं।

## शुरुआत में राहुल गांधी को छोटा-मोटा पटाखा देना चाहिए : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राहुल गांधी के रायबरेली दौर को लेकर उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने तीखा व्यंग करते हुए कहा कि शुरुआत में राहुल गांधी को हाइड्रोजन बम के स्थान पर छोटा-मोटा पटाखा देना चाहिए था। राहुल गांधी के रायबरेली दौरे के दौरान दिये गये बयान को लेकर रविवार को कटाक्ष करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स लिखा कि कांग्रेस को अपने मनमौजी नेता श्री राहुल गांधी के हाथों में सीधे एटम बम या हाइड्रोजन बम नहीं थमाना चाहिए था। शुरुआत में उन्हें कोई छोटा-मोटा पटाखा देना चाहिए था। गौरतलब है कि बीते गुरुवार को अपने रायबरेली दौरे के दौरान राहुल गांधी ने मीडिया को बयान दिया था कि भाजपा के लोग बहुत आंदोलित हो रहे हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि जब हाइड्रोजन बम आएगा तो सब साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में वोट चोरी करके सरकारें बनाई जा रही हैं। इस दौरान राहुल गांधी ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक के चुनाव में वोट चोरी हुई है। हमने ब्लैक एंड व्हाइट सबूत दिए हैं। इंतजार कीजिए बहुत जल्द वोट चोरी के और खुलासे आने वाले हैं। भाजपा वाले परेशान न हों, वोट चोरी का हाइड्रोजन बम आने वाला है। सारा सब कुछ साफ हो जाएगा। वोट चोरी का आरोप लगाने के बाद से ही कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इसको लेकर लगातार भाजपा सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साध रहे हैं। बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान भी उन्होंने ''वोट चोर-गद्दी छोड़'' के नारे लगवाए।

## प्रत्येक हिन्दू परिवार से एक गणवेशधारी स्वयंसेवक तैयार करेगा आरएसएस

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष की तैयारियों में जुट गया है। शताब्दी वर्ष में संघ प्रत्येक हिन्दू परिवार से कम से कम एक गणवेशधारी तरूण स्वयंसेवक तैयार करेगा। संघ ने प्रमुख रूप से सात प्रकार के कार्यक्रमों की योजना बनाई है। इसमें सबसे पहला कार्यक्रम विजयादशमी उत्सव का है। विजयादशमी उत्सव के कार्यक्रम खण्ड व नगर स्तर पर होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले अयोध्या में एक नगर के विजयादशमी उत्सव के कार्यक्रम में शामिल होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष ने बताया कि वर्ष 1925 की विजयादशमी को परम पूज्य डा.केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ प्रारम्भ किया था। शताब्दी वर्ष के प्रथम कार्यक्रम में प्रत्येक हिन्दू परिवार से कम से कम एक गणवेशधारी तरूण स्वयंसेवक कार्यक्रम में सहभाग करे तथा प्रत्येक परिवार से मंगलवेश में पुरूष व मातृशक्ति भी सहभागी हो। इसकी तैयारी संघ के स्वयंसेवक शाखा व बस्ती स्तर पर कर रहे हैं। विजयादशमी उत्सव में लक्ष्य विजयादशमी के कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवकों की पूर्ण गणवेश में उपस्थिति। सुप्त शक्ति से सम्पर्क कर उन्हें शाखा में सक्रिय करना। युवा एवं तरूण व्यवसायी स्वयंसेवकों की सक्रियता बढ़े। प्रत्येक शाखा सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी बने। प्रत्येक स्वयंसेवक को किसी न किसी कार्य से जोड़ना। नगर स्तर पर निकाला जायेगा पथ संचलन शताब्दी वर्ष के तहत संघ ने तय किया है कि बड़ा कार्यक्रम करने की बजाय नगर व नगर पंचायत स्तर पर कार्यक्रम किया जायेगा। इसलिए संघ पहली बार मण्डल स्तर पर पथ संचलन निकालेगा। वहीं नगरीय क्षेत्रों में नगर स्तर पर पथ संचलन निकाला जायेगा। इसके लिए स्वयंसेवक अधिक से अधिक गणवेश बनवाने की तैयारियों में जुट गये हैं। 2 व 12 अक्टूबर के पथ संचलन के कार्यक्रम संपन्न होंगे। पथ संचलन को सफल बनाने के लिए प्रत्येक शाखा की वृहद सूची तैयार की जा रही है। पूर्व में संघ का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके संघ कार्यकर्ताओं को भी सक्रिय किया जा रहा है।

# आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । प्रयागराज कमिश्नरेट के एडिशनल पुलिस कमिश्नर डॉ. अजय पाल शर्मा ने त्रिवेणी सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के तात्कालिक और प्रभावी निस्तारण के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। बैठक में सभी जोन के डीसीपी, एसीपी और आईजीआरएस प्रभारी उपस्थित रहे। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के समाधान में लापरवाही या देरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता को संतोषजनक जवाब देने के साथ ही, निस्तारण की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों का समयबद्ध समाधान पुलिस की छवि सुधारने और जनता के विश्वास को मजबूत करने के लिए आवश्यक है।

# महिला पेंशन योजना से कोई भी पात्र महिला वंचित न रहे : बेबी रानी मौर्य



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज ।महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश की मंत्री बेबी रानी मौर्य ने रविवार को विभागीय मण्डलीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में मंत्री ने कहा कि पति की मृत्यु उपरांत महिला पेंशन योजना से कोई भी पात्र महिला वंचित न रहे, सभी पात्र महिलाओं को अनिवार्य रूप से लाभान्वित किया जाये। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19 एवं सामान्य), पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना, स्पांसरशिप योजना, वन स्टॉप सेंटर तथा कन्या सुमंगला योजना सहित सभी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने बाल वाटिका हेतु चिन्हित एवं संचालित केन्द्रों पर बच्चों की संख्या बढ़ाये जाने, खेल-खेल में शिक्षा देने, सीएसआर फंड से नयी पहल करने, बच्चों को पौष्टिक व्यंजन उपलब्ध कराने तथा पोषण वाटिका के निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को स्मार्ट केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए एलईडी टीवी सहित अन्य संसाधनों की आपूर्ति व इंस्टालेशन कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएं। नीति आयोग द्वारा प्रयागराज के आकांक्षात्मक विकास खंड बहरिया (गोल्ड) एवं कोरांव (सिल्वर) तथा कौशाम्बी के मंझनपुर व कनैली विकास खंडों को पुरस्कार मिलने पर मंत्री जी ने संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को बधाई दी। बैठक में महिला कल्याण विभाग के डिप्टी डायरेक्टर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित मण्डल के चारों जनपदों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंडल महिला कल्याण संगठन द्वारा वाराणसी मंडल पर ऑन स्पॉट निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। विगत वर्षों की भाँति केंद्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नई दिल्ली के तत्वावधान में मंडल महिला कल्याण संगठन,वाराणसी द्वारा वाराणसी मंडल के क्षेत्राधिकार में पड़ने वाले वाराणसी, छपरा, गोरखपुर, मऊ, बलिया, प्रयागराज रामबाग एवं सीवान जं0 स्टेशनों पर 6 वर्ष से 15 वर्ष के रेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए आज दिनांक-14.09.2025 रविवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन पूर्वाह्न 10.30 बजे से 12.30 बजे तक किया गया। पूर्वोत्तर रेलवे मंडल महिला कल्याण संगठन वाराणसी द्वारा ऑन स्पॉट निबंध प्रतियोगिता का आयोजन वाराणसी मंडल के कुल 07 स्टेशनों ( वाराणसी, प्रयागराज रामबाग, बलिया, मऊ, सिवान गोरखपुर और छपरा स्टेशनों) पर किया गया जिसमें लगभग 250 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

पूर्वोत्तर रेलवे मंडल महिला कल्याण संगठन वाराणसी की अध्यक्षा श्रीमती वाणी जैन ने अधिकारी क्लब,लहरतारा में प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मंडल महिला कल्याण संगठन की सचिव श्रीमती शालिनी पाण्डेय, सदस्याएं श्रीमती जागृति सिंह, श्रीमती नम्रता सिंह, श्रीमती सरिता केसरवानी और श्रीमती प्रियंका पाण्डेय उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन मुख्य हित निरीक्षक श्री जितेंद्र श्रीवास्तव ने किया।

प्रत्येक ग्रुप मे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा दो सांत्वना पुरस्कार दिये जाएंगे, जिनका वितरण नई दिल्ली मे महिला दिवस समारोह में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक ग्रुप को मण्डल स्तर पर भी मंडल महिला कल्याण संगठन वाराणसी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कोई प्रवेश शुल्क नही था।

ऑन स्पॉट निबंध प्रतियोगिता का संचालन मुख्य हित निरीक्षक श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन मंडल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष श्रीमती वाणी जैन द्वारा किया गया।

# फर्क साफ है के होर्डिंग सपा कार्यालय के बाहर विश्वकर्मा समाज ने लगाए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनावों की आहट से पूर्व ही होर्डिंग्स वार शुरू हो गया है और 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा से पहले ही फर्क साफ है। होर्डिंग समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर लगाकर विश्वकर्मा समाज ने अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं। होर्डिंग में फर्क साफ है तहत सपा और भाजपा के समय में विश्वकर्मा समाज को मिलने वाली सौगात की तुलना की गई है। समाजवादी पार्टी नेता इंजीनियर संदीप विश्वकर्मा की ओर से लगाई होर्डिंग में विश्वकर्मा समाज के मुद्दों पर समाजवादी पार्टी और भाजपा की तुलना की गई है। पोस्टर पर साफ लिखा ञ्फर्क साफ'' है। विश्वकर्मा समाज को समाजवादी पार्टी और भाजपा से अब तक क्या मिला है, की उपलब्धियां गिनाई गई हैं। होर्डिंग के पहले कलम में समाजवादी पार्टी की सरकार की उपलब्धियां बताई गई हैं, जिसमे लिखा है कि विश्वकर्मा पूजा की सरकारी छुट्टी। विश्वकर्मा समाज से पहली बार मंत्री बनाना। समाज को राजनीतिक पहचान और सम्मान देना। इंटर पास युवाओं को आईटीआई की डिग्री उपलब्ध कराना। भदोही की नाबालिग लक्ष्मी विश्वकर्मा हत्याकांड में पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता। इन तमाम बातों के आगे हरे रंग का टिक लगाकर सपा की उपलब्धियों को गिनाया गया है। वही होर्डिंग के दूसरे हिस्से में भाजपा सरकार निशाना साधा गया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि सपा सरकार में मिलने वाली छुट्टी और योजनाओं को भाजपा का ने खत्म कर दिया है। भाजपा के द्वारा की गई कार्रवाई के आगे ञ्रद्दङ्क और ञ्जीरोङ्क लिखा है। वहीं इंजीनियर संदीप विश्वकर्मा ने कहा भाजपा सरकार केवल हिंदू के नाम पर विश्वकर्मा समाज के साथ छलावा कर रही है। योगी सरकार 8 साल से प्रदेश में है लेकिन समाज को कुछ नहीं मिला। विश्वकर्मा समाज के साथ लगातार शोषण हो रहा है। उनका कहना है कि समाजवादी सरकार में विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी मिली थी जिसे रद्द कर दिया गया।

# नोनहरा हत्याकांड : योगी से मिले भाजपा के जिलाध्यक्ष व प्रभारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के नोनहरा थानाक्षेत्र में बीते दिनों भाजपा के दिव्यांग कार्यकता की पुलिस पिटाई से हुई मौत मामले में गाजीपुर भाजपा के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय, जिला प्रभारी डॉ राकेश त्रिवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने रविवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान पूरे मामले से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने डीजीपी को घटना की जांच एसआईटी से कराने के निर्देश दिए हैं। इस मुलाकात भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने मुख्यमंत्री को पूरे प्रकरण से अवगत कराया। करीब 30 मिनट तक हुई मुलाकात में मुख्यमंत्री ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। भाजपा के जिला प्रभारी ने बताया कि घटना को लेकर मुख्यमंत्री काफी दुखी व गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। उन्हें इंसाफ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने डीजीपी को फोन लगाकर घटना की एसआइटी जांच दूसरे जिले के एसपी स्तर के अधिकारी से जांच कराने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सरकार करेगी। घटना में जो भी दोषी होंगे, उन्हें बख्शा नही जाएगा। गौरतलब है कि बीते 11 सितंबर को नोनहरा थाना क्षेत्र के गठिया गांव में बिजली के खंभे लगाने के विरोध में नोनहरा थाने पर धरना के दौरान बर्बरता पूर्वक पुलिस पिटाई में घायल दिव्यांग भाजपा कार्यकर्ता सियाराम उर्फ जोखू उपाध्याय की मौत हो गई थी। उनका पूरा शरीर पिटाई से काला पड़ गया था। पुलिस पिटाई के बाद डर के कारण ठीक से उपचार भी नहीं हो सका। कार्यकर्ता की मौत के बाद सैकड़ों की संख्या में भीड़ ने करीब 15 घंटे तक लाश उठाने नहीं दिया। मांग थी कि नोनहरा थानाध्यक्ष समेत पूरे थाने के सिपाहियों को बर्खास्त करने के साथ ही हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा के गांव पहुंचने पर भी उग्र भीड़ ने नारेबाजी की।

# सेवा पर्व: 17 से दो अक्टूबर तक वन विभाग चलाएगा विशेष स्वच्छता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पर्व को वन विभाग 'स्वच्छ उत्सव' के रूप में भी मनाएगा। इस दौरान स्वच्छता अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक विरोधी अभियान, पक्षी अभयारण्यों में खर-पतवारों की सफाई के लिए भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों के संरक्षण आदि विषयों पर जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने इस संबंध में मुख्यालय व जनपद स्तर पर सभी अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। वहीं अभियान की देखरेख के लिए शासन व विभाग स्तर पर नोडल अधिकारी को भी नामित किया गया है।

शासन स्तर पर सचिव वन-पर्यावरण को बनाया नोडल अधिकारी 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक होने वाले सेवा पर्व के समन्वय व निगरानी के लिए शासन स्तर पर उप्र के पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव सुशांत शर्मा को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वहीं वन विभाग ने विभागीय स्तर पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (परियोजना) रामकुमार को आयोजन की सफलता के लिए नोडल अधिकारी नामित किया है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भी होगा पौधरोपण श्री चौधरी ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती (25 सितंबर) को प्रत्येक जनपद में पौधरोपण कार्यक्रम होगा। वन विभाग की ओर से आमजन, संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों को पौधा उपलब्ध कराया जाएगा। पं. उपाध्याय की जन्मदिवस पर एक घंटे का वृहद कार्यक्रम किया जाएगा। इसमें सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों, एनजीओ, रोटरी-लायंस क्लब, ग्राम पंचायत सदस्यों, शिक्षकों, उद्योगपतियों, मेडिकल एसोसिएशन आदि को भी शामिल किया जाएगा। साथ ही वन विभाग की सहयोगी संस्थाएं बाघ मित्र, सारस मित्र, वेटलैंड मित्र आदि भी इस कार्यक्रम की वाहक बनेंगी। 15 लाख पौधरोपण अभियान को भव्य बनाने को सौंपी गई जिम्मेदारी पौधरोपण महाभियान-2025 के मिशन निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि सेवा पर्व के दौरान प्रदेश में 15 लाख पौधरोपण होंगे। सेवा पर्व का शुभारंभ 17 सितंबर को होगा। इसमें सभी 34 नगर वन में कम से कम 100 पौधे रोपित किए जाएंगे। इसमें जनसहयोग, स्वयंसेवी संगठनों, स्कूलों, ईको क्लब, स्वयं सहायता समूह, सिविल सोसायटी आदि का भी सहयोग रहेगा। जिलाधिकारी, नगर विकास व अन्य विभागों से परामर्श कर स्थल का चयन किया जाएगा। नगरीय क्षेत्रों, नदी के कैचमेंट, तालाबों के किनारे आदि स्थानों पर पौधरोपण अभियान को प्राथमिकता दी जाएगी।

# निस्वार्थ भाव से समाज को आगे बढ़ाने के लिए सभी काम करे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। लोधी समाज में एकजुटता लाने के लिए हम सभी एक मंच पर एक साथ काम करना चाहिए ।आपस में ईर्ष्या की भावना को त्याग कर एक दूसरे के मदद के लिए हमेशा खड़े रहना चाहिए। जो लोग समाज में निस्वार्थ भाव से समाज के लिए काम कर रहे हैं उन्हें हमें ताकत देनी चाहिए। जब हम सब एकजुट रहेंगे तभी समाज तरक्की करेगा। यह सब चिंतन व विचार लोधी समाज के संभ्रांत लोगों ने एक सामाजिक बैठक में रखी। चिलौली आउटर रिंग रोड स्थित एक कार्यालय के सभागार में लोधी समाज की एक बैठक नगर लोधी क्षत्रिय राजपूत सभा लखनऊ के बैनर तले आयोजित हुई। बैठक का आयोजन पूर्व पार्षद भारत सिंह ,संजय लोधी ,राम शंकर राजपूत ,राजेंद्र लोधी राजू ने किया। बैठक में पूर्व पार्षद कुमकुम राजपूत ने अपने जीवन संघर्ष के बारे में बैठक में आए लोगों को बताया। उन्होंने बताया कि उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी समाज के लोगों की समस्या के समाधान के लिए हमेशा खड़ी रही ।उन्होंने आह्वान किया कि समाज के अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर एकजुट करे। पार्षद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह लोधी ने भी अपनी विचारों को व्यक्त किया। एडवोकेट किशन कुमार लोधी ने समाज को जागरूक करने के लिए अधिक से अधिक प्रचार व प्रसार करने की बात कही। राम शंकर राजपूत ने कहा समाज यदि तरक्की करना है तो आपस में ईर्ष्या भावना का त्याग कर आगे आए। पूर्व पार्षद भारत सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। बैठक में आए सभी लोगों की सहमति से संजय लोधी को नगर लोधी क्षत्रिय राजपूत सभा का लखनऊ जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। बैठक पूर्व प्रधान नंद कुमार राजपूत , एडवोकेट प्रमोद लोधी , ब्रह्मा नंद लोधी , कुंवर सिंह ,बृज लाल लोधी ,कमलेश लोधी ,बाबू लोधी ,जगन्नाथ लोधी ,मोहित राजपूत ,उदय लोधी ,सुभाष लोधी ,विजय राजपूत व सूरज लोधी समेत कई लोग बैठक में शामिल हुए।

# ग्रामीणों की सेहत के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सैकड़ों लोगों ने लिया लाभ, दवाएं वितरित कर जांच भी की गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज। लखनऊ ,मोहनलालगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुढ़ा मजरा केसरीखेडा में संकट मोचन हॉस्पिटल्स के सौजन्य से रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं।इस मौके पर शिविर का संचालन पूर्व प्रधान रविन्द्र यादव के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अंचलों में आज भी लोग आर्थिक स्थिति और संसाधनों के अभाव में समय पर इलाज नहीं करा पाते, इसी को ध्यान में रखते हुए यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है।शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने पहुँचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। डॉक्टरों की टीम ने रक्तचाप, मधुमेह, हड्डी रोग, सामान्य बीमारियों से संबंधित जांचें कीं और मरीजों को उचित परामर्श दिया। साथ ही जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं।शिविर में मौजूद डॉक्टरों ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी दी और स्वच्छता, संतुलित भोजन तथा नियमित जांच की महत्ता पर बल दिया।गांव के लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे शिविर समय-समय पर होने चाहिए, ताकि गरीब और जरूरतमंद लोग लाभ उठा सकें।इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधि,समाजसेवी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# देश को संवैधानिक विघटन की तरफ ले जाना चाहता है चुनाव आयोग : शाहनवाज़ आलम

**साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 212 वीं कड़ी में बोले कांग्रेस नेता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। केंद्र सरकार के दबाव में चुनाव आयोग ने एसआइआर के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट को ही चैलेंज नहीं किया है बल्कि देश को संवैधानिक विघटन की तरफ ढकेलने की कोशिश की है। यह भ्रष्ट चुनाव आयोग के माध्यम से देश पर तानाशाही थोपने की कोशिश है. जिसे देश बर्दाश्त नहीं करेगा। ये बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 212 वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट संविधान का अभिरक्षक है. इसलिए चुनाव आयोग या कोई भी संस्था यह नहीं कह सकती कि सुप्रीम कोर्ट उसके काम की समीक्षा या निगरानी नहीं कर सकता। उसके सामने यह भी विकल्प नहीं है कि वो कोर्ट से ये कहे सके कि वो उसे निर्देशित नहीं कर सकता कि उसे कब और क्या करना चाहिए। इसलिए चुनाव आयोग का सुप्रीम कोर्ट में दिया गया यह हलफनामा कि सुप्रीम कोर्ट उससे इलेक्टोरल रोल या एसआइआर कराने के समय पर सवाल नहीं कर सकता, सीधे-सीधे संविधान को चुनौती है। इसलिए यह राजद्रोह के दायरे में आता है जिसके आधार पर ज्ञानेश कुमार को न सिर्फ़ बर्खास्त कर देना चाहिए बल्कि गिरफ्तार कर जेल भी भेज देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज अगर चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के आदेश को मानने से इनकार कर रहा है तो कल पुलिस, सीबीआई और ईडी भी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को मानने से यह कहकर इनकार कर सकते हैं कि यह उसके कार्यक्षेत्र में है कि वो किसे गिरफ्तार करे और किसके घर छापा मारे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की इतनी गंभीर धमकी के बावजूद मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की चुप्पी भी संदेह पैदा करती है कि कहीं वो ख़ुद भी तो संवैधानिक विघटन के षड्यंत्र के हिस्सेदार नहीं हैं?

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि अब इसमें कोई दो राय नहीं रह गया है कि मोदी सरकार ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से सीजेआई को बाहर करने और चुनाव आयुक्त के खिलाफ़ किसी भी कोर्ट में मुकदमा चलाये जाने से दिए गए छूट का मकसद देश पर अपनी तानाशाही थोपना था। इन दोनों बुनियादों पर ही आज मोदी सरकार चुनाव आयोग के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट को चुनौती दे रही है. उन्होंने कहा कि देश की जनता अपने लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा और आरएसएस के किसी भी षड्यंत्र को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

# अखिलेश यादव ने दो मेधावियों को दिया लैपटॉप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से रविवार को दो मेधावियों उजमा बानो तथा शैलेश सिंह चौहान ने भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। अखिलेश यादव ने उन्हें लैपटॉप दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान मेधावियों ने कहा कि अखिलेश जैसा विजन किसी और नेता में नहीं है। उन्होंने जो लैपटॉप दिया उसके लिए सराहना के शब्द काफी नहीं होंगे।

उजमा बानो लखनऊ निवासी मोहम्मद आरिफ की पुत्री है। आईटी पीजी कॉलेज लखनऊ में फूड ऐंड न्यूट्रिशन में एमएससी में 2025 बैच की वह टॉपर है। उन्होंने गत वर्ष यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा में 99.33 प्रतिशत अंकों से सफलता प्राप्त की थी। बलिया जनपद निवासी सुरेन्द्र सिंह चौहान के पुत्र शैलेश कुमार चौहान ने राजकीय पॉलिटेक्निक लखनऊ से सिविल इंजीनियरिंग ट्रेड में प्रथम टॉप रैंक हासिल की है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के नेता फखरूल हसन चांद, पूर्व ब्लाक प्रमुख दद्न खां, जुबैर आजमी, मोहम्मद आमिर तथा सुशील चौहान ने भी अखिलेश यादव से भेंट की और उन्हें 2027 में समाजवादी पार्टी की जीत तथा उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

# मोहनलालगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई अवैध साइलेंसर वाली दो बुलेट सीज

**चार पहिया वाहनों में लगी ब्लैक फिल्म पर अभियान तेज**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। लखनऊ ,मोहनलालगंज क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधारने और शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना मोहनलालगंज पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। विशेष चेकिंग अभियान के तहत पुलिस टीम ने शनिवार को दो बुलेट मोटरसाइकिलों को सीज कर लिया।सीज की गई मोटरसाइकिलों के नंबर यू.पी. 32 एल.क्यू. 4879 और यू.पी. 32 जे.एल. 0626 हैं। पुलिस जांच में पाया गया कि इन बुलेटों के साइलेंसरों में अवैध बदलाव किया गया था। तेज़ और पटाखे जैसी आवाज़ें निकालने वाले ये साइलेंसर न केवल ध्वनि प्रदूषण फैला रहे थे बल्कि लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल भी पैदा कर रहे थे।

थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि इस तरह के वाहनों के खिलाफ युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इंस्पेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि चार पहिया गाड़ियों पर लगी ब्लैक फिल्मों के खिलाफ भी लगातार अभियान चल रहा है। नियमों के खिलाफ पाए जाने वाले वाहनों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध परिवर्तन न करें।

## राष्ट्रीय कल्याण मंच की बैठक संपन्न



लखनऊ। राष्ट्रीय कल्याण मंच की कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनोद कुमार रावत ने की। संचालन प्रदेश सलाहकार सोमशंकर गौतम ने किया ।

कार्यक्रम 24 अक्टूबर को संपन्न हुआ। इस मौके पर संगठन विस्तार पर जोर दिया गया। विधानसभा क्षेत्र मोहनलाल गंज युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी भी मनोनीत किया गया। अन्य पदाधिकारी भी चुने गए। बैठक मे प्रमुख रूप से वीना रावत, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, नीलमणि रावत, व राजकपूर रावत राष्ट्रीय सलाहकार, आदि,मौजूद रहे।

# इंजीनियर इंजीनियर्स डे महज औपचारिकता : शैलेन्द्र दुबे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बातचीत में शैलेन्द्र दुबे ने बताया भारत में इंजीनियर्स डे (15 सितंबर) को हर साल मनाया तो जाता है। लेकिन जिस तरह नीति निर्धारण से लेकर शीर्ष प्रबंधन तक आई ए एस काबिज हो गए हैं और अभियंताओं को हाशिए पर धकेल दिया गया है उससे अब यह महज औपचारिकता तक सीमित रह गया है। इंजीनियरों की समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद उनकी स्थिति और सम्मान को लेकर कई चुनौतियाँ हैं। नीति निर्धारण और शीर्ष प्रबंधन में इंजीनियरों को हाशिए पर रखा जाना एक गंभीर समस्या है। जिसके कई कारण और समाधान हो सकते हैं।

आइए इस पर गहराई से विचार करें: त्समस्या के प्रमुख कारण प्रशासनिक प्रभुत्वः भारत में नीति निर्धारण और शीर्ष प्रबंधन में आई ए एस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारियों का वर्चस्व है। इंजीनियरिंग विभागों में भी गैर-तकनीकी लोग अक्सर नेतृत्वकारी भूमिकाओं में होते हैं। जिससे तकनीकी विशेषज्ञता की अनदेखी होती है। इंजीनियरों को अवसर ''कार्यकारी'' के रूप में देखा जाता है। न कि नीति निर्माता के रूप में। इससे उनकी रणनीतिक और नेतृत्वकारी भूमिका सीमित हो जाती है।

सामाजिक धारणाःभारत में आई ए एस या प्रशासनिक सेवाओं को सामाजिक रूप से अधिक प्रतिष्ठित माना जाता है। जिसके कारण इंजीनियरिंग पेशे को कमतर आँका जाता है। विकसित देशों में इंजीनियरों को नीति निर्माण और नेतृत्व में महत्वपूर्ण भूमिका दी जाती है। जैसे जर्मनी] जापान और अमेरिका में] जहाँ इंजीनियरिंग नवाचार और तकनीकी नेतृत्व को बढ़ावा दिया जाता है। भारत में राजनैतिक इच्छा शक्ति की कमी के चलते यह दृष्टिकोण अभी पूरी तरह विकसित नहीं हो पाया है।

इंजीनियरों को सम्मान दिलाने के लिए संभावित समाधान नीति निर्माण में इंजीनियरों की भागीदारी बढ़ानाः इंजीनियरिंग विभागों में सचिवालय के शीर्ष पदों के लिए तकनीकी विशेषज्ञता को अनिवार्य करना चाहिए।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला पर जानलेवा हमला,आरोपी युवक गिरफ़्तार

**मलिहाबाद पुलिस नें मनचले दबंग युवक पर दर्ज किया मुक़द्दमा**

मलिहाबाद/लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। महिला सशक्तिकरण की आवाज़ उठाने वाली महिला कार्यकर्ता पर दबंग युवक ने बीच सड़क पर छेड़छाड़ और हमला कर सनसनी फैला दी। पीड़िता की तहरीर पुलिस नें संगीन धाराओं में मुक़द्दमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ़्तार कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार एक एनजीओ से जुड़ी महिला पर मोहम्मद नगर रहमान नगर निवासी शब्बीर शेख पुत्र मुज्जा शेख ने लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने की कोशिश की। शनिवार को दोपहर क़रीब 12:30 बजे पीड़िता अपने दफ्तर के सामने खड़ी थीं। तभी आरोपी शब्बीर वहां आ गया और उसे बुरी तरह से पीटकर जान से मारने का प्रयास किया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो हमलावर धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। पीड़िता का कहना है कि आरोपी इससे पहले भी कई बार रास्ते में रोककर छेड़छाड़ कर धमकी दे चुके हैं। पीड़िता का आरोप है कि हेल्पलाइन नंबर 1090 पर शिकायत दर्ज कराने के बावजूद अब तक किसी भी तरह की कार्रवाई न होने से पीड़िता व स्थानीय महिलाएं बेहद आक्रोशित हैं। पीड़िता की तहरीर पर मलिहाबाद पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुक़द्दमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ़्तार कर विधिक करवाई शुरू कर दी।

## दुर्गा स्वरूपा सम्मान से नवाजी गई 13 विभूतियां

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार को गोमती नगर में दुर्गा स्वरूपा सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, विशिष्ट अतिथि नम्रता पाठक व बिंदू बोरा रही। समारोह में 13 विभूतियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षकों और छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर सेलेब्रिटी गेस्ट रोनी शाह व भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी मौजूद रहे।

## मामा कॉलोनी में नहीं पहुंची मदद, ना पड़ा मलवा, ना लगी एलईडी लाइटें : ममता त्रिपाठी

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड की मामा कॉलोनी का फैजुल्लागंज की सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी ने स्थलीय निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण में उन्होंने बताया कि इस दौरान दर्जनों घरों में लोग मलेरिया टाइफाइड व तेज बुखार से पीड़ित मिले, उन्होंने घर घर जाकर सभी का हाल चाल जाना और सभी निवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग स्वयं ही अपने आसपास की सफाई का ख्याल रखें, जलजमाव वाले स्थानों पर स्वयं ही जला हुआ मोबिल ऑयल या केरोसिन आयल का छिड़काव करें, हर काम के लिए नगर निगम के भरोसे रहना ठीक नहीं है। घरों का कूड़ा आसपास के खाली प्लाटों में बिल्कुल न डालें, यदि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की गाड़ी न आए तो शिकायत करें। ममता ने लोगों से बातचीत में कहा की जलभराव के बाद 25 अगस्त को विधायक डॉ नीरज बोरा क्षेत्र के निरीक्षण पर पहुंचे थे और 50 डम्फर मलवा और एलईडी लाइटें लगवाने की बात कही परंतु हमेशा की तरह जनता से किए गए उनके वादे सिर्फ हवा हवाई साबित हुए आज तक क्षेत्र में कोई काम नहीं हुआ। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में ऐसे जनप्रतिनिधि को सत्ता से बाहर करें।

## आज बीकेटी के पहाड़पुर में आयोजित होगा सपा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन

बीकेटी, लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बूथ अध्यक्षों का एक दिवसीय सम्मेलन आज बीकेटी के पहाड़पुर चौराहा पर आयोजित होगा।उक्त जानकारी देते हुए नगर पंचायत महोना के पूर्व चेयरमैन एन. इशरत बेग ने बताया कि समाजवादी पार्टी बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए पहले ही बूथ कमेटियों का गठन कर चुकी है,सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक स्तर पर बूथ सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक बीकेटी अंतर्गत पहाड़पुर चौराहे पर प्रातः 11:00 बजे से एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन होगा,इसमें जोनल प्रभारी सेक्टर प्रभारी और बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।बेग ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि सपा के प्रादेशिक महासचिव एवं विधायक अताउर्रहमान होंगे और सम्मेलन के आयोजक बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजेंद्र यादव होंगे।इस एक दिवसीया बूथ सम्मेलन में मुख्य रूप से सांसद आरके चौधरी,पूर्व विधायक गोमती यादव,जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत, महासचिव शब्बीर खान,सपा के प्रादेशिक सचिव दिनेश सिंह,प्रादेशिक सचिव विजय यादव,बीकेटी नगर पंचायत अध्यक्ष गनेश रावत,ब्लॉक प्रमुख चिनहट उषा सेन,पूर्व ब्लाक प्रमुख रंजीत यादव,सपा के युवा नेता शिवेंद्र यादव हनी,विधानसभा अध्यक्ष अजय रावत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के प्रमुख नेता उपस्थित रहेंगे!

# अखिलेश यादव ने दी हिन्दी दिवस की बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में आज हिन्दी दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सभी को हिन्दी दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्व की समृद्ध भाषाओं में हिन्दी का प्रमुख स्थान है। आजादी के आंदोलन में हिन्दी का बड़ा योगदान रहा है। इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हिन्दी समाज को एकता के सूत्र में पिरोने वाली भाषा है। सभी भारतीय भाषाएं समान है। सभी भारतीय भाषाओं का विकास होना चाहिए। भाषाओं का सम्बंध धर्म से नहीं है। अखिलेश यादव ने याद दिलाया कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने भारतीय भाषाओं के विकास के लिए बहुत काम किया था। अंग्रेजी पर निर्भरता कम की। प्रचार, प्रसार और सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया हिन्दी भाषा के पक्षधर थे। अखिलेश यादव ने कहा कि पहले पीसीएस परीक्षायें अंग्रेजी में होती थी समाजवादी पार्टी की सरकार में नेता जी ने हिन्दी भाषा में भी पीसीएस परीक्षा देने का प्रावधान किया था। हिन्दी के साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने पूर्व सांसद एवं प्रख्यात कवि उदय प्रताप सिंह का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया।

# दीवार काटकर घर में घुसे चोर, लाखों के गहने व नगदी चोरी कर फ़रार

**पीड़ित ने मलिहाबाद कोतवाली में दर्ज कराई एफआईआर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





मलिहाबाद/लखनऊ। बेखौफ चोरों नें बीती रात एक घर की दीवार काटकर सेंधमारी की और पेटी व बक्सा उठा ले गए। उसमें रखे गहनों व नकदी समेत करीब 1.60 लाख रुपये का माल चोरी हो गया। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। मलिहाबाद के मोहम्मदनगर रहमतनगर गांव निवासी कुंवारे ने पुलिस को बताया कि शनिवार देर रात करीब एक बजे चोर उनके घर के पिछले हिस्से से घुस आए। उन्होंने दीवार काटकर पेटी व बक्सा बाहर निकाला और उसमें रखे कपड़े, एक चांदी का सेट, मंगलसूत्र, सोने-चांदी के अन्य जेवर तथा करीब दस हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। सुबह जब परिजनों ने पेटी व बक्सा गायब देखा तो हड़कंप मच गया। काफी तलाश के बाद भी सामान का कोई सुराग नहीं मिला। इसी तरह नई बस्ती धनेवा गांव निवासी अनिल कुमार रावत ने भी अपने ट्यूबवेल से कृषि उपकरण चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस संबंध में इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है और जल्द ही चोरों का सुराग लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# टूटते परिवारों को पुनः जोड़ना ही प्राथमिकता : शिल्पी शुक्ला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





लखीमपुर खीरी । महिला थाना प्रभारी निरीक्षक शिल्पी शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा-निर्देशन में रविवार को महिला थाना परिसर में पारिवारिक विवादों को सुलझाने का सराहनीय प्रयास किया। थाना प्रभारी के साथ उपनिरीक्षक विभा यादव और काउंसलर क्षमा टंडन, नीति गुप्ता, कुसुम गुप्ता व कय्यूम जरवानी ने मिलकर पति-पत्नी के बीच चल रहे झगड़ों को आपसी समझौते और संवाद के जरिए दूर करने का कार्य किया। थाने में कुल 22 प्रार्थना पत्र पारिवारिक विवादों से संबंधित प्रस्तुत किए गए थे। इनमें घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में रहने को लेकर विवाद, आपसी मनमुटाव और खर्च-इलाज से जुड़े मामले सामने आए। काउंसलिंग के दौरान आपसी सहमति से 15 जोड़े पुनः साथ रहने और विदाई के लिए तैयार हो गए, जिससे टूट रहे परिवारों को एक बार फिर से जोड़ा जा सका।

इनमें एक संवेदनशील मामला थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम गोविंद नगर सलेमपुर का था, जहां गर्भवती पत्नी और उसके पति के बीच इलाज और देखभाल के खर्च को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। पत्नी ने शिकायत की थी कि गर्भवस्था के दौरान उसकी ठीक से देखभाल नहीं की जा रही है। पति, जो थाना निघासन के ग्राम बुद्धीपुरवा का निवासी है, का कहना था कि जब पत्नी उसके साथ रहना शुरू करेगी तभी वह सभी खर्च उठाएगा। इस मामले में विस्तृत काउंसलिंग की गई और पति ने सार्वजनिक रूप से पत्नी की देखभाल, इलाज और खर्च की जिम्मेदारी लेने का वादा किया। इसके बाद पत्नी ने भी अपने पति के साथ रहने की सहमति जताई और वह विदा होकर अपने घर चली गई। वहीं, 7 अन्य मामलों में पति-पत्नी के बीच गहरे मतभेद और मनमुटाव की स्थिति बनी रही। ऐसे मामलों में दोनों पक्षों की सहमति से उन्हें सोचने-समझने और निर्णय लेने के लिए समय दिया गया है। महिला थाना प्रभारी शिल्पी शुक्ला ने इस अवसर पर कहा ऽ

टूटते परिवारों को पुनः दाम्पत्य संबंधों में जोड़ना ही हमारी प्राथमिकता है। हमारा प्रयास यही है कि छोटी-छोटी गलतफहमियों और विवादों की वजह से परिवार बिखरने न पाएँ। संवाद और काउंसलिंग से अधिकतर विवाद हल हो सकते हैं। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने महिला थाना टीम और काउंसलरों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक माहौल बनाने और परिवारों को जोड़े रखने में बेहद महत्वपूर्ण हैं।

# गुमशुदा किशोर सौरभ हत्याकांड का मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी । थाना भीरा क्षेत्र के बहुचर्चित गुमशुदा किशोर सौरभ हत्याकांड में वांछित अभियुक्त इरशाद पुत्र वहीद खान को पुलिस ने रविवार को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक देशी तमंचा, एक खोखा व एक जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुए। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी गोला के मार्गदर्शन तथा थाना भीरा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। घटना के संबंध में आरोपी इरशाद पर मुकदमा अपराध संख्या 344/25 धारा 109(2) बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना की पृष्ठभूमि- 06 सितंबर 2025 की शाम करीब 7:30 बजे अभियुक्त इरशाद ने अपने साथियों शादाब पुत्र इकरार, रियासत खान पुत्र बाबू खान और जीशान पुत्र शेरू अली के साथ मिलकर 15 वर्षीय किशोर सौरभ पुत्र विजय कुमार लोधी (निवासी ग्राम लालजीपुरवा, थाना भीरा) को पूर्व मित्रता के बहाने अपने निर्माणाधीन मकान पर बुलाया। वहाँ उसे बंधक बनाकर फिरौती वसूलने का प्रयास किया गया।

सौरभ के विरोध करने पर आरोपियों ने गला घोटकर उसकी हत्या कर दी और शव को दो मोटरसाइकिलों से करीब 4 किमी दूर गन्ने के खेत में छिपा दिया। अगले दिन 07 सितंबर को सौरभ के पिता विजय कुमार की तहरीर पर थाना भीरा में मुकदमा अपराध संख्या 337/2025 धारा 137(2) बीएनएस दर्ज हुआ। जांच के दौरान हिरासत में लिए गए शादाब और रियासत ने जुर्म कबूल करते हुए सौरभ का शव और मोबाइल बरामद कराया। जिसके आधार पर मामले को धारा 140(1)/103(1)/238 बीएनएस में तरमीम किया गया। पुलिस अब फरार आरोपी जीशान की तलाश में जुटी है।

# जामुन–आम की अवैध कटाई से उजड़ रहा हरियाली का हक, वन विभाग बना मूक दर्शक



धौरहरा (खीरी)। विकासखंड ईसानगर के ग्राम मिलिक में बीती रात आम और जामुन जैसे प्रतिबंधित फलदार पेड़ों की अवैध कटाई ने पर्यावरण संरक्षण की सरकारी नीतियों की पोल खोल दी। कुल 15 पेड़–7 जामुन और 8 आम–ठेकेदार कलीम अहमद द्वारा काटे गए, जबकि विभागीय अनुमति तक नहीं थी।

वन विभाग की भूमिका संदिग्ध- रेंजर नरेंद्र चतुर्वेदी ने परमिट जारी न होने की बात स्वीकार की और जांच कर तत्काल संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए कहा है जबकि फॉरेस्ट गार्ड ने ''सिर्फ जलौनी लकड़ी'' की कटाई की सूचना दी थी। ठेकेदार ने खुद कबूला कि कटाई से पहले 'हिस्सा' विभागीय अफसर फॉरेस्ट गार्ड कों पहुंचाया गया था, जिससे वन विभाग की मिलीभगत की बू साफ महसूस होती है।

माफिया बेलगाम, विभाग बेपरवाह- ग्रामीणों का कहना है कि धौरहरा रेंज लकड़ी माफियाओं का अड्डा बन चुका है। प्रतिबंधित पेड़ों की लकड़ी खुलेआम बाजारों में बिक रही है, और पर्यावरणीय नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं।

जनहित में उठीं आवाजें-स्थानीय लोग पूरे मामले की स्वतंत्र जांच, दोषियों पर क्कस्ट और अविलंब पौधारोपण अभियान की मांग कर रहे हैं।

# धौरहरा में सात दिवसीय अग्नि सचेतक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



धौरहरा (खीरी) । उत्तर प्रदेश सरकार के फायर सर्विस मुख्यालय, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद के प्रत्येक विकासखंड स्तर पर 100 अग्नि सचेतकों को प्रशिक्षण दिए जाने की योजना के तहत धौरहरा विकासखंड में सात दिवसीय अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 अगस्त 2025 से प्रारंभ होकर फायर स्टेशन परिसर, धौरहरा में आयोजित किया गया, जिसमें करीब 50 अग्नि सचेतकों को शामिल कर अग्निकांड की स्थिति में आवश्यक उपकरणों के प्रयोग, रेस्क्यू तकनीकों और प्राथमिक सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्यः त्वरित आपदा प्रबंधन कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में अग्निकांड जैसी आपदाओं पर त्वरित नियंत्रण स्थापित करना तथा स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित जनशक्ति तैयार करना है, जो आपात स्थितियों में रेस्क्यू व राहत कार्यों में सहयोग कर सके। फायर अफसर ने दी तकनीकी जानकारी फायर स्टेशन प्रभारी मोहम्मद असलम ने बताया कि यह प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ से प्राप्त आदेश के क्रम में संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत प्रदेश के हर विकासखंड से 100-100 अग्नि सचेतकों को प्रशिक्षित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। धौरहरा में आयोजित प्रशिक्षण शिविर इसी कड़ी का हिस्सा है। शिविर में प्रतिभागियों को आग बुझाने वाले यंत्रों के संचालन, गैस सिलेंडर से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम, अग्निकांड के दौरान प्राथमिक उपचार तथा सुरक्षित बचाव प्रक्रिया जैसी ।

# बरेली में 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक रोज लगेगा स्वास्थ्य मेला

**एजेंसी**




बरेली। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक एवं प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण ने रविवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेशभर में ल्लस्वस्थ नारीऽसशक्त परिवार अभियानङ्क को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बरेली से जिलाधिकारी अविनाश सिंह, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, एसीएमओ डॉ. राकेश कुमार व डॉ. अमित कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ. लईक अहमद अंसारी, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. अजमेर सिंह और टीएसयू अरुण पाण्डेय शामिल हुए। जिलाधिकारी ने बताया कि शासनादेश के निर्देशानुसार जनपद बरेली में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रत्येक दिन निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। अभियान का शुभारम्भ 17 सितम्बर को जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सामुदायिक, प्राथमिक व नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर होगा। 17 सितम्बर और 1 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित होंगे। अभियान के तहत जनपद के कुल 488 स्वास्थ्य केन्द्रों- 16 सीएचसी, 26 नगरीय पीएचसी, 355 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और 36 शहरी आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य शिविर लगेंगे। इनमें विशेषज्ञ चिकित्सक महिलाओं के गैर-संचारी रोगों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख कैंसर, स्तन कैंसर व गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच करेंगे।

इसके साथ ही क्षय रोग की स्क्रीनिंग, किशोरियों-महिलाओं में एनीमिया परीक्षण, सिकल सेल रोग परामर्श, गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच, टीकाकरण सेवाएं और मानसिक स्वास्थ्य पर जन-जागरूकता कार्यक्रम भी होंगे। मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण परामर्श तथा स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से पोषण संवर्धन गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। यही नहीं, तेल और चीनी का उपयोग कम करने का विशेष अभियान भी चलेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लाभार्थियों का पंजीकरण, ई-कार्ड व आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) कार्ड भी वितरित किए जाएंगे। अधिकारियों ने अपील की है कि अधिक से अधिक महिलाएं व परिवार इस स्वास्थ्य महाअभियान से जुड़कर लाभ उठाएं।

# भिठौरा पीएचसी का डिप्टी सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं की सराहना



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। रविवार को अवकाश के बावजूद डिप्टी सीएमओ डॉ. विकास मिश्रा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिठौरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की कमी नहीं पाई गई। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली की सराहना की। इस दौरान मौके पर डॉ. ओ.पी. चौरसिया, फार्मासिस्ट राकेश मिश्रा, लैब टेक्नीशियन आशीष कुमार, स्टाफ नर्स पूनम पाल एवं प्रीति, वार्ड बॉय अंकित तथा आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। डिप्टी सीएमओ ने पीएचसी भिठौरा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमार के कार्यों की भी प्रशंसा की।

## दहेज उत्पीड़न में पत्नी की तहरीर पर पति सहित ससुरालजन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कमलापुर क्षेत्र के ग्राम लभठौरा निवासी एक महिला ने अपने पति और ससुरालजनों पर दहेज उत्पीड़न और मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता राजेश्वरी पुत्री अहबरन निवासी गनेशपुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी शादी 5 मई 2025 को हिन्दू रीति–रिवाज के अनुसार कृष्णा उर्फ पंकज कुमार पुत्र लाल बहादुर, निवासी लभठौरा थाना मछरेहटा से हुई थी। शादी के बाद से ही पति कृष्णा उर्फ पंकज, जेठ महेश, ससुर लाल बहादुर और सास गुड्डी लगातार दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि 6 सितम्बर की रात करीब 9 बजे चारों आरोपियों ने दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने घटना की जानकारी उसी दिन अपने भाई चकेत को दी, जिसने उसे मायके लाकर सुरक्षित रखा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति कृष्णा उर्फ पंकज कुमार सहित चार लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 85, 115(2), 351(3) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3/4 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## माधवपुरवा मोड़ पर ट्रैक्टर–ट्रॉली की टक्कर से मासूम की मौत, युवक गंभीर घायल

धौरहरा (खीरी) कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना धौरहरा क्षेत्र के माधवपुरवा मोड़ पर रविवार दोपहर करीब 12:45 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में 7 वर्षीय लकी पुत्र राजेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका मौसा देशराज (32 वर्ष) पुत्र सोहनलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों मोटरसाइकिल (ठप्31एइ 1952) से माधवपुरवा की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रही ईंटों से लदी तेज रफ्तार ट्रैक्टर–ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में मासूम लकी की मौके पर ही मौत हो गई। घायल देशराज को 108 एंबुलेंस से सीएचसी धौरहरा भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी शिवाजी दुबे ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है, जिसकी तलाश जारी है। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल ।

## वाह रे प्रशासन.. बाढ़ पीड़ितो को कब मिलेगी राशनकिटे,नहीं मिल रही कोई राहत

निघासन खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण अभी तक पुरैना,सेमरापुरवा,आदि बाढ़ से ग्रसित गांवों में राशन किटो का वितरण नहीं हो सका है,इधर पूर्व लेखपाल शिवम गुप्ता ने पिछले साल आई बाढ़ में किसानों के मिलने वाले मुआवजे में जमकर बंदरबांट किया था।ठीक पुराने लेखपाल के नक्शेकदम पर वर्तमान लेखपाल अभिशेष श्रीवास्तव भी निकल पड़ा है, बाढ़ से प्रभावित गांवों की सुध लेने की बजाय किसानों के मिलने वाले फसल नुकसान मुआवजे में जुटा पड़ा है,लोगों से कमरे पर आकर मिलने से लेकर सर्वे के बहाने दस्तावजे एकत्रित कर रहा है।डीएम साहब अगर इन दोनों लेखपालों की अच्छे ढंग से जांच हो जाए तो निकलेगा करोड़ों का घपला,वही तहसील प्रशासन बाढ़ पीड़ितो को मिलने वाली राहत सामग्री का वितरण समय रहते नहीं करेगा तो पुरैना,सेमरापुरवा गांव के ग्रामीण पहुंच जाएंगे भुखमरी की कगार पर,फसलें भी पूरी तरह से बर्बाद कर चुके ग्रामीणों को अब नहीं बचा कोई सहारा।

## कौन बनेगा रमन और कौन बनेगी क्यूरी कार्यक्रम की तिथियां घोषित

औरैया कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के सहार स्थित स्वामी विवेकानन्द इण्टर कॉलेज में विज्ञान के प्रति छात्रों में जिज्ञासा, वैज्ञानिक सोच और अनुसंधान की अभिरुचि विकसित करने हेतु आयोजित होने वाले बहुचर्चित कार्यक्रम ल्लकौन बनेगा रमन और कौन बनेगी क्यूरीङ्क के सातवें संस्करण की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता रामेन्द्र सिंह कुशवाहा द्वारा वर्ष 2019 में आरंभ किए गए इस नवोन्मेषी कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 1 से 12 तक के छात्र–छात्राएं प्रतिभाग करते हैं। इस वर्ष का आयोजन 2 अक्टूबर गांधी जयंती से प्रारम्भ होकर 7 नवम्बर को नोबेल पुरस्कार विजेता भारतीय वैज्ञानिक सी.वी. रमन और विश्व स्तरीय महिला वैज्ञानिक मैडम क्यूरी की जयंती तक चलेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा में 02अक्टूबर (गांधी जयंती)को विद्यार्थियों द्वारा किसी नैतिक कार्य का फोटो अथवा वीडियो ऑनलाइन प्रेषित करना होगा। 15 अक्टूबर (डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जयंती): विज्ञान अथवा वैज्ञानिक पर आधारित रील शॉर्ट वीडियो बनाना होगा। 30 अक्टूबर (डॉ. होमी भाभा जयंती) भारतीय परमाणु कार्यक्रम के जनक डॉ. होमी जहांगीर भाभा की जयंती पर निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरूप लिखित परीक्षा का आयोजन होगा। 07 नवम्बर (सी.वी. रमन व मैडम क्यूरी जयंती) विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन एवं आई एम रमन तथा आई एम क्यूरीङ्क अवार्ड प्रदान किए जाएंगे।

# हिंदी दिवस पर नेशनल पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी

**एजेंसी**




औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के फफूंद में रविवार को नगर के पाता मार्ग स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर भव्य सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी भाषा के गौरव को उजागर करना और उसके सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा देना था। आयोजन में स्कूल परिवार, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विशिष्ट अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि एडवोकेट अमरेश पांडेय ने मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अजीत द्विवेदी ने की, जबकि संचालन रामजी मिश्रा ने किया। आयोजन सोशल वेलफ़ेयर कमेटी और नेशनल पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम में ल्लहिंदी हमारा गौरवङ्क तथा शिक्षक दिवस जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में जिला टॉपर अभ्यांश पाल, ग्राम प्रधान व अधिवक्ता अमरेश पांडेय, विशिष्ट अतिथि डॉ. गोविंद द्विवेदी, अपर्णा सिंह (राष्ट्रीय संयोजक, के.बी.टी. प्रोफ़ेशनल विंग) समेत सेवानिवृत्त शिक्षक शिवप्रसाद स्वर्णकार को शिक्षा में योगदान, डॉ. अजीत द्विवेदी को साहित्यिक योगदान तथा सामाजिक कार्यकर्ता व सभासद प्रतिनिधि आसिफ राईन को समुदाय सेवा के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया।

सोशल वेलफ़ेयर कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी, उपाध्यक्ष अफजल अंसारी, सुनील यादव, अखिलेश पाल व बाबूराम राजपूत सहित कई गणमान्य लोगों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। सभी ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और सामाजिक उत्थान पर प्रेरणादायक विचार रखे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण काव्य गोष्ठी रही, जिसमें कवियों और साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने हिंदी के महत्व को रेखांकित किया। समापन भाषण में डॉ. अजीत द्विवेदी ने हिंदी को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए सभी से इसे अपनाने और आगे बढ़ाने का आह्वान किया। अंत में ल्लहिंदीऽहमारा गौरवङ्क के नारे लगाकर कार्यक्रम का समापन हुआ। यह आयोजन हिंदी दिवस के साथ-साथ समाज में साहित्यिक उत्साह और सकारात्मक बदलाव का मंच सिद्ध हुआ।

## अजीतमल में बेसिक शिक्षकों की क्रिकेट प्रतियोगिता, बीएसए इलेवन बनी चैंपियन

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में जन महाविद्यालय अजीतमल में रविवार को क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में जिला स्तरीय बेसिक शिक्षकों की क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पूरे दिन रोमांचक मुकाबलों के बीच बीएसए इलेवन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन टॉस कराकर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री अरविंद राजपूत ने किया। प्रतियोगिता में जिले की चार टीमें शामिल हुईं। इनमें अछल्दा, औरैया, अजीतमल तथा बीएसए इलेवन ने भाग लिया।

औरैया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 89 रन बनाए। जवाब में अछल्दा ने बेहतरीन खेल दिखाया और 91 रन बनाकर 5 विकेट से जीत दर्ज की। मोहम्मद रिजवान ने 32 रन की शानदार पारी खेली, जबकि विकास मिश्रा ने 5 विकेट लेकर 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब पाया।

बीएसए इलेवन ने पहले बल्लेबाजी कर 82 रन बनाए। अजीतमल ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 5 विकेट पर 84 रन बनाकर जीत हासिल की।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 49059 वादों का निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ द्वार दिनांक 13.09.2025 को जनपद बदायूँ में समय पूर्वान्ह 10:30 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। विवेक संगल, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ द्वारा जनपद न्यायालय, बदायूँ परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा विचार व्यक्त किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को राष्ट्रीय लोक कल्याणकारी दिवस के रूप में आयोजित किया जाना चाहिए एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगणों व बैंक अधिकारीगणों को अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए अग्रिम बधाई दी। विवेक संगल, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूं द्वारा अपने वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत एक पर्व है जहां पर पक्षकार अपने-अपने हितों के अनुरूप आपसी समझौते के आधार पर सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा बैंक अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को धन्यवाद करते हुये कहा कि आम-जन अपने बैंक विवादों को आपसी समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते हैं। शिव कुमारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय में जानकारी देते हुये बताया कि आम-जन न्यायालय में लम्बित विवादों जैसे आपराधिक शमनीय वाद, एन0आई0 एक्ट-अन्तर्गत धारा 138 मोटर दुर्घटना सम्बन्धित वाद, वैवाहिक पारिवारिक विवाद श्रम सम्बन्धी वाद, भूमि अधिग्रहण सम्बन्धी याद किरायेदारी, ट्रेफिक चालान, राजस्व बाद, विद्युत बिल आदि विवादों का निस्तारण इस राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से करवा सकते है। इसी क्रम में उनके द्वारा सभी को राष्ट्रीय लोक अदालत सफल बनाये जाने हेतु अपना-अपना सहयोग दिये जाने की अपील की गयी।

राष्ट्रीय लोक अदालत में माननीय प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, बदायूं एवं माननीय अपर प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, बदायूं द्वारा अपने न्यायालयों में आपसी समझौते के आधार पर कुल 210 पारिवारिक विवादों का निस्तारण किया गया। मचला अग्रवाल, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बदायू द्वारा कुल 16 मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाओं का निस्तारण कर अंकन 9435000/- रुपये की धनराशि पीड़ितों को बतौर क्षतिपूर्ति दिलायी गयी। उपभोक्ता फोरम द्वारा 09 वादों में से 07 वादों का निस्तारण कर अंकन 2040242.../- रुपये की धनराशि पीड़ितों को बतौर क्षतिपूर्ति दिलायी गयी।

# हिन्दी साहित्यकारों को दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। क्लब में हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर दिवंगत हिन्दी साहित्यकारों की श्रद्धांजलि में तर्पण कार्यक्रम का आयोजन, दिवंगत साहित्यकारों के परिजनों का हुआ सम्मान, कविताओं से दी गई श्रद्धांजलि

अभिषेक अनंत ने कहा, निर्मल मर का दर्पण है ये, श्रद्धायुक्त समर्पण है ये, साहित्यिक पुण्यात्माओं हित श्रद्धांजलि है तर्पण है ये। कार्यक्रम में आयोजन के स्वागताध्यक्ष आल इण्डिया ज्वैलर्स एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र महाजन, दीपक सक्सेना, अनूप रस्तोगी, रविन्द्र मोहन सक्सेना, संजय रस्तोगी, सूरज कुमार, नितिन गुप्ता, सोमेन्द्र कुमार, इकबाल असलम, पंकज शर्मा, राहुल चैबे, नितेश वार्ष्णेय, इजहार अहमद आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक अनंत ने किया एवं आभार डॉ. अक्षत अशेष ने किया।13 सितम्बर 2025। बदायूँ क्लब, बदायूँ द्वारा हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर एवं श्राद्ध पक्ष में एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें हिन्दी जगत के जनपद के मूर्धन्य दिवंगत साहित्यकारों की श्रद्धांजलि में तर्पण नाम से उन्हें कवितओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई और याद किया गया। कार्यक्रम में दिवंगत साहित्यकारों के परिजनों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, विशिष्ट अतिथि भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. ह्देश कठेरिया, प्रख्यात कवि एवं उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के संस्थापक सर्वेश अस्थाना, कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार नरेन्द्र गरल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्प अर्पित कर शुभारम्भ किया। डॉ. सोनरुपा विशाल द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की गई। इस अवसर दिवंगत साहित्यकारों स्व. चन्द्र प्रकाश दीक्षित, स्व. हसीब सोज, स्व. नूर ककरालवी, स्व. फहमी बदायूँनी, स्व. टिल्लन वर्मा, स्व. गीताजंलि सक्सेना, स्व. वहील उल्लाह खां, स्व. उमेश चन्द्र पाठक, स्व. केवल खुराना, स्व. शराफत समीर, एवं स्व. विशाल गाफिल को मरणोपरान्त हिन्दी भाषा एवं साहित्य साधना के हिन्दी सेवी सम्मान से सम्मानित किया गया। सभी के परिजनों एवं शुभचिन्तकों को शॉल उड़ाकर, प्रतीक चिन्ह देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि नगर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा, हिन्दी केवल भाषा नहीं ये हमारा आत्मा है, जो हमें हमारी संस्कृति का बोध कराती है, भाषा के उत्थान के लिए साहित्यकारों द्वारा किये गये कार्य सदैव याद रहते हैं। भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा, बदायूँ जनपद साहित्य और अदब की धरती है, यहां के कवियों और शायरों ने विश्व भर में जनपद को गौरव प्रदान किया है, हिन्दी के उत्थान में इस धरती का योगदान सदैव अमर है। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. ब्रजेश कठेरिया ने कहा, बदायूँ का नाम साहित्य और संस्कृति के लिए कोने-कोने में जाता है, आने वाली पीढ़ी को हिन्दी भाषा के विकास और उद्भव के कार्य करना चाहिए। प्रख्यात कवि सर्वेश अस्थाना ने कार्यक्रम के लिए डॉ. अक्षत अशेष को बधाई देते हुए कहा, कि व्यक्तित्व के अमरत्व के लिए ऐसे श्रेष्ठ आयोजन बहुत आवश्यक है, जो इन पुष्यात्माओं द्वारा किये गये विशेष कार्य का चिर बनाते हैं, उन्होंने अपने चिर परिचित अंदाज में कविताओं से हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला और कवितायें भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे श्री नरेन्द्र गरल ने कविता द्वारा कहा, जो गीतों की प्यास लिए अम्बर के तारे बन बैठे, दृग की गंगा जली सजा कर उ नका तर्पण करते हैं। इस अवसर पर स्थानीय कवियों और दिवंगत कवियों के परिजनों द्वारा उनकी प्रसिद्ध रचनायें पढ़ कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम के संयोजक क्लब के सचिव डॉ. अक्षत अशेष ने कहा, तर्पण उन पुष्यात्मों को है जो अर्पण निज भाषा को कर गये।

अशोक खुराना ने अपने पुत्र आई.पी.एस. अधिकारी स्व. केवल खुराना की पंक्तिया पढ़ते हुए कहा, जन्म बदायूँ में दिया दाता का आभार, देवभूमि से भी मिला मुझे असीमित प्यार। डॉ. सोनरुपा विशाल ने स्व. हसीब सोज़ का शेर पढ़ते हुए कहा, यहां मजबूत से मजबूत लोहा टूट जाता है, कई झूठे इक्ठ्ठे हो सच्चा टूट जाता है। दिवाकर वर्मा ने कहा, बेटी विदा हुई क्या घर से पापा रिश्तेदार हो गए। कुमार आशीष ने कहा, कुछ यहां रह जायेंगी और कुछ वहां रह जायेंगी, जिन्दगी की हसरतें बनकर धुंआ रह जायेंगी।

## प्रज्ञा शर्मा ने राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता

अनूपशहर। जेपी विद्या मंदिर की खिलाड़ी प्रज्ञा शर्मा ने सीबीएसई नॉर्थ जोन राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। जेपी स्कूल की प्रधानाचार्या नीना चतुर्वेदी ने बताया कि सीबीएसई नॉर्थ जोन राष्ट्रीय योगासन (2025-26) प्रतियोगिता का आयोजन आशा मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल सहारनपुर में 8-12 सितंबर तक आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न भागों की 170 टीमों के लगभग 450 से अधिक स्कूलों के खिलाड़ी ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता मे जेपी स्कूल की छात्रा प्रज्ञा शर्मा ने अंडर-17 वर्ग में आर्टिस्टिक ग्रुप में कांस्य पदक प्राप्त कर पूरे देश में अपने विद्यालय व जनपद का नाम रोशन किया। इस खिलाड़ी ने योगासन में संतुलन, आसान और लयबद्ध प्रस्तुति से निर्णायक मंडल का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या ने कहा कि राष्ट्रीय योगासन टूर्नामेंट में छात्रा प्रज्ञा शर्मा का यह प्रयास सराहनीय है। योग के कारण ही आज देश की गिनती विकसित देशों में होने लगी है। विद्यालय बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने की ओर प्रयासरत है। उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से छात्रा प्रज्ञा शर्मा, कोच अंकित कुमार सुराण व टीम प्रबंधक रीना श्रीवास्तव को बधाई दी।

## घर में रखे पटाखा और बारूद में विस्फोट से महिला की मौत

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के धाता थानाक्षेत्र में रविवार तड़के एक घर में दीपावली के लिए रखे गये पटाखों व बारूद में अचानक विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद घर में भरे धुएं से गृहस्वामी की मां की दम घुटने से मौत हो गयी। पुलिस प्रवक्ता ने आज यहा बताया कि धाता थाना क्षेत्र के धाता कस्बा निवासी इरफान अहमद पुत्र मोहम्मद अहमद के घर में दीपावली के लिए पटाखे व अन्य विस्फोटक सामान रखा था जिसमें अचानक विस्फोट हो गया। घर में विस्फोट के बाद धुंआ भर जाने से गृहस्वामी की मां महफुल निशा (60) की दम घुटने से मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि विस्फोट इतना तगड़ा था कि आसपास के लोग धुआं देखकर घर छोड़कर भागने लगे। शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। घटना की जांच के लिए फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई है। मौके पर पुलिस अधिकारी मौजूद हैं।

## सोनांचल के हर आदिवासी का घर होगा पक्का, मिलेगी बिजली: संजीव गोंड

सोनभद्र। सोनभद्र जिले के कोन ब्लॉक के सलैयाडीह गांव में रविवार को आयोजित आदिवासी समागम और करमा पूजन समारोह का उद्घाटन करते हुए मंत्री संजीव गोंड ने कहा कि हर आदिवासी का घर पक्का होगा व सभी को बिजली मिलेगी।
उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें के नारे के साथ कार्यक्रम में शामिल आदिवासियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन की लड़ाई को लेकर आपने देखा होगा कि कैसे भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, तिलका मांझी ने अपने समाज की जल, जंगल, जमीन बचाया था। उसी तरह से आदिवासियों को संगठित होना पड़ेगा, हमारे समाज के बच्चे अभी तक अनपढ़ रह गए हैं जिन्हें किसी भी तरह शिक्षित करना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 2006 में वनाधिकारी क़ानून बनाया है, लेकिन अभी तक यह अधिकार पूर्ण रूप से नहीं मिला, सरकार से आग्रह करके आदिवासियों को पट्टा देने के लिए अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हमने कहा कि सोनांचल के हर आदिवासी का घर पक्का हो और उन्हें बिजली मिले।

## ड्रोन को लेकर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी देवरिया पुलिस

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के कुछ क्षेत्रों में ड्रोन उड़ने की बातें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने संबंधित इलाकों में चेकिंग करायी और कहा कि ड्रोन उडाये जाने को लेकर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। पुलिस प्रवक्ता ने यहां रविवार को बताया कि हाल ही में जिले के कुछ क्षेत्रों, विशेष रूप से थाना मदनपुर एवं थाना बरहज क्षेत्र में, ड्रोन उड़ने को लेकर अफवाहें फैल रही थीं। इस संबंध में जनता में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। जिसको देखते हुए पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर के निर्देश पर जिले के समस्त थानों द्वारा तत्परता से कार्यवाही की गई। इसी के क्रम में 13/14 सितम्बर की रात्रि में समस्त थानों की पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में गहन रात्रि गश्त व चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत संवेदनशील स्थानों, सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती गई। प्रवक्ता ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान कहीं भी ड्रोन उड़ने की कोई पुष्टि नहीं हुई है और न ही कोई संदिग्ध गतिविधि सामने आई है।जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह मात्र एक अफवाह है। देवरिया पुलिस ने जनता से अपील करते हुए कही है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। यदि किसी को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलती है।

# हाफ मैराथन दौड़ में 5000 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। परदादा परदादी एजुकेशनल सोसायटी द्वारा हॉफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें पांच हजार धावक दौड़े। यह आयोजन महिलाओ की शिक्षा और सशक्तिकरण का उत्सव था।

रविवार को परदादा परदादी एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन कराया गया। पिछले नौ वर्ष से यह आयोजन लगातार कराया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के खेलने और शिक्षा प्राप्त करने के अधिकार के प्रति जागरूकता फैलाना था। दौड़ 5 किमी व 10 किमी में आयोजित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदन गोदारा (गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक फरवरी2025), विशेष अतिथि अंजू सैनी (राष्ट्रीय रिकार्डधारी, पेशेवर धाविका) रहीं।

2014 से संस्था प्रति वर्षअनूपशहर में ग्रामीण हाफ-मैराथन का सफल आयोजन कर रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण बालिकाओं की शिक्षा और खेलने के अधिकार के समर्थन में समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट करना है। परदादा परदादी संस्था के संस्थापक स्व. वीरेन्द्र सैम सिंह ने रूढ़ियों और पुरानी सोच को तोड़ने का संकल्प लिया। उन्होंने ग्रामीण हाफ-मैराथन को इस दिशा में एक माध्यम के रूप में स्थापित किया। ताकि पुरुष, महिलाएं, बच्चे और पेशेवर धावक सभी मिलकर इस संदेश को आगे बढ़ाएं। दौड़ में हर वर्ष कॉर्पोरेट, विभिन्न संस्थाएं और स्वयंसेवी संगठन भी शामिल होते हैं।

लोकेन्द्र पाल सिंह अध्यक्ष परदादा परदादी एजुकेशनल सोसाइटी ने कहा कि यह दौड़ हमारी बेटियों में आत्मविश्वास और समाज में सकारात्मक सोच को जगाती है। आज पूरा समुदाय उनकी शिक्षा और खेलों के अधिकार के लिए दौड़ रहा है। प्रधानाचार्य के के शर्मा ने कहा कभी खेल हमारी बेटियों के लिए असंभव थे। लेकिन आज अभिभावक उन्हें गर्व से खेलों में भाग लेने और प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रेरित करते हैं। रनाथॉन केवल एक दौड़ नहीं है, यह उस नए आत्मविश्वास का प्रमाण है, जो हमारी बेटियों और उनके परिवारों में जागा है। मुख्य अतिथि मदन गोदारा ने कहा उन्होनें 52 वर्ष की उम्र में दौड़ना शुरू किया और 60 वर्ष की उम्र में अपना पहला पदक जीता। उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आपको अपने मूल्य या संस्कृति छोड़ने की आवश्यकता नहीं है। धोती और कुर्ता पहनकर दौड़ते हुए, वह अपनी परंपराओं को सुरक्षित रखते है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि अंजु सैनी ने कहा कि वह विशेष रूप से परदादा परदादी की लड़कियों के समर्थन में आयी है। 31 छात्राओं से बढ़कर 3,900 से अधिक तक उनकी यात्रा ग्रामीण लड़कियों को सशक्त बनाने के एक शक्तिशाली मिशन को दर्शाती है।

कार्यक्रम के दौरान शीर्ष 10 विद्यालयों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सपन वर्मा, ब्लॉक प्रमुख अतुल कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# दो ट्रकों की टक्कर में चालक परिचालक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। बुलंदशहर रोड पर गांव करनपुर के निकट सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे से आए लोहे की चादर से भरे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही ट्रक चालक इमरान की मौत हो गई तथा परिचालक मुकेश की हायर सेंटर में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

पुलिस उपाधीक्षक रामकरण सिंह ने बताया है, कि रविवार सुबह लगभग 4:00 गांव करनपुर के बाहर सड़क पर खड़े ट्रक से 14 टायर ट्रक संख्या यूपी 91 टी 4674 टकरा गया। जिससे जोरदार धमाका होने पर गांव के लोग मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने पुलिस को फोन कर अवगत कराया की दो ट्रकों की टक्कर से एक ट्रक में सवार चालक तथा परिचालक गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक के केबिन में फंसे चालक तथा परिचालक को वा मुश्किल बाहर निकाला और तत्काल सीएचसी अनूपशहर पहुंचाया। चिकित्साकों न 46 वर्षीय चालक इमरान पुत्र फारुख निवासी पठनऊ रांठ जिला हमीरपुर को मृत घोषित कर दिया। तथा गंभीर रूप से घायल परिचालक 40 वर्षीय मुकेश पुत्र रामेश्वर निवासी मुहल्ला मोहनपुरा राठ जिला हमीरपुर को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर अलीगढ़ रेफर कर दिया। अलीगढ़ में उपचार के दौरान मुकेश की भी मृत्यु हो गई। घटना से सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो गई और दोनों और वाहनों का जाम लग गया। जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रक को एक तरफ करवारकर जाम खुलवाया। चालक इमरान के सब का पंचनाव बढ़कर पोस्टमार्टम को भेज दिया है घटना के बाद जिस ट्रक से टक्कर हुई थी वह मौके से भाग जाने में सफल रहा। घटना की सूचना पीड़ित स्वजनों को दी गई है।

# मेघावी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंदौसी/संभल। रविवार को संभल जनपद के चंदौसी नगर में ब्राह्मण शक्ति संघ द्वारा मेघावी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। तदुपरांत वेद पार्टी ब्राह्मणों द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पंडित सुनील बराला ने वर्तमान राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा अपने समाज और संस्कृति का ज्ञान प्रत्येक छात्रावास छात्राओं के लिए नितांत आवश्यक है राज्य विधिक परिषद के प्रदेश अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ ने समाज मै एकता की भावना को आवश्यक बताते हुए किसी भी प्रकार के सहयोग का सदैव सहयोग का आश्वासन दिया। नोएडा से पधारे भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अन्नू पंडित ने युवाओं मैं एकता का मंत्र फूंका तो राजा लाइब्रेरी रामपुर के निर्देशक डॉक्टर पुष्कर मिश्रा ने ब्राह्मण समाज के इतिहास का वर्णन किया। कार्यक्रम को मेदांता हॉस्पिटल बरेली के डायरेक्टर विमल कुमार भारद्वाज प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भारतीय जनता पार्टी डॉक्टर अनिल शर्मा भारतीय जनता युवा मोर्चा मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष अरुण पंडित, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल पाठक सहित भक्तों ने छात्र-छात्राओं को अपने संबोधन से प्रेरित किया। उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी ने अपने स्वयं के उदाहरण के माध्यम से युवाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लगभग 350 बच्चों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त लगभग 100 समाज की अन्य क्षेत्र की प्रतिभाओं व कार्यक्रम के सहयोगियों को सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# कविता लेखन तथा देशभक्ति गायन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। श्री नारायण सेवा समिति (रजि.), चंदौसी के तत्वावधान में हिंदी दिवस के लिए हिन्दी सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में अनेक साहित्यिक प्रतियोगिताएं यथा श्रुतिलेखन, साहित्य व भाषा ज्ञान, पत्र लेखन, कविता लेखन तथा देशभक्ति गायन आदि आयोजित करके किया गया। मंचासीन अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ वंदना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रबंधक हरीश कठेरिया एडवोकेट ने समिति की प्रगति व्याख्या प्रस्तुत की। डॉ. जयशंकर दुबे के काव्य पाठ ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। मुख्य वक्ता डॉ. राजकुमार गोयल ने कहा कि हिंदी हमारे आत्मगौरव की भाषा है, हिंदी से हम सबको आत्मबोध होता है एवम् हिंदी भाषा भारतीयता की पहचान है। संरक्षक व पूर्व प्रधानाचार्य दृगपालसिंह ने कहा कि सर्वप्रथम शिशु अपनी मां से हिंदी भाषा में बोलना सीखता है। अध्यक्ष सुभाष चंद्र वार्ष्णेय भोलेनाथ ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। मुख्य अतिथि डॉ. डी. के. अग्निहोत्री ने कहा कि हिंदी हिंदू हिंदुस्तान की संकल्पना में भाषा का स्थान सर्वोपरि है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता ने हिंदी दिवस पर सबको बधाई दी।तत्पश्चात प्रतियोगिताओं के परिणाम की घोषणा की गई। हिंदी श्रुतिलेख में जगमोहन सरस्वती विद्या मंदिर की इरा शर्मा प्रथम, विशेष यादव द्वितीय और वेदिका तृतीय स्थान पर रहे। हिंदी साहित्य व भाषा ज्ञान में लाल सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर की रिया श्रीवास्तव ने प्रथम दिव्यांश ने द्वितीय तथा प्रकृति अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पत्र लेखन में श्री सांईं बाल विद्या मंदिर की प्रियांशी प्रथम, प्राची द्वितीय तथा पुष्पेंद्र तृतीय स्थान पर रहे। कविता लेखन में जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगढ़ी की श्रद्धा पाराशरी ने प्रथम, मानसी पाराशरी ने द्वितीय तथा अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी विद्यालय से देशभक्ति गायन प्रतियोगिता में आकांक्षा प्रथम, दीक्षा द्वितीय तथा विनय तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार में लेखन सामग्री के साथ ही प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

पुरस्कार वितरण दृगपालसिंह, सुभाष वार्ष्णेय, डॉ. डी. के. अग्निहोत्री, विपिन गुप्ता, विपिन वार्ष्णेय बालाजी, डॉ. आशीष यादव आदि के कर कमलों से हुआ। अध्यक्षता सुभाष वार्ष्णेय ने की, मुख्य अतिथि डॉ. डी. के. अग्निहोत्री रहे तथा संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया। इस अवसर पर समिति के के.जी. गुप्ता, डॉ. राजकुमार गोयल, मुकुंद अग्रवाल आदि के अतिरिक्त आरती, अनमोल, पंकज शर्मा, राजीव कुमार राजपूत आदि अनेक अभिभावक अभिभाविकाएं उपस्थित रहे।

# जन पंचायत का आयोजन, विधायक ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। महराजगंज विकास खंड के टूक गांव में रविवार को प्रगतिशील दलित आंदोलन (पीडीए) के बैनर तले जन पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बछरावां विधायक श्यामसुंदर भारती मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

पंचायत को संबोधित करते हुए विधायक भारती ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, ''सरकार अच्छे कार्य करने में पूरी तरह विफल रही है। जनता की बुनियादी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। तथा क्षेत्र में हत्या और लूट व बलात्कार जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। ऐसे में यह साफ जाहिर होता है, कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं तथा अपराधी अपराध कारित कर बेखौफ होकर अपराध को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। ऐसे में सवालिया निशान उठता है, कि प्रदेश की भाजपा सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। ऐसे में आम जनमानस सुरक्षित नहीं है यदि जल्द ही शासन प्रशासन द्वारा अपराध पर अंकुश ना लगाया गया तो समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा जिसकी समस्त जिम्मेवारी प्रशासन की होगी यह उद्गार टूक गांव में पी डी ए की जनसभा में संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के ऊर्जावान विधायक श्याम सुंदर भारती उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए व्यक्त कर रहे थे

इस जन पंचायत में समाजवादी पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया और स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों ने क्षेत्र की सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोज़गार से जुड़ी समस्याओं को लेकर प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की।

# सेपक टकराव में लखनऊ टीम का दबदबा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। 20वी राज्य स्तरीय पुरुष/महिला सेपक टकराव चैम्पियनशिप जो दिनांक 13 व 14 सितम्बर को स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली में आयोजित हुआ जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से पुरुष वर्ग में 16 तथा महिला वर्ग में 9 टीमों ने भाग लिया। चैम्पियनशिप में लखनऊ टीम ने दोनों वर्गों में अपना दबदबा बनाया लखनऊ टीम दोनों वर्गों में उपविजेता रही। महिला वर्ग में लखनऊ अपने पूल में विजेता रहते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां पर मऊ टीम को 15-12,15-11 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में शामली टीम से 15-12,15-10 से हार कर उपविजेता रही। लखनऊ महिला टीम के सदस्य (१)- रिंकी (२)- ज्योति (३)- मोहिनी (४)- स्वाति (५)- शिल्पी (६)- प्रतिका आर्य। वहीं पुरुष टीम अपने पूल में विजेता रह कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उसने मेरठ को 12-15,15-12,15-10 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में लखनऊ पुरुष टीम ने बुलन्दशहर को 15-10,15-11 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया जहां पर मेजबान बरेली से 15-10,15-11 से हारकर उपविजेता रही। लखनऊ पुरुष टीम के सदस्य (१)- कुलदीप (२)- पवन (३)- राहुल (४)- किरन (५)- शशांक शेखर (६)- नितिन यादव तथा कोच श्री हरमेश सिंह थे।सेपक टकराव एसोसिएशन,लखनऊ के महासचिव श्री अन्जय दास और एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुधीर कुमार सहगल ने दोनों टीमों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# गोंड़ा में जर्जर मकान ढहा,मलबे में दबने से एक की मौत,तीन का चल रहा उपचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में एक जर्जर मकान तोड़वाते समय छत गिर गई।इसमें काम कर रहे चार लोग दब गए,सभी को बाहर निकलवाकर गोंडा मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया।यहां से तीन लोगों की हालत सामान्य है,जबकि एक को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया,जहां उसकी मौत हो गई है।नगर कोतवाली क्षेत्र के दर्जीपुरवा में एक जर्जर मकान को तुड़वाने का काम चल रहा था।जिसमे चार लोग काम पर लगे हुए थे। छत तोड़ते समय गिरने से बड़ा हादसा हुआ है। अचानक छत गिरने से चारों लोग मलबे में दब गए।घटना की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ लग गई और पुलिस प्रशासन की टीम भी बचा व कार्य करने पहुंच गई।मलबे में मजदूर और राजगीर फंसे थे।स्थानीय लोगों और पुलिस ने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया। तीन लोगों को मलबे से निकालकर गोंडा मेडि कल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।एक व्यक्ति का रेस्क्यू काफी देर तक चला,जिसके बाद उसे अस्पताल भिजवाया गया।यहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया,जहां उसकी मौत हो गई। मरने वाले की पहचान इमामबाड़ा निवासी श फीक के रूप में हुई है।काशीराम कॉलोनी के रहने वाले इंतजाम 23 राजा मोहल्ला नई बस्ती का रहने वाले गुफरान 20 महराजगंज मोहल्ले के रहने वाले शाहिल 30 घायल हैं।मामले की जानकारी मिलते ही कमिश्नर देवी पाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील,प्रभारी डीएम व सीडी ओ अंकिता जैन पुलिस अधीक्षक पुलिस विनी त जायसवाल,अपर जिलाधिकारी आलोक कु मार मौके पर भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।वही नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी के अनु सार बचाव कार्य के लिए जेसीबी मशीन को बु लाया गया था।पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया।अभी तक किसी की मौत नहीं हुई है।मलबे में दबे हुए सभी लोगों को निकाल लि या गया।हादसा साढ़े बारह बजे के करीब हुआ है।मजदूर और राजगीर छत की मरम्मत कर र हे थे।पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर र ही है। देवी पाटन मंडल कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि मरम्मत के दौरान छत गिरने से चार लोग दबे थे।सभी को निकाल लिया गया है।तीन की हालत सामान्य है, जब कि एक को रेफर किया गया है।मकान मालिक खुद ही जर्जर मकान को गिरवा रहा था।उसी समय हादसा हुआ है।एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया है,प्रभारी डीएम व सीडीओ अंकिता जैन मौके पर पहुंचीं और अस्पताल में घायलों का हाल जाना।उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति की मौत हुई है।तीन लोगों की हालत सामान्य है,उनका उपचार गोण्डा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

# सड़क या दलदल गांव नहीं नरक है ये ! हर रोज़ कीचड़ पार कर शहर पहुंचते हैं लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा । सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी सुविधाएं देने के बड़े- बड़े दावे कर रही है,लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।शहर के किनारे महज़ कुछ ही दूर बसे गिर्द गोंडा गांव की तस्वीर ऐसी है,जिसे देखकर कोई भी चौंक जाएगा,यहां सड़कें हैं,लेकिन दलदल जैसी स फाई का नामोनिशान नहीं,और सबसे बड़ी बात ये है कि गांव के अंदर घुसते ही स्वागत कचरे के ढेर करते हैं,दरअसल गिर्दगोंडा ग्राम पंचायत गोंडा नगर पालिका परिषद शहर की सीमा से जुड़ा हुआ है।यहां की आबादी लगभग दस ह जार है,लेकिन हैरानी की बात यह है कि गांव में मोहल्ला मेवातियान नियर कलकत्ता बाबा के पास की सड़क की हालत इतनी खराब है कि बरसात में कीचड़ और पानी के बीच राह गुजर ना भी किसी चुनौती से कम नहीं होता है।स्था नीय लोग बताते हैं कि यह सड़क तो पिछले लंबे समय से जर्जर हालत में है।बरसात के मौ सम में यह सड़क और भी कीचड़ व पानी से भर जाती है,जिससे बच्चों,बुज़ुर्गों और महिला ओं को आना-जाना बेहद मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या क ई वर्षों से बनी हुई है।सड़क पर जलभराव के कारण पैदल चलना तो कठिन है ही,साथ ही बी मारियों का भी खतरा बढ़ गया है।बच्चे हर रोज़ स्कूल जाते समय गिरने और चोट लगने के डर से परेशान रहते हैं।लोगों ने कई बार ग्राम प्रधान और नगर पालिका से शिकायत की,लेकिन अ भी तक कोई सुनवाई नहीं हुई।ग्रामीणों की मां ग है कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत कराई जाए,ताकि आमजन को राहत मिल सके ।

# रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में अवैध वैण्डरों की भरमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में आजकल अवैध वेंडरों का बोलबाला है।यह वेंडर स्टेशनों पर धड़ल्ले से अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेच रहे है।स्टेशन के समीप में ही रेलवे की जमीन पर इनका सामान रखा रहता है।ट्रेनों के आने पर प्लेटफार्म पर अवैध वेंडरों की भीड़ उमड़ पड़ती है।रेल प्रशासन व आरपीएफ इस पर अंकुश न हीं लगा पा रही है।गोण्डा रेलवे स्टेशन पर खान पान की सामग्री की बिक्री के लिए ठेके की व्य वस्था है।रेलवे स्टेशन पर कई ठेकेदारों का ठे का है।प्लेटफार्म पर खाद्य सामग्री बेचने के लि ए विभाग से लगभग सैकड़ो वेंडर स्वीकृत हैं। इनका रेलवे अस्पताल में बाकायदा मेडिकल होता है।स्टेशन पर इन दिनों सारे मानकों को ताक पर रख दिया है।सूत्रों के मुताबिक लगभग चार दर्जन अवैध वेंडर गोण्डा स्टेशन परिसर में डेरा डाले हुए हैं।ये सभी वेंडरों की ड्रेस में रहते हैं,जिससे उनकी असलियत सामने नहीं आ जा ए लेकिन इनके पास रेलवे की कोई भी अधिकृ त आईडी नहीं होती है जिससे कि उनकी पह चान वेंडर के रूप में हो,स्टेशन पर चलती ट्रेन में यात्रियों के उतरने से पहले ही ट्रेन के आते ही दर्जनों वेंडर ट्रेन को घेर लेते हैं और चढ़ जाते है।ज्यादातर वेंडर ट्रैन के आगे या पीछे की तर फ दिखाई देते है।वहीं जब स्टेशन पर कोई ट्रेन नहीं होती है तो एक भी वैंडर नजर नहीं आता। अवैध वेंडर स्टेशन पर शीतल पेय,पानी की बो तल,चाय तथा अन्य सामग्री की धड़ल्ले से बि क्री करते हैं।ये उन चीजों को भी ट्रेनों में बेचते हैं,जिनकी बिक्री स्टेशन परिसर में प्रतिबंधित है सबसे बड़ी बात यह है कि अवैध वेंडरों का यह खेल बेखौफ चल रहा है।आरपीएफ के जवानों के सामने अवैध वेंडर धड़ल्ले से अपने काम को अंजाम देते हैं।हर ट्रेन में यह लोग चीख - चीख कर अवैध रूप से सामान की बिक्री करते हैं। लेकिन जिम्मेदार खामोश रहते हैं।

# तबादला नीति फ़ेल :अखिलेश से योगीराज तक अंगद के पैर की तरह अड़े शक्तिशाली बाबू

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । जिले में योगी सरकार के तबादला नीति के नियम को तोड़कर कोई मायने नहीं रखती है यही वजह है कि तत्कालीन डीएम नेहा शर्मा के द्वारा स्थानांतरित,पदोन्नति किए जाने के दो म हीने बाद भी सोलह कर्मचारियों ने नये तैनाती पद व स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया औ र अपने सेटिंग और रसूक के बल पर पुरानी तैनाती स्थल व पद पर ही मलाई काट रहे हैं। जिले की तत्कालीन डीएम नेहा शर्मा द्वारा चार जुलाई को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राज स्व के यहां तैनात प्रधान सहायक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव समेत 17 कर्मचारियों का तबादला कर दिया लेकिन स्थानांतरित कर्मचारी अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किए।प्रदीप कुमार श्रीवास्तव का तबादला न्या य सहायक,अतिरिक्त कार्य वित्त एवं राजस्व लिपिक तथा रीडर न्यायालय अपर जिलाधिका री गोण्डा व कामेच्छा नरायन श्रीवास्तव प्रधान सहायक का तबादला सीआरए,अतिरिक्त कार्य नजूल शत्रु संपत्ति तथा रीडर एएसडीओ तृतीय, कलेक्ट्रेट गोण्डा के पद पर किया गया था।तबा दला आदेश को दो माह बीत गए लेकिन प्रदीप श्रीवास्तव व कामेच्छा श्रीवास्तव का मोह अप ने पुराने तैनाती पद से नहीं छूट रहा है।इसी तर ह त्रिपुरारी शंकर शर्मा,प्रधान सहायक का तबा दला वेतन सहायक कलेक्ट्रेट गोण्डा, सम्बद्ध जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय,फयाराम प्रधान सहायक का तबादला वासिल वाकी नवीस तहसील मनकापुर सम्बद्ध सीआरए कलेक्ट्रेट गोण्डा,मनमोहन कुमार अरोड़ा प्रधान सहायक का तबादला आबकारी सहायक,वीआईपी लि पिक अतिरिक्त कार्य स्टाम्प लिपिक साहूकारी पटल व विनियमित क्षेत्र कलेक्ट्रेट गोण्डा,अशो क कुमार सिंह प्रधान सहायक का तबादला ए आरआरके कलेक्ट्रेट गोण्डा,अतिरिक्त कार्य री डर न्यायालय नगर मजिस्ट्रेट गोण्डा,राकेश चंद्र श्रीवास्तव प्रधान सहायक का तबादला वासिल वाकी नवीस तहसील तरबगंज लिपिक अतिरि क्त कार्य रीडर उपजिलाधिकारी चतुर्थ,खनन नायब नाजिर कलेक्ट्रेट गोण्डा,ओमप्रकाश उपा ध्याय प्रधान सहायक का तबादला वासिल वाकी नवीस तहसील करनैलगंज अतिरिक्त कार्य बीडर राजस्व अभिलेखागार व एआरआर के कलेक्ट्रेट गोण्डा, राजेश कुमार श्रीवास्तव प्रधान सहायक का तबादला आयुध लिपिक प्रथम,अतिरिक्त कार्य फार्म कीपर कलेक्ट्रेट गोण्डा रीडर न्यायालय जिलाधिकारी गोण्डा के पद पर किया गया,लेकिन ये सभी कर्मचारी शा सन की स्थानांतरण नीति का मखौल उड़ाते हुए एक ही स्थान पर वर्षों से जमे हुए हैं।

**इनका भी किया गया था तबादला**

**जनपद में एक ही जगह तीन साल से अधिक पोस्टिंग नहीं' वाले नियम पर सवाल..**

**जिले में कलेक्ट्रेट से लेकर कई तहसीलों में दस साल से ऊपर बाबू की पोस्टिंग**

जिन 17 कर्मचारियों का तबादला किया गया था उनमें प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह, प्रधान सहायक शिव प्रसाद द्वितीय,सतीश चंद्र भाष्कर,प्रधान सहायक कृष्ण गोपाल तिवारी, प्रधान सहायक ओम हरिकृष्ण यादव,प्रधान सहायक मुजीबुर्रहमान,वरिष्ठ सहायक तहसील तरबगंज सहजराम मौर्य व वरिष्ठ सहायक तह सील मनकापुर सुरेन्द्र कुमार भी शामिल हैं। इनमें से सतीश चंद्र भाष्कर ने अपने नवीन तैनाती स्थल व पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है।शेष स्थानांतरित कर्मचारी अपने सेटिं ग और रासु के बल पर जमे हुए है और वे अंगद की तरह पांव जमाए हुए हैं।

# अवैध नर्सिंग होम पर नहीं हो रही कार्रवाई जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । जिले में सैकड़ों अवैध हॉस्पिटल और ट्रॉमा सेंटर चल रहे हैं कोई अस्पताल दो कमरे में चल र हा है तो कोई किराए के मकान में इनमें ज्यादातर में झोलाछाप इलाज के नाम पर मरीजों से वसूली कर रहे हैं।शहर में संचा लित अवैध अस्पतालों में प्रशिक्षित स्टाफ नर्स नहीं होती हैं और न ही ट्रेड टेक्नीशियन रखे जाते हैं।इस तरह के अस्पतालों में लापरवाही की हद तो यह है कि आयुर्वेदिक स्नात क की डिग्री पर चिकित्सक गंभीर अवस्था के मरी जों का सीजर ऑपरेशन करते हैं।ऑपरेशन टेबल पर मरीजों का केस बिगड़ने पर बाहर से प्रशिक्षित चिकित्सकों को बुलाया जाता है।वही जिले में अवैध रूप से चलाए जा रहे नर्सिग होम व अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा नहीं कसने से मान कों को ताक पर रखकर चलाए जाने वाले अवैध अस्पतालों के संचालको के हौसले बुलंद है बिना रजिस्ट्रेशन व सुविधाओं के चल रहे अस्पतालों ने स्वास्थ्य विभाग की पोल खोल दी है।मनमाने तरी के से चलाए जा रहे अस्पतालों के सवालों के घेरे में आने के साथ ही विभागीय कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे है।जिले के तहसील करनैलगंज ब्लॉक परसपुर व कर्नलगंज क्षेत्र में तकरीबन दर्जनो से अधि क अस्पताल मानक विहीन अस्प ताल है जो स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से बचें हुए हैं।

**मरीजों की जान से कर रहे खिलवाड़**

स्वास्थ्य विभाग के सेटिंग गेटिंग के खेल चलते इन अस्पतालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होती है ये मानक विहीन अस्पताल बड़ी बीमारी बताकर अ स्पताल आये हुए मरीजों का शोषण करते है।बिना पंजीकरण के अस्पतालों का संचालन करने वाले संचालक अथवा ऐसे जगहों पर तैनात डॉक्टर ग म्भीर रूप से सामान्य बीमारी से बीमार मरीजों को भी बड़ी बीमारी बताकर लम्बा इलाज करते है और शोषण करते है।वही प्रसव के आने वाली महिला ओं को बिना जांच के ही ऑपरेशन की सलाह दे दी जाती है जिससे कई बार महिला ओं व नवजात की जान भी चली जाती है।

**सैकड़ो से अधिक संचालित हो रहे अस्पताल**

गोण्डा जिले में सैकड़ो सौ से अधिक अस्पताल व नर्सिग होम का संचालन किया जा रहा है जहां पर ओपीडी से लगाकर ऑपरेशन तक की सुविधा मु हैया कराई जा रही है संसाधनों के अभाव के बीच में प्रशासन की बगैर जानकारी के चल रहे है और इन अस्पतालों होने वाली मौतों का भी पता नहीं चल पाता है मनमाने तरीके से चलने वाले अस्पता लों पर होने वाली मौतों तक का पता प्रशासन या लोगों को पता तब चलता है जब परिवार के लोग मामले की शिकायत करतें है या फिर मौत के बाद हो हल्ला करते है।वही कर्नलगंज में सीएचसी के नाक के नीचे अवैध नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं।सूत्र बता रहे हैं कि अगर सीएचसी पर देखा जाए तो नॉर्मल डिलीवरी को छोड़कर ऑपरेशन नहीं हुआ है।अधिकतर मरीजों को डरा धमका कर वहां पर तैनात आशाएं इतना डर और धमका देती है मरता क्या नहीं करता इतना डर और भय पैदा कर देती हैं कि वहां पर पहले से मौजूद अवैध नर्सिंग होम का संचालक अपने ही नर्सिंग होम में आशाओं के सहारे भर्ती करवा जाता है।फिर शुरू होता है अवैध नर्सिंग होम के संचालक का खेल वही इस पूरे मामलें को लेकर मुख्य चिकि त्सा अधिकारी डॉ.रश्मि वर्मा से लेने की कोशि श की गई तो उनका मोबाइल फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बताया और जानकारी नहीं मिल पाई है।

# हिंदी हैं हम, वतन है हिंदोस्तां हमारा, हिन्दी दिवस आयोजित हुईं विविध प्रतियोगिताएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । विकास खण्ड पयागपुर के ग्राम पंचायत लहड़ौरा स्थित महादेवन मंदिर प्रांगण में मेरा युवा भारत बहराइच के तत्वावधान में हिंदी दिवस पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण गोपाल गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी केवल हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है। हमें इसे जीवन के हर क्षेत्र में गर्व से अपनाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राज्य प्रशिक्षक रजनी कान्त तिवारी ने कहा कि हिंदी दिवस हमें अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति सजग रहने का अवसर देता है। हमें नई पीढ़ी को मातृभाषा की ओर प्रेरित करना चाहिए। अवधी में उन्होंने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा से कतराना नहीं चाहिए, यही हमारी असली पहचान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला लेखाकार इंद्रसेन चौधरी ने कहा कि हिंदी भाषा की प्रासंगिकता आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी स्वतंत्रता संग्राम के दौर में थी। विद्यार्थियों को हिंदी के अध्ययन और प्रयोग में विशेष ध्यान देना चाहिए।

इस अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नायर वर्मा ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर बच्छराज वर्मा, भरत लाल, रामबली, अशोक कुमार, कमला देवी, सोनम वर्मा, माधुरी, काजल, सुधा, प्रिंसी, आयुष वर्मा, अदिति, अर्जुन, सचिन, निबरू, नेहा, टीना, संगीता सहित सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे।

## फंदे से लटका मिला शव, गांव में छाया मातम

गोरखपुर । खजनी थाना क्षेत्र के रामपुर मलौली गांव में एक हृदयविदारक घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। सागर श्रीवास्तव उर्फ गोलू (28 वर्ष),पुत्र स्वर्गीय शंभूलाल,बीती रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया,और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।
जिसके मौत की सूचना मिलते ही महुआडाबर चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा कर जाँच में जुट गई है। स्थानीय लोगो के अनुसार सागर स्वभाव से शांत और मिलनसार था, लेकिन हाल के महीनों में वह गहरे अवसाद में था।वह अपनी ससुराल बसन्तपुर (गोरखपुर)में रह रहा था।एक दिन पहले वह अपने घर रामपुर मलौली आया था। इंटर-कास्ट विवाह के बाद उसे सामाजिक बहिष्कार और परिवारिक तनाव का सामना करना पड़ा।इधर उधर जीविकोपार्जन के लिए कभी दुकान पर तो कभी कुछ अन्य मजदूरी का कार्य करता था उस पर भारी कर्ज था।सूत्रों की माने तो मृतक सुसाइड नोट भी लिखा है जिसपर खजनी पुलिस बताने से कतरा रही है मृतक चार भाइयो में तीसरे नंबर पर था उसकी एक पुत्री 3 वर्ष और एक पुत्र 6 वर्ष पत्नी बसन्त पुर मायके रहती थी ,वह भी पत्नी के साथ रहता था , आत्महत्या के एक दिन पहले अपने घर आया और रात में फाँसी लगा ली,पिता का मौत कई वर्ष पहले हो गया था ।

## प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी हर व्यक्ति के लिए जरूरी : डॉ. रोहित श्रीवास्तव

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस पर 102 यूपी बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) द्वारा 'फर्स्ट एड और जलवायु परिवर्तन' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए फैकल्टी ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल के प्राचार्य डॉ. रोहित श्रीवास्तव ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्राथमिक चिकित्सा ही मरीज की संजीवनी है। किसी भी दुर्घटना में घबराएं नहीं बल्कि धैर्य के साथ त्वरित सहायता करें। डॉ. रोहित ने प्राथमिक उपचार के लक्ष्य पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि प्राथमिक चिकित्सा में आपातकालीन स्थितियों में त्वरित निर्णय लेने और सही प्राथमिक उपचार प्रदान करने की क्षमता को विकसित करने के लिए कैडेटों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आज की बदलती जलवायु परिवर्तन और बढ़ती आपदाओं के बीच फर्स्ट एड का ज्ञान हर व्यक्ति के लिए अनिवार्य हो गया है। यह न केवल आपातकालीन स्थिति में दूसरों की मदद करने का माध्यम है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में फर्स्ट एड की ट्रेनिंग अनिवार्य की जानी चाहिए, ताकि हम जलवायु आपदाओं का सामना संगठित रूप से कर सकें। कार्यशाला में प्रवक्ता आकाश वर्मा ने प्राथमिक उपचार के समय बरती जाने वाली सावधानियों एवं प्राथमिक उपचार के तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने सीपीआर का डिमांस्ट्रेशन देकर व्यक्ति की जान बचाने का कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम संयोजक लेफ्टिनेंट (डॉ.) संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि एनसीसी कैडेटों के लिए प्राथमिक चिकित्सा न केवल एक कौशल है।

# विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । राजकीय हाई स्कूल राजापुर कला विकासखंड बलहा के तहसील मोतीपुर में समग्र शिक्षा (माध्यमिक) के अंतर्गत दो दिवसीय विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 12 सितंबर एवं 13 सितंबर को हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नौ राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों ने प्रतिभाग किया । प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ प्रधानाचार्य मुक्तेश्वर पोद्दार एवं मास्टर ट्रेनर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर किया। विद्यालय की छात्राएं शहनाज,रोशनी, नेहा सिंह, दीपिका ने मां सरस्वती की वंदना स्वागत गीत द्वारा अतिथियों का स्वागत किया।प्रशिक्षण में संदर्भ दाता डॉ अजय कुमार वर्मा और प्रदीप श्रीवास्तव ने विस्तृत रूप से विद्यालय विकास में सहायक तमाम पहलुओं पर प्रकाश डाला और विद्यालय के समक्ष आने वाली विभिन्न समस्याओं का विभागीय और स्थानीय स्तर पर निराकरण के संबंध में चर्चा की।प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य मुक्तेश्वर पोद्दार ने धन्यवाद ज्ञापित कर किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक शिवकांत,विद्या प्रकाश,सुमन, किरण,मधु , शकुंतला,प्रदीप कुमार ,संध्या कुमारी ,सत्य प्रकाश ,पुष्पेंद्र कुमार ,वीरेंद्र कुमार ,ओमपाल तथा विभिन्न विद्यालयों की एसएमडीसी सदस्य उपस्थित रहे।

# तुलसी विवाह के पावन पर्व पर 108 कन्याओं का सामूहिक विवाह : दुर्गेश मदन यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कौड़ीराम,गोरखपुर। समाज सेवा के क्षेत्र में एक ऐसा व्यक्तित्व जो समाज में अपनी पहचान बना चुका है जिनका नाम दुर्गेश मदन यादव है ये कौड़ीराम के पास धौंसा गांव के रहने वाले है इनकी माता और भाई दुर्गा यादव अपने गांव के भूतपूर्व ग्राम प्रधान भी रह चुके है जो विगत पिछले साल से 108 कन्याओं का सामूहिक विवाह माता समय स्थान डरारी धाम धौंसहर गोला क्षेत्र में तुलसी विवाह के पावन पर्व पर इस बार भी संपन्न होगा। पिछली बार इन्होंने 108 गरीब कन्याओं का विवाह किए थे जिसमें जनसहयोग के माध्यम से प्रत्येक कन्या को एक हीरो मोटर साइकिल और घेरलू सामान देकर विदा किए थे जिसने करोड़ो का खर्च आया था। जब 108 हीरो की मोटरसाइकिल देने के लिए कतार में लगी तो लोगों के जुबान पर था कि अभी तक इस जिले में ऐसा समाजसेवी नहीं देखा कि अनाथ कन्याओं को मां बाप की कमी नहीं ख़ला जनसहयोग के माध्यम से उनकी जरूरतों को पूरा कर शादी किया। इस बार भी दुर्गेश मदन यादव ने तुलसी विवाह के पावन पर्व पर 108 कन्याओं के शादी का वीणा फिर उठाया है । इस बार एक सोने का माला एक एक अंगूठी और गृहस्थ जीवन का घरेलू सामान देकर एक साथ 108 कन्याओं को विदा करेंगे। इस बार भी इन्होंने अपने इस भव्य कार्यक्रम में लोगो को उपस्थित होने और वर बधू को आशीर्वाद देने का आग्रह भी किया है। ये दुर्गेश मदन यादव एक ऐसी शख्शियत है जिनको समाज सेवा का जुनून सवार है इन्होंने बताया कि सबसे बड़ा दान कन्यादान होता है जिन गरीब बच्चों के मां बाप नहीं है उनकी शादी में कोई खर्च उठाने वाला भी नहीं होता है यही सब सोचकर मैने अपने जीवन में ऐसा वीणा उठाया। ये थाईलैंड में रहते है वहां पर भी अपने क्षेत्र और जिले के लोगों का सहयोग करते रहते है अगर थाईलैंड में अपने यहां के लोगों को किसी भी मुसीबत ने देखते है इनको सूचना मिल गई तो वहां पहुंचकर हर संभव जन सहयोग के माध्यम से मदद करने का कार्य करते है। इस बार भी इन्होंने 2 नवंबर 2025 को तुलसी विवाह के पावन पर्व पर 108 कन्याओं को विवाह करने का वीणा उठा लिया है तैयारियां शुरू हो गया है। माता समय स्थान डरारी धाम धौंसहर गोला में सबको आमंत्रित किए है।

# प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका करती है मनमानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। प्राथमिक विद्यालय टांडा छत्रपति की शिक्षिका डौली शर्मा पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं।कि वह कई बार एससी पासी समाज के बच्चों को स्कूल से भगा चुकी हैं। आरोप है कि वह बच्चों और अभिभावकों को डराती-धमकाती भी हैं।इस संबंध में बीते दिनों कई शिकायत की गई थी, जिस पर फिलहाल जांच जारी है। हालांकि शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध कराए थे, इसके बावजूद जांच में गोलमाल किए जाने की आशंका जताई जा रही है।ग्रामीणों के मुताबिक शिक्षिका रोजाना मुश्किल से कुछ मिनट स्कूल आती हैं, उपस्थिति दर्ज करने के बाद लौट जाती हैं। सीसीटीवी कैमरे भी बंद रखे जाते हैं ताकि कोई रिकॉर्ड सामने न आ सके। आरोप यह भी है कि जुलाई, अगस्त और सितंबर महीनों में फल और दूध का वितरण नहीं हुआ। विद्यालय में लगभग 200 से अधिक बच्चों के नामांकन के बावजूद रोजाना मुश्किल से 10-15 ही उपस्थित रहते हैं। एमडीएम पंजिका पर अधिक बच्चे दर्शाये जाते हैं।गांव वालों का कहना है।कि शिक्षिका की जगह एक प्राइवेट लड़की बच्चों को पढ़ाती है, जबकि वर्षों से अनुपस्थित शिक्षामित्र के फर्जी हस्ताक्षर कराए जाते हैं। ग्रामीणों ने मिड-डे मील की व्यवस्था और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत पर भी सवाल उठाए हैं।गाँव वालो का यह भी आरोप लगाया है।कि स0 अ0 के पति बिजेंद्र कुमार प्रभारी शर्मा बीज भंडार कृषि विभाग पीलीभीत व ससुर बालकराम शर्मा स्कूल में ही डेरा जमाए रहते है। पूर्व में भी उक्त लोगों पर विद्यालय प्रकरण में पूरनपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया था और चेतावनी भी दी गई कि सौ मीटर विद्यालय से दूरी बनाए रखें मगर शिक्षा विभाग आधिकारियो की मिलीभगत से कोई कार्यवाही नहीं की गई ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो। इस संबंध में अजयपाल, दिलेराम, कुम्भकर्ण, अनिल कुमार, राजेश, मुकेश, सर्वेश एवं राजेंद्र कुमार एसएमसी अध्यक्ष आदि ने संयुक्त रूप से बीते दिनों ज्ञापन सौंपा है। प्रतिलिपि महानिदेशक स्कूल शिक्षा विभाग, सचिव बेसिक शिक्षा और मुख्यमंत्री कार्यालय लखनऊ को भी भेजी गई है।

## सड़क हादसे ने बुझाया दो परिवारों का सहारा कार और अज्ञात वाहन की आमने सामने टक्कर मे दो की मौत एक घायल

पूरनपुर। खुटार थाना क्षेत्र में रविवार सुबह 3 :30 बजे तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला पूरनपुर खुटार हाइवे मार्ग पर कार और एक अज्ञात वाहन की भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक लोग घायल हो गए हैं।मृतकों की पहचान कलीम रजा पुत्र रहीसुद्दीन उम्र 29 वर्ष और नवी अहमद पुत्र अब्दुल समद उम्र 60 के रूप में हुई है दुर्घटना इतनी भीषण थी। कार दूसरे वाहन से टकराने के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनो की मौके पर ही मौत हो गई तीसरा व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई जिसके बाद थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को जिला अस्पताल पहुंचाया वहीं एक अन्य घायल का इलाज अस्पताल में जारी है घटना की सूचना के बाद जिला अस्पताल में दोनों परिवारों के लोग पहुंच गए, जिससे माहौल गमगीन हो गया बताया जा रहा है।

# डीएम साहब ! कोटा की दुकानों के खुलने और बंद होने का समय नही निर्धारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### तिलोई क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों पर अधिकारियों के मोबाइल नम्बर नही अंकित

अमेठी । तहसील तिलोई क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में खुली सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों के खुलने और बंद होने का कोई समय निर्धारित नही है।यहां पर राशन वितरण के समय कार्डधारकों की लम्बी लम्बी लाइनें लगी देखी जा सकती है।कोटा की दुकानों पर अधिकारियों के मोबाइल नम्बरों के साथ कार्डधारकों की सूची तक चस्पा नही है।आपूर्ति विभाग से लेकर अन्य आला अधिकारी भी इस पर मौनधारण किये हुये है।प्रदेश सरकार द्वारा पात्र ग्रहस्थी योजना व अन्त्योदय कार्डधारकों को गेहूं चावल प्रत्येक माह सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा वितरित किया जाता है।जिलाधिकारी द्वारा निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की तिथियां निर्धारित की गई है और इन तिथियों में प्रातः दस बजे से पांच बजे तक दुकानों को खोलने का निर्देश भले ही जारी किया गया है लेकिन मातहत उसका अनुपालन कराने में नाकाम साबित हो रहे हैं।विकास खण्ड तिलोई की तिरसठ,सिंहपुर की छिहत्तर एवं बहादुरपुर की उनतालीस सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानें बताई जाती है।इन दुकानों का अगर औचक निरीक्षण किया जाय तो अधिकांश दुकानों पर अधिकारियों के मोबाइल नम्बर तक अंकित नही है।सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि इन दुकानों पर कार्डधारकों की सूची तक चस्पा नही है लेकिन डीएसओ से लेकर आपूर्ति निरीक्षक तक को यह खामियां नजर नही आती है।क्षेत्र में कोटा की दुकानों के खुलने और बंद होने का कोई समय निर्धारित नही है यहां पर उचित दर विक्रेताओं की मनमानी का सिक्का चलता है।राशन वितरण की निर्धारित तिथियों पर कोटा की दुकानों पर ताला लटकता बड़ी ही आसानी से देखा जा सकता है।कार्डधारकों की मानें तो मात्र दो तीन दिन ही खाद्यान्न वितरित किया जाता है और ई पास मशीनों पर राशन वितरण के पहले ही अंगूठा लगवा लिया जाता है।क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों के कार्डधारकों ने बताया कि कोटेदारों की जा रही घटतौली भयानक बीमारी बन गई है। आला अधिकारी इस पर अंकुश लगाने का कोई साहस नही जुटा पा रहे है।इस सम्बन्ध में आपूर्ति निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मनमानी करने वाले दुकानदारों को चिन्हित किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि सार्वजानिक वितरण प्रणाली की दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

# प्रधान ने सचिवालय में लगवाया स्वास्थ्य कैंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। विकास खंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कलां में निःशुल्क होम्योपैथिक दवा कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार का विशेष सहयोग रहा हैं द्य।इस कैंप के माध्यम से ग्रामवासियों को निःशुल्क होम्योपैथिक दवाएं वितरित की गईं।ग्रामवासियों ने ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार की प्रशंसा की,उनका कहना है कि वे विकास, राहत और स्वास्थ्य के हर पहलू पर विशेष ध्यान देते हैं। उनकी इस पहल से ग्रामवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। निःशुल्क होम्योपैथिक दवा वितरण का आयोजन पंचायत भवन में किया गया हैं।कैंप में ग्रामवासियों को निःशुल्क होम्योपैथिक दवाएं दी गईं। ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने कैंप के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामवासी ग्राम प्रधान की इस पहल की सराहना कर रहे हैं।

# हिन्दी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता में नंदिनी और चित्रकला में साक्षी ने मारी बाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर के गांव खानापुर चपरा स्थित विद्याकलश हाई स्कूल में हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के चार सदनों में अंतर्सदनीय प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रतिभाग करने वाले विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। हिन्दी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डॉ रामकल्प तिवारी एवं मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कवि शिव किशोर तिवारी खंजन जी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यक्रम संयोजक सुरभि शुक्ला ने बताया कि विद्यालय के चार सदनों में अंतर सदनीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमे निबंध लेखन, भाषण, सस्वर कविता पाठ , स्लोगन एवं चित्र कला प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चे अपनी मातृ भाषा से कितना प्रेम करते हैं वह उनकी प्रस्तुति, रचनाओं एवं कला कृतियों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा था अविद्यालय के संस्थापक डॉ राम कल्प तिवारी ने हिन्दी की उपादेयता एवं प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की सकार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव किशोर तिवारी खंजन ने अपनी कविताओं के माध्यम से अपनी मातृ भाषा हिंदी को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सभी सदनों के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया जिनमें भाषण प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में प्रथम आरजू ख़ान द्वितीय आकाश तिवारी तृतीय वैष्णवी जूनियर वर्ग में प्रथम अक्षत तिवारी, द्वितीय अनंत तिवारी तृतीय आयुष, निबंध प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में नंदिनी,द्वितीय सविता तृतीय रिंकी, जूनियर वर्ग में प्रथम अक्षत, द्वितीय प्रतीक, तृतीय सेजल गुप्ता, चित्र कला सीनियर में प्रथम साक्षी,द्वितीय लक्ष्मी सिंह,तृतीय अविनाश मिश्रा,जूनियर वर्ग में प्रथम अंकुर,द्वितीय आरोही,तृतीय सोनाक्षी ,स्लोगन निर्माण में प्रथम श्वेता,द्वितीय प्रतूष,तृतीय अल्तमश, कविता पाठ प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में प्रथम तुबा ख़ान,द्वितीय पीयूष पाठक, तृतीय स्थान आकाश प्रजापति , जूनियर वर्ग में प्रथम कुलसुम, द्वितीय स्थान अनन्त तिवारी व तृतीय स्थान पर सिमरन डीप रहे।कार्यक्रम में मेजर ध्यान चंद, रानी लक्ष्मी बाई, स्वामी विवेकानंद एवं कल्पना चावला सदन के बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन हिमांशु मिश्रा ने किया। इस मौके पर प्रबंधक डॉ आलोक तिवारी, डॉ जया त्रिपाठी,सुरेश चतुर्वेदी, सुरभि शुक्ला सहित समस्त शिक्षक, छात्र एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## राजभवन तिलोई में राज्यमंत्री ने सुनी जनसमस्याएं

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने रविवार को राजभवन तिलोई स्थित अपने आवास पर आमजन मानस की समस्याओं को सुना और विभिन्न जनपदों से आये लोगों से भेंटकर उनकी शिकायतों के निस्तारण के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने रविवार को अपने आवास पर आयोजित जनता दर्शन में कहा कि जनता की हर समस्या का त्वरित निदान हमारी प्राथमिकता है।राज्यमंत्री ने आम जनमानस की समस्याओं को गम्भीरता से सुनते हुये उनके निराकरण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश जारी किया।इस मौके पर सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह,सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, रमेश सिंह, नटराज सिंह राठौर,सुधीर सिंह, कुंवर दिनेश सिंह, ध्रुवराज पासी, आदित्य पाण्डेय, पंकज तिवारी सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यगण मौजूद रहे।

## अमृता खास में भाजपा कार्यकर्ताओ ने शासन से की पुल बनबाने की मांग

बीसलपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव अमृता खास से बौनी,इमलिया बैरा, को जाने वाला मार्ग पिछले दिनों आई बाढ में तेज धार में बह गया। इसके चलते कई मार्गों का आवागमन बाधित हो गया। उसको लेकर शनिवार को भाजपा के पदाधिकारी ने केंद्र के मंत्री को पत्र लिखकर आवागमन चालू करवाये जाने की मांग बीसलपुर के गांव अमृता खास से बैरा को जाने वाले मार्ग पर अंग्रेजों के शासन काल का एक पुल बना हुआ है। जो बीते दिवस भारी बाढ़ में तेज बहाव के कारण बह गया। जिस पर पूर्ण रूप से आबागमन बंद है। बृहस्पतिवार को भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष शरद पाल सिंह, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष गौतम शर्मा, मण्डल महामंत्री संगम बाजपेई, भाजपा नेता रामप्रताप, भाजपा नेता मुनीश शर्मा, भाजपा नेता धर्मपाल गंगवार आदि ने केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को पत्र लिखकर पुल चालू कराये जाने की मांग की है।

## तहसील सभागार में चुनाव संपन्न, अतहर हुसैन हुए विजयी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सभागार में रविवार दोपहर तीन बजे उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ जिला शाखा पीलीभीत का जिलाध्यक्ष चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव में कुल 60 मत पड़े, जिनमें अतहर हुसैन को 37 तथा शंभूनाथ को 23 मत मिले। इस प्रकार अतहर हुसैन ने 14 मतों से जीत दर्ज कर जिलाध्यक्ष पद अपने नाम किया। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं अन्य पदों पर निर्विरोध चुनाव हुआ। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजकुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर ओमेंद्र कुमार, जिला महामंत्री पर रामचंद्र राना, उप महामंत्री पर अजीत बाबू, कोषाध्यक्ष पर रामचंद्र, संगठन मंत्री पर विनोद कुमार और ऑडिटर पद पर राजीव कुमार शर्मा निर्विरोध चुने गए। चुनाव में संगठन के विभिन्न सदस्यों की सक्रिय भूमिका देखने को मिली। परिणाम के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूती देने और सदस्यों की समस्याओं के समाधान का संकल्प लिया।

## इमरजेंसी नम्बर पर 6 साल के बच्चे ने दी गाड़ी पलटने की दी झूठी सूचना रेलवे मे मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर के थाना क्षेत्र के ग्राम खमरिया पट्टी के रहने वाले सुनील कुमार के नम्बर से उसके 6 साल के बच्चे इमरजेंसी नम्बर पर ट्रेन पलटने की झूठी सूचना दे दी जिससे रेलवे महकमे मे हड़कंप मच गया और अफरा तफरी का माहौल हो गया सुनील ने बताया बच्चे द्वारा सूचना देने की जानकारी उसे नहीं हो पाई ट्रेन पलटने की डायल 112 पर दी गई सूचना से पुलिस के होश उड़ गए पुलिस रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई पड़ताल में सूचना फर्जी निकली काल करने सूचना देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है रविवार को ट्रेन पलटने की सूचना प्राप्त हुई सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंच गए रेलवे स्टेशन पूरनपुर पर स्टेशन मास्टर से इस प्रकार की घटना की किसी प्रकार की जानकारी के विषय में पूछा तो वह भी अवाक रह रहे बोले ऐसी किसी तरह की घटना नहीं हुई है उसके रेलवे पुलिस घूम फिरकर जानकारी का प्रयास किया। इस प्रकार की कोई जानकारी कहीं से प्राप्त नहीं हुई न ही घटना की कोई पुष्टि हो सकी सुनील कुमार खमरिया पट्टी के रहने को जीआरपी ने हिरासत मे लिया था थाना पूरनपुर जी आर पी पुलिस टीम ने सुनील को को गिरफ्तार कर लिया और उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी

## दर्दनाक हादसे में युवक की ट्रेन से कटकर मौत

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गभड़िया लखनऊ नाका क्रासिंग पर रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार वो घर से आकर ट्रैक के पास बैठा रहा। ट्रेन का इंतजार किया, ट्रेन आता देख उसने ट्रैक पर गर्दन रखा। ऐसे में ट्रेन उसकी गर्दन उड़ाती हुई निकल गई। और तड़पकर उसकी मौत हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार पलटू का पुरवा घोसियाना निवासी इकबाल अहमद (35) पुत्र हामिद उल्ला घर से नाराज होकर क्रासिंग के पास आकर बैठ गया। उसने जैसे ही बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन को आते हुए देखा वो ट्रैक पर लेट गया।

# बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों पीडीए जन चर्चा पंचायत का हुआ आयोजन उपस्थित रहे सैकड़ो लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। पीडीए कार्यक्रम के संयोजक एवं अध्यक्षता कर रहे 128 विधानसभा बरखेड़ा अध्यक्ष सपा अधिवक्ता सभा धनपति वर्मा एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा कि देश प्रदेश में भाजपा सरकार नौजवानों और छात्रों के साथ जिस तरह से व्यवहार कर रही है,वो छिपी नहीं है।अभी कुछ दिनों पहले छात्रों के साथ हुई घटना से ये साबित हुआ है ये सरकार छात्र और नौजवान,किसान विरोधी है। अब एक बड़े आंदोलन की की जरूरत है।जो कि समाजवादी नौजवान ही कर सकते हैं।संगठन का कार्य बहुत तेजी से चल रहा हैं।आगामी 2027 विधानसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी एवं अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे।इस दौरान मुख्य रूप से सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर,129 विधानसभा अध्यक्ष पूरनपुर संजय सिंह यादव,नरेश कुमार सागर,सतीश चंद्र वर्मा, ओमप्रकाश यादव,अशोक कुमार वर्मा,छत्रपाल सिंह यादव,प्रमोद कुमार यादव,हरिप्रसाद वर्मा,हरिशंकर,सत्यपाल, शिवचरन,राजेंद्र सिंह यादव,अनिल यादव, वेदप्रकाश दीक्षित,कान्तप्रसाद वर्मा, ऋषिपाल वर्मा, ब्रह्मसिंह यादव, सोनपाल, महेंद्र पाल वर्मा, सूरजपाल वर्मा, अमर सिंह यादव,नौबत सिंह यादव, पवन कुमार यादव,सचिन यादव, अमन यादव, सुरेन्द्र यादव,शिवम यादव,अखिलेश यादव,विपिन कुमार,राजेश यादव,रंजीत सिंह यादव,सुखदेव,दीपक वर्मा,विकास, रामेश्वर प्रसाद यादव,शेखर यादव, इंद्रजीत, छोटेलाल, आकाश, हंसराम, भूपराम वर्मा, जानकीप्रसाद, छिदम्मी लाल, गया प्रसाद, महिपाल, नेत्रपाल, धर्मवीर, हेमराज,कृष्ण आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सम्मानित ग्रामवासी शामिल रहे है।

## नगर पालिका परिषद का हो सकता है सीमा विस्तार

सुलतानपुर। नगर पालिका परिषद सुलतानपुर का सीमाक्षेत्र जल्द ही और विस्तारित किया जा सकता है। इस प्रक्रिया में आसपास के कई राजस्व ग्रामों और ग्राम वार्डों को शहरी क्षेत्र में शामिल करने का नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल द्वारा प्रस्ताव भेजा गया है। यह कदम नगर की बढ़ती आबादी, शहरीकरण और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा नगर विकास मंत्री को भेजे गए पत्र में अनुरोध किया गया है कि, नगर पालिका परिषद सुलतानपुर की सीमा का विस्तार वर्ष 1984-85 के बाद पहली बार किया जा रहा है। वर्तमान में नगर क्षेत्र में 25 वार्ड शामिल हैं और 2011 की जनगणना के अनुसार नगर की जनसंख्या 1,07,914 थी, जो अब लगभग 1.50 लाख से अधिक हो चुकी है। प्रस्तावित सीमा विस्तार से न केवल नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि नगर पालिका की आय में भी वृद्धि होगी। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भूमि भी उपलब्ध हो सकेगी।

# गोमती नदी में उतराया मिला लापता महिला का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। गुरुवार को रिश्तेदारी के लिए निकली लाला का पुरवा मजरे इसौली की लापता महिला का शव चार दिन बाद गोमती नदी से रविवार को बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार गुरुवार को घर से इसौली गांव में रिश्तेदारी जाने के लिए निकली लाला का पुरवा निवासी साधुराम सोनकर की पत्नी मोनिका सोनकर (उम्र लगभग 35 वर्ष) कहीं लापता हो गई थी जिसकी गुमशुदगी की तहरीर साधुराम सोनकर ने स्थानीय थाने पर दर्ज कराई थी। जिसकी खोज में स्थानीय पुलिस जुटी हुई थी। इसी बीच रविवार सुबह मृतका के घर से लगभग बारह किमी0 दूर थाना क्षेत्र की वल्लीपुर चौकी अंतर्गत मिठनेपुर गांव के पास मछली पकड़ रहे स्थानीय ग्रामीणों ने गोमती नदी में उतराया हुआ एक महिला का शव दिखाई पड़ा। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल स्थानीय चौकी पर दी। सूचना मिलते ही तत्काल चौकी प्रभारी अनिल सक्सेना व पारा चौकी प्रभारी चन्द्रशेखर सोनकर ने पुलिस टीम के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं कुछ लोगों द्वारा जानकारी मिली है कि महिला के गायब होने के बाद एक बच्ची ने जानकारी दी थी कि उसने किसी महिला को नदी में छलांग लगाते हुए देखा था। बच्ची ने फोटो देखकर मृतका की पहचान भी की थी। इसी आधार पर गोताखोर नदी में लगातार तलाश कर रहे थे और रविवार को शव नदी में ही मिला। पति साधुराम सोनकर ने बताया कि महिला मंदबुद्धि थी, इसके पहले भी घर से जाती थी मगर वापस आ जाती थी। शव मिलने की खबर सुनते ही मृतका के परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के परिवार में पति साधुराम सोनकर व दो पुत्री अनुष्का (7वर्ष) कनुष्का (5 वर्ष) तथा एक पुत्र प्रियांश( डेढ़ वर्ष) का है बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थाना प्रभारी नारदमुनि सिंह ने बताया कि लापता हुई महिला का शव नदी से बरामद हुआ है परिजनों ने पहचान कर ली है विधिक कार्यवाही बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

# पितरों को अर्पित कर श्रद्धा सुमन, गोमती मित्रों ने श्रमदान किया संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सनातन में पितृपक्ष एक ऐसा पक्ष जिसमें हर व्यक्ति अपने पितरों के प्रति श्रद्धावनत रहता है, कहते हैं इस वक्त पितृ अपने परिवार में लौटते हैं और सेवा से तृप्त हो पुनः अपने स्थान लौट जाते हैं। साप्ताहिक श्रमदान के दिन गोमती मित्रों ने भी सामूहिक रूप से मां गोमती के तट पर पितरों को नमन किया। श्रद्धा सुमन अर्पित किया, श्राद्ध स्थल पर विशेष रूप से साफ सफाई की और उन्हें याद करते हुए अपना श्रमदान संपन्न किया। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने गोमती मित्रों से एक बड़ी ही गूढ़ बात कही कि हम पितरों को नमन करते हैं अच्छी बात है लेकिन अपने जीवित पूर्वजों का भी पूरा सम्मान करें। मीडिया प्रभारी रमेश ने कहा कि सभ्य समाज के बीच में वृद्ध आश्रम की मौजूदगी एक बदनुमा धब्बा है, प्रातः 6:00 बजे से शुरू हुआ श्रमदान 9:00 बजे पूरी साफ सफाई के बाद संपन्न हुआ,शाम की आरती की भी पूरी तैयारी की गई। श्रमदान में प्रदेश अध्यक्ष, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी, संत कुमार प्रधान, मुन्ना सोनी, दिनकर सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# एंटीबायोटिक दुरुपयोग

यह सर्वविदित है कि भारत में डॉक्टरी सलाह तथा बिना परामर्श के एंटीबायोटिक दवाएं लेना आम बात है। यह जानते हुए भी कि लगातार इन दवाओं के सेवन से उनकी रोगप्रतिरोधक क्षमता गहरे तक प्रभावित होती है। एक समय ऐसा आ जाता है कि रोगों पर ये एंटीबायोटिक दवाएं काम करना बंद कर देती हैं। इस चिंता को हाल में हुए एक अध्ययन ने बढ़ाया है। नये अध्ययन ने एक परेशान करने वाली सच्चाई को उजागर किया है, जो बताता है कि भारत में एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग के पीछे मरीजों की सोच एक प्रमुख कारक है। अधिकांश लोगों की धारणा है कि इन दवाओं के सेवन से वे स्वतरू ही ठीक हो जाएंगे। उन्हें डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं होगी। वहीं दूसरी ओर निजी क्षेत्र के कुछ डॉक्टर भी अक्सर अपने मरीजों को बनाए रखने के लिये ऐसा करते हैं। वास्तव में इस प्रवृत्ति के परिणाम खासे चौंकाने वाले हैं। अध्ययन के मुताबिक भारत में अकेले निजी क्षेत्र में ही सालाना आधे अरब से ज्यादा एंटीबायोटिक दवाएं लिखी जाती हैं। जिनमें बड़ी संख्या में ऐसी दवाइयां होती हैं, जिनकी वास्तव में जरूरत ही नहीं होती। आमतौर पर बच्चों में होने वाले दस्त के मामले में यह दुरुपयोग सबसे ज्यादा है। हालांकि, ज्यादातर मामले वायरल का प्रभाव होते हैं। ऐसी स्थिति में ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट और जिंक सकारात्मक परिणाम देते हैं। अध्ययन से पता चला है कि इसके बावजूद 70 फीसदी मामलों में अभी भी एंटीबायोटिक दवाओं से इलाज किया जाता है। लेकिन हकीकत यह है कि अतार्किक मांग, कड़े कानूनों का अभाव और डॉक्टरों द्वारा जरूरत से ज्यादा दवाइयां लिखने के कारण एंटीबायोटिक दवाइयों पर मरीजों की निर्भरता बढ़ती चली गई है। कालांतर एंटीबायोटिक दवाइयों पर लगातार बढ़ती निर्भरता के चलते एक घातक चक्र का निर्माण होता है। जो मरीज के शरीर में तमाम तरह के साइड इफ़ेक्ट भी पैदा करता है। वास्तव में इससे बड़ा संकट यह है कि एक समय के बाद ये दवाइयां रोग के खिलाफ काम करना बंद कर देती हैं। कई तरह के रोग बढ़ाने वाले रोगाणु इनके खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर लेते हैं। बहुत संभव है कि किसी महामारी के वक्त व्यक्ति का शरीर एंटीबायोटिक के इस्तेमाल के बावजूद सुरक्षा कवच न दे। निश्चित रूप से इस संकट से बचने का सरल उपचार यही है कि इसका उपयोग कम से कम किया जाए। सरकारों को भी कानून के जरिये इसका नियमन करना चाहिए। हमें इससे जुड़े आसन्न संकट को महसूस करना चाहिए। यह खतरा मरीज की व्यक्तिगत सुरक्षा से कहीं आगे तक विस्तारित है। गंभीर चिंता का विषय यह है कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध यानी एएमआर दुनिया में सबसे घातक संकटों में से एक के रूप में उभर रहा है। डराने वाला आंकड़ा यह है कि वैश्विक स्तर पर, यह पहले से ही हर साल लगभग 50 लाख मौतों का कारण बनता है। अकेले भारत में, वर्ष 2021 में 2.5 लाख से ज्यादा मौतें सीधे तौर पर एएमआर से जुड़ी थीं और लगभग 10 लाख से ज्यादा मौतें दवा-प्रतिरोधी संक्रमणों से जुड़ी थी। खासतौर पर चिंताजनक तथ्य यह है कि वर्ष 2019 में, गंभीर दवा-प्रतिरोधी जीवाणु संक्रमण वाले केवल 7.8 भारतीयों को ही प्रभावी एंटीबायोटिक्स मिले। जो इस उपचार की एक बड़ी कमी को उजागर करता है। जिसके चलते प्रतिरोधी रोगाणु आसानी से फैलते हैं और एक बार ठीक हो सकने वाले संक्रमणों को घातक बना देते हैं। जिसके चलते सर्जरी, कैंसर के इलाज और नियमित देखभाल को कहीं ज्यादा जोखिमभरा बना देते हैं। निश्चित रूप से इस दिशा में जनजागरण अभियान की जरूरत है कि हर छोटे-मोटे रोग के लिये एंटीबायोटिक दवाइयां लेने की जरूरत नहीं है। जन अभियानों के जरिये एंटीबायोटिक्स से जुड़ी भ्रांतियों को सरकार व सामाजिक स्तर पर दूर करने की जरूरत होगी। इनके अंधाधुंध उपयोग रोकने के लिये कानून से नियमन जरूरी है। साथ ही तर्कसंगत उपचार के लिये किफायती नैदानिक विकल्प व्यापक रूप से उपलब्ध कराने होंगे। साथ ही सरकार सुनिश्चित करे कि जिनको वास्तव में एंटीबायोटिक्स दवाओं की जरूरत है, उन्हें ये समय पर सहज रूप से मिल सकें। अन्यथा प्रतिरोध की यह मौन महामारी अनगिनत लोगों की जान ले लेगी।

# आधुनिक तकनीक एवं मानवीय करुणा है लोकतंत्र की बुनियाद

**अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर विशेष**

**लोकतंत्र केवल शासन प्रणाली ही नहीं है, बल्कि एक ऐसा ढाँचा है जो मानवाधिकारों की सुरक्षा, कानून के शासन और निर्णय लेने में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करता है। 2024 में, दुनिया की लगभग आधी आबादी वाले 50 से ज्यादा देशों में चुनाव हुए, जिससे वैश्विक स्तर पर समाजों के भविष्य को आकार देने में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस केवल एक प्रतीकात्मक दिवस भर नहीं है, बल्कि यह अवसर है कि हम यह परखें कि लोकतंत्र अपने आदर्श रूप में कितना जीवंत है और वास्तविक जीवन में कितनी चुनौतियों से जूझ रहा है। इतिहास साक्षी है कि जब-जब लोकतंत्र ने अपनी जड़ों को मजबूत रखा, तब-तब समाज और राष्ट्र ने अभूतपूर्व प्रगति की, लेकिन जब-जब लोकतांत्रिक मूल्यों से खिलवाड़ हुआ, तब-तब अराजकता, अशांति, हिंसा, आतंक और तानाशाही प्रवृत्तियां हावी हो गईं। आज सबसे बड़ी चिंता यह है कि लोकतांत्रिक देशों में ही लोकतांत्रिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। नेपाल में पिछले दिनों से चल रही अस्थिरता और आंदोलन यह दर्शाती है कि वहां की राजनीतिक नेतृत्व ने जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के बजाय सत्ता संघर्ष को वरीयता दी। बार-बार सरकार बदलना, नीतियों में असंगति, शासनगत भ्रष्टाचार और आमजन की समस्याओं की अनदेखी लोकतंत्र के मूल स्वरूप को ही चोट पहुँचाती है। यही हाल पाकिस्तान का है जहां लोकतांत्रिक ढांचा होते हुए भी सेना और सत्ता की सांठगांठ ने लोकतंत्र को खोखला बना दिया है।**

संयुक्त राष्ट्र ने 15 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के रूप में नामित किया है ताकि दुनिया भर में लोकतंत्र और उसके मूल सिद्धांतों का जश्न मनाया जा सके। विश्व समुदाय ने पहली बार 2008 में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाना नए या पुनर्स्थापित लोकतंत्रों के पहले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की 20वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्वीकार किया, जिसने लोगों को दुनिया भर में लोकतंत्र को बढ़ावा देने पर ज़ोर देने का अवसर प्रदान किया। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की समीक्षा करना, लोकतंत्रीकरण और मानवाधिकारों को बढ़ावा देना और दुनिया भर की सरकारों से नागरिकों के अधिकारों का सम्मान करने और लोकतंत्र में सार्थक एवं सार्थक भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह करना है। साथ ही, सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा का उद्देश्य 16 सतत विकास लक्ष्यों के साथ लोकतंत्र को संबोधित करना, सूचना तक जनता की पहुँच सुनिश्चित करना, मौलिक स्वतंत्रताओं की रक्षा करना, राष्ट्रीय कानूनों और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों का पालन करना और प्रभावी, जवाबदेह, समावेशी संस्थाओं का विकास करना है। यह दिन दुनिया भर में लोकतंत्र को बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जिसमें स्वतंत्र प्रेस और मौलिक स्वतंत्रताएं शामिल हैं, जिन्हें सेंसरशिप और शारीरिक हिंसा के बढ़ते खतरों का सामना करना पड़ता है। लोकतंत्र केवल शासन प्रणाली ही नहीं है, बल्कि एक ऐसा ढाँचा है जो मानवाधिकारों की सुरक्षा, कानून के शासन और निर्णय लेने में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करता है। 2024 में, दुनिया की लगभग आधी आबादी वाले 50 से ज्यादा देशों में चुनाव हुए, जिससे वैश्विक स्तर पर समाजों के भविष्य को आकार देने में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस केवल एक प्रतीकात्मक दिवस भर नहीं है, बल्कि यह अवसर है कि हम यह परखें कि लोकतंत्र अपने आदर्श रूप में कितना जीवंत है और वास्तविक जीवन में कितनी चुनौतियों से जूझ रहा है। इतिहास साक्षी है कि जब-जब लोकतंत्र ने अपनी जड़ों को मजबूत रखा, तब-तब समाज और राष्ट्र ने अभूतपूर्व प्रगति की, लेकिन जब-जब लोकतांत्रिक मूल्यों से खिलवाड़ हुआ, तब-तब अराजकता, अशांति, हिंसा, आतंक और तानाशाही प्रवृत्तियां हावी हो गईं। आज सबसे बड़ी चिंता यह है कि लोकतांत्रिक देशों में ही लोकतांत्रिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। नेपाल में पिछले दिनों से चल रही अस्थिरता और आंदोलन यह दर्शाती है कि वहां की राजनीतिक नेतृत्व ने जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के बजाय सत्ता संघर्ष को वरीयता दी। बार-बार सरकार बदलना, नीतियों में असंगति, शासनगत भ्रष्टाचार और आमजन की समस्याओं की अनदेखी लोकतंत्र के मूल स्वरूप को ही चोट पहुँचाती है। यही हाल पाकिस्तान का है जहां लोकतांत्रिक ढांचा होते हुए भी सेना और सत्ता की सांठगांठ ने लोकतंत्र को खोखला बना दिया है। वहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर पाबंदी और विपक्षी नेताओं पर दमन लोकतांत्रिक आदर्शों का उपहास है। बांग्लादेश में हाल के आंदोलनों ने यह स्पष्ट कर दिया कि सत्ता का केंद्रीकरण लोकतंत्र का गला घोंटता है। वहां आम जनता और छात्रों की आवाज़ को कुचलने का प्रयास हुआ जिससे असंतोष उभरकर सामने आया। भूटान जैसे छोटे राष्ट्र में भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपेक्षित रूप में मजबूत नहीं हो पा रही और सत्ता पर कुछ वर्गों का वर्चस्व देखा जा रहा है। ये उदाहरण बताते हैं कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने या संसद चलाने का नाम नहीं है। लोकतंत्र का अर्थ है नागरिक अधिकारों की रक्षा, समान अवसर, पारदर्शी शासन और जनता के प्रति जवाबदेही। जब नेता जनता से कट जाते हैं, जब संस्थाएं निष्पक्ष न रहकर सत्तापक्ष की कठपुतली बन जाती हैं, जब अभिव्यक्ति पर अंकुश लगाया जाता है, तब लोकतंत्र अपने असली स्वरूप से दूर हो जाता है। यही वजह है कि आज लोकतंत्र विश्वव्यापी संकट से गुजर रहा है। आज दुनियाभर की शासन-प्रणालियों में घर कर रही समस्याओं के समाधान का रास्ता लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना में है। सबसे पहले राजनीतिक दलों को आंतरिक लोकतंत्र अपनाना होगा, क्योंकि यदि दलों में ही तानाशाही हो तो राष्ट्र में लोकतंत्र कैसे जीवित रहेगा? दूसरा, स्वतंत्र न्यायपालिका, स्वतंत्र मीडिया और मजबूत निर्वाचन प्रणाली लोकतंत्र की रीढ़ हैं, इन्हें किसी भी हालत में कमजोर नहीं होने देना चाहिए। तीसरा, नागरिक समाज और युवाओं को लोकतंत्र की रक्षा के लिए सजग और सक्रिय रहना होगा। महात्मा गांधी ने कहा था, 'लोकतंत्र जनता की आज्ञाकारिता नहीं, जनता की जागरूकता पर टिका है।' निश्चित है कि लोकतंत्र सर्वोत्तम शासन प्रणाली है, परंतु यह तभी प्रभावी हो सकता है जब इसके मूल तत्व-पारदर्शिता, जवाबदेही, समानता और स्वतंत्रता को व्यवहार में उतारा जाए। यदि लोकतंत्र सही ढंग से चले तो इससे उन्नत शासन प्रणाली नहीं हो सकती। लोकतंत्र केवल व्यवस्था नहीं, बल्कि एक सतत साधना है, और उसकी रक्षा का दायित्व शासकों से कहीं अधिक जनता पर है। लोकतंत्र केवल एक शासन-प्रणाली नहीं है, बल्कि यह जीवन-मूल्यों और मानवीय गरिमा का उत्सव है। इसमें शासक और शासित का भेद मिट जाता है और सत्ता का वास्तविक केन्द्र जनता होती है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी आत्मा में निहित है-जनता की सक्रिय भागीदारी और संवाद। जहाँ जनता मौन रहती है और केवल शासकों पर सब कुछ छोड़ देती है, वहाँ लोकतंत्र धीरे-धीरे खोखला हो जाता है और तानाशाही का रूप धारण कर लेता है। लोकतंत्र की सफलता का मूलमंत्र है-उत्तरदायित्व और पारदर्शिता। यदि सत्ता में बैठे लोग अपने को जनता से ऊपर समझने लगें, भ्रष्टाचार और पक्षपात में डूब जाएँ, तो लोकतंत्र के मूल तत्व ही नष्ट हो जाते हैं। आज की परिस्थितियों में लोकतंत्र को सबसे बड़ी चुनौती है-मूल्यों का ह्रास। केवल बाहरी ढाँचे और प्रक्रियाएँ ही लोकतंत्र को जीवित नहीं रख सकतीं। जब तक नागरिकों में नैतिक चेतना, कर्तव्य-बोध और सामाजिक सरोकार नहीं होंगे, तब तक लोकतंत्र केवल बहुमत की तानाशाही बनकर रह जाएगा। जैसा कि प्रायः कहा गया है-'लोकतंत्र वही है जहाँ जनमत की गरिमा सुरक्षित हो, जनता की आवाज़ सुनी जाए और शासन जनता के कल्याण के लिए कार्य करे।' लोकतंत्र का दूसरा पहलू है-विकेन्द्रित शक्ति। यदि सारे निर्णय केवल शीर्ष पर सीमित रहेंगे और गाँव, नगर, पंचायत या स्थानीय निकाय निष्क्रिय रहेंगे तो लोकतंत्र अधूरा रहेगा। असली लोकतंत्र वही है जहाँ निर्णय जनता की ज़मीनी ज़रूरतों के अनुसार हों और सत्ता की प्रक्रिया नीचे से ऊपर की ओर बहे। यह संवाद और सहमति का मार्ग है, संघर्ष और हिंसा का नहीं। इसे केवल व्यवस्था मानना भूल है; यह तो एक संस्कार और संस्कृति है, जो सतत आत्मावलोकन, आत्म-सुधार और समावेशिता की माँग करता है। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाते हुए इसका सार यही है कि लोकतंत्र को बचाए रखने और उसे प्रभावी बनाने के लिए केवल संविधान और चुनाव काफी नहीं हैं; उसकी आत्मा को जीवित रखना आवश्यक है, जो जन-जागरण, नैतिकता और उत्तरदायित्व से ही संभव है। इस वर्ष लोकतंत्र दिवस मनाते हुए 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई और लोकतंत्र' के विषयों पर ज़ोर दिया जा सकता है, जिसके तहत एआई के जिम्मेदार उपयोग से लोकतंत्र के मूल्यों को मजबूत करने की बात कही जाती है। यह दिन सभी के लिए एक सुरक्षित, समावेशी और अधिक जीवंत डिजिटल भविष्य बनाने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों, भागीदारी, और मानवाधिकारों पर सामूहिक रूप से काम करने के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीक के इस युग में लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि हम तकनीक को केवल सुविधा का साधन न मानकर पारदर्शिता, संवाद और मानवीय मूल्यों को सशक्त करने का माध्यम बनाएँ। एआई लोकतंत्र को अधिक सहभागी और जवाबदेह बना सकता है-निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को डेटा-संपन्न, सटीक और पारदर्शी बनाकर, जनता की आवाज़ को त्वरित रूप से शासन तक पहुँचाकर। लेकिन यदि तकनीक केवल सत्ता या कॉर्पोरेट के हाथों का खिलौना बन जाए तो यह लोकतंत्र की आत्मा को कुचल सकती है। इसलिए ज़रूरी है कि तकनीकी नवाचार को मानवीय विवेक और करुणा से जोड़ा जाए। बढ़ती हिंसा, युद्ध और आतंक की स्थितियों का समाधान भी इसी में है कि हम संवाद, सहअस्तित्व और सहयोग को प्राथमिकता दें। लोकतंत्र को केवल राजनीतिक प्रणाली नहीं, बल्कि शांति और मानवीय गरिमा की संस्कृति बनाना होगा, जहाँ तकनीक मानवता की सेवा करे, विभाजन और विनाश का हथियार न बने। **–ललित गर्ग**

# लोकतंत्रः दुनिया की सबसे अच्छी शासन व्यवस्था

**डॉ. लोकेश कुमार**

आज विश्व में लोकतंत्र सबसे अच्छी शासन व्यवस्था है, जिसमें व्यक्ति को शासन में भागीदारी करने का मौका मिलता है। अन्तरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस हर वर्ष 15 सितम्बर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसकी स्थापना 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से पारित एक प्रस्ताव के माध्यम से की गई थी। इसका मुख्य लक्ष्य लोकतंत्र को मजबूत और सुदृढ़ बनाना है। लोकतंत्र का तात्पर्य जनता के शासन से माना जाता है, जिसमें जनता शासन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भागीदारी निभाती है। अब्राहम लिंकन के अनुसार लोकतंत्र ' जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिए शासन है।' उन्होंने लोकतंत्र को केवल एक राजनीतिक प्रणाली के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे शासन के रूप देखा जो समानता और स्वतंत्रता के आदर्शों पर आधारित है । ब्रिटिश राजनीतिक दार्शनिक जॉन स्टुअर्ट मिल का मानना था कि लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था ही सबसे अच्छी है। लेकिन, सच्चा प्रजातंत्र तो वह है, जिसमें सभी नागरिक प्रत्यक्ष रीति से शासन कार्य में भाग लेते हैं, किन्तु यह प्रयोग संभव नहीं है। वर्तमान दौर में बड़े-बड़े देशों में प्रत्यक्ष प्रजातंत्र चलना संभव नहीं है। लोकतंत्र में सर्वोत्म शासन अप्रत्यक्ष प्रजातंत्र या प्रतिनिधिमूलक शासन ही होना चाहिए । यद्यपि यह लोकतंत्र व्यवस्था पूर्णतया दोषमुक्त नहीं है, लेकिन फिर भी उसको अच्छा बनाया जा सकता है। लोकतंत्र का जन्म यूनान में हुआ है। ईसा से लगभग सात-आठ सौ वर्ष पूर्व यूनानी सभ्यता विकसित हो चुकी थी। यहां सैकड़ों जनसमूह भिन्न-भिन्न घाटियों में जीवन व्यतीत करते थे। ऐसे जनसमूहों के प्रदेशों को नगर राज्य कहा जाता था। यहां के लोगों ने राजनीतिक संगठन कायम किए। नगर राज्य में ग्रामीण एक-दूसरे से पृथक रहकर भी सामुदायिक जीवन व्यतीत करते थे। इनके सामुदायिक हित भी समान रूप से थे। यूनान के एथेंस में प्रत्यक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था थी। यहां के सभी नागरिक एक्लीजिया नामक परिषद में इकट्ठे होकर नगर में शासन व्यवस्था चलाने पर विचार-विमर्श किया करते थे और वहां के सभी नागरिकों को शासन में भागीदारी निभाने का बारी-बारी से मौका मिलता था। 461-629 ई.पू. में एथेंस की प्रत्यक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था उन्नति के शिखर पर विराजमान थी। इस नगर का भू-भाग लगभग 1000 वर्ग मील था। इसकी जनसंख्या लगभग 3-4 लाख के मध्य थी। प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. रोमिला थापर कहती है कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था के गुण वैदिक काल और 600 ईसवी पूर्व में ही मिलने लगे थे। वर्तमान दौर की संसद की तरह प्राचीन समय में परिषदों का निर्माण किया गया था, जो वर्तमान संसदीय व्यवस्था मिलता -जुलता है। ऐसा अनुमान है कि वैदिककालीन 'सभा ' जन (कबीला) के वृद्ध लोगों की परिषद रही होगी और समिति सारे जन की एक सामान्य परिषद होगी। जिस कबिला में निर्वाचित राजा नहीं होता था, ये परिषदें, सरकार के कर्तव्यों और अधिकारों का निर्वहन करती थीं। लगभग 600 ई.पू. हिमालय की तलहटियों में, उनके कुछ दक्षिण और आधुनिक पंजाब में प्रजातंत्र राज्य बसे हुए थे, जबकि भारत के राजतंत्र गंगा के मैदानों में केन्द्रित थे। राजतंत्रों की अपेक्षा प्रजातंत्र व्यक्तिवादी और स्वतंत्र मत के कम विरोधी थे और आगे चलकर महत्वपूर्ण सामाजिक और धार्मिक रूढ़िमुक्तता का रूप धारण करने वाले दो सम्प्रदायों के नेता प्रजातंत्रों में ही उत्पन्न हुए थे। बुद्ध का सम्बंध शाक्य जन और जैन मत के संस्थापक महावीर का यांत्रिक जन से था। जब भारत देश को स्वतंत्रता मिली सभी ने लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था अपनाने पर जोर दिया। भारत में 75 साल से लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था बनी हुई है। लेकिन दुर्भाग्य है कि हाल ही के वर्षों में हमारे दो पड़ोसी मुल्कों में लोकतांत्रिक सरकारों के खिलाफ कुछ युवाओं ने हिंसात्मक आन्दोलन करके सरकारों को बेदखल कर दिया। राजनीतिक चिंतक डॉ. धर्मवीर चंदेल कहते हैं कि दुनिया में लोकतंत्र ही अच्छी शासन व्यवस्था है, लेकिन चुनी हुई सरकारों को जनता के हितों के लिए काम करना चाहिए। बहरहाल,यह कह सकते हैं कि लोकतांत्रिक सरकारें भी अपने देश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आर्थिक खाई पर लगाम लगाने का प्रयास करें नहीं तो आज का युवा चुनी हुई सरकारों के खिलाफ हो सकता है। दो राय नहीं कि लोकतांत्रिक व्यवस्था दुनिया की सबसे अच्छी शासन व्यवस्था साबित होती रही है।

## सेहत मंत्र

# धमनियों में प्लाक जमा होने के संकेत हैं पीठ में दर्द और स्तंभन दोष

धमनियां वे रक्त वाहिकाएं होती हैं जो शरीर के सभी हिस्सों में रक्त पहुंचाने की प्रक्रिया में मदद करती हैं। ये धमनियां शरीर के सभी हिस्सों में रक्त और ऑक्सीजन को पहुंचाने का काम करती हैं। यह शरीर को उचित पोषण प्राप्त करने में भी मदद करता है। इस प्रकार, सभी रक्त वाहिकाओं का स्वस्थ रहना आवश्यक है। कोलेस्ट्रॉल, वसा और अन्य कुछ चीजें हैं जो धमनियों में प्लाक बनाती हैं और इसके कार्यों में बाधा उत्पन्न करती हैं। जोकि, शरीर को ठीक से काम करने के लिए रोकता है। इस प्रकार, धमनियों की अच्छी देखभाल करने के लिए हमें उन संकेतों को समझना होगा जो धमनियों के कार्यों में बाधा डालती हैं। यदि आपकी पीठ दर्द कर रही है, तो यह बुढ़ापे की निशानी हो सकती है। लेकिन अगर ऐसा नहीं है, तो इसका मतलब यह है कि आपकी धमनियां कहीं अवरुद्ध हो रही हैं यानी रूकावट पैदा हो रही है। शरीर के कई हिस्से रक्त प्राप्त करने में असमर्थ होते हैं, परिणामस्वरूप पीठ की डिस्क कमजोर हो जाती है और बुरी तरह से दर्द होता है। अगर आप यौन संबंध बनाते समय इरेक्टाइल डिसफंक्शन की समस्या के शिकार हो रहे हैं इसका मतलब है कि आपके पेल्विस के पास की धमनियों को उचित रक्त नहीं मिल रहा है। यह दिल का दौरा पड़ने का शुरुआती लक्षण हो सकता है। जब मस्तिष्क की ओर जाने वाली धमनियों में प?लाक जमा होने लगती है, तो रक्त दिमाग तक नहीं पहुंच पाता है, जिसके कारण मस्तिष्क की धमनियां मृत होने लगती है। जो आगे चलकर स्ट्रोक का कारण बन सकती हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि दिल के दौरे की समस्या के पीछे मुख्य कारण धमनियों का दब जाना है। जब धमनियों में रूकावट पैदा होती है और रक्त का प्रवाह ठीक तरह से नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में हृदय रोगों की संभावना बढ़ जाती है। यह स्थिति इस ओर इशारा करती है कि आपके धमनियों में रूकावट पैदा हो रही है। यदि आपके कॉफ की मांसपेशियों में चलने या खड़े होने के दौरान दर्द हो रहा है, तो यह धमनियों में जमाव का कारण हो सकता है।

## धर्म मंत्र

# गजकेसरी योग से मिलती है जीवन में सफलता

ज्योतिशास्त्र के अनुसार कुंडली में गजकेसरी योग का निर्माण होना बहुत शुभ माना गया है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार जातक की कुंडली के द्वादश भावों में से किसी में भी यदि गुरु और चंद्रमा की युति होती है तो गजकेसरी योग माना जाता है। हालांकि, इन दोनों ग्रहों पर किसी पाप ग्रह की दृष्टि नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही कई ज्योतिषशास्त्र के जानकारों का यह भी मानना है कि यदि गुरु और चंद्रमा एक-दूसरे पर दृष्टि डालते हैं तो तब भी इस योग का निर्माण होता है। शास्त्रों के अनुसार गज को भगवान गणेश का प्रतीक माना गया है और वे बुद्धि के देवता माने जाते हैं इसलिए जिस व्यक्ति की कुंडली में यह योग होता है उसकी बौद्धिक क्षमता अच्छी होती है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार गज केसरी योग में जन्मे व्यक्ति में अहं नहीं होता है और इसके साथ ही उसमें सिंह के जैसी स्फूर्ति भी पाई जाती है। इस योग में जन्मा व्यक्ति अपनी महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करने से नहीं चूकता। इसके साथ ही उसमें सिंह की तरह दूरदर्शिता भी देखी जाती है। गजकेसरी योग में जन्में लोगों में दूसरों को अपनी बातें समझाने और दूसरों की बातों समझने का गुण होता है। ऐसे लोगों का स्वास्थ्य भी ज्यादातर दुरुस्त रहता है। जिन जातकों की कुंडली में गजकेसरी बनता है, उन्हें कई स्त्रोतों से धन लाभ होता है। ऐसे लोगों को समाज में मान-सम्मान और प्रतिष्ठा मिलती है। ऐसे लोग समाज में सकारात्मक परिवर्तन करने के लिए भी प्रयास करते हैं।

## पर्यटन



# एशिया की दूसरी सबसे ऊंची दीवार है कुंभलगढ़

पहाड़ और समुद्र से इतर कभी ऐतिहासिक जगह घूमने का मन हो तो राजस्थान से बेहतर जगह भला और क्या हो सकती है। यहां महल और किलों की भरमार है। इन्हीं में से एक है राजसमंद जिले का कुंभलगढ़ किला। इस किले की दीवार के बारे में कहा जाता है कि चीन की दीवार के बाद यह एशिया की दूसरी सबसे ऊंची दीवार है। कुंभलगढ़ किला उदयपुर से करीब 82 किलोमीटर की दूरी पर अरावली की पहाड़ियों पर बना हुआ है। इसे यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट का स्टेटस भी मिल चुका है। कहा जाता है कि इस किले को बनने में 15 साल लगे थे और इसका निर्माण मेवाड़ के शासक महाराणा कुंभा ने 15वीं शताब्दी में करवाया था। इस किले की दीवार 36 किलोमीटर लंबी और 15 फीट चौड़ी है। इसे एशिया की दूसरी सबसे ऊंची दीवार का दर्ज़ा प्राप्त है। किले में 360 मंदिर है जिसमें से 300 मंदिर जैन धर्म के और बाकी 60 हिंदू धर्म के हैं। ऐसा सुरक्षा के लिहाज से किया गया था। भले ही इस किले के बारे में बहुत लोग नहीं जानते हैं, लेकिन इसकी खूबियां किसी भी अन्य किले से कम नहीं है। यह अपने आप में बहुत खास है। किले के पास में ही एक जंगल था जिसे अब वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी में तब्दील कर दिया गया है। इसकी दूसरी खासियत यह है कि मेवाड़ के महान योद्धा महाराणा प्रताप का जन्म कुंभलगढ़ में हुआ था। कुंभलगढ़ के मशहूर महलों में से एक है बादल महल इसमें मर्दाना महल और जनाना महल दो हिस्से हैं जो आपस में जुड़े हुए हैं। महल के शानदार कमरे पेस्टल रंगों से बने भित्ति चित्रों से सजे हुए हैं। इसी महल में महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था। किले की दीवार शैंपेन की बोतल की आकार की बनी हुई है। दरअसल, ऐसा दुश्मनों को कैद करने के लिए बनाया गया था। किले के ऊपर से आसपास का पूरा नज़ारा दिखता है। यहां जैन धर्म के 300 खूबसूरत मंदिर बने हुए हैं, जो वास्तुकला का बेजोड़ नमूना है। बारिश के मौसम में इन मंदिरों की सुंदरता देखते ही बनती है।

# दरियाबाद कोतवाली में दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक

## शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दरियाबाद, बाराबंकी। आगामी दुर्गा पूजा पर्व को लेकर दरियाबाद कोतवाली परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट जटा शंकर मिश्रा, नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।क्षेत्राधिकारी जटा शंकर मिश्रा ने कहा कि दुर्गा पूजा शांति एवं सौहार्दपूर्वक मनाई जाए। उन्होंने आयोजकों से अपील की कि दुर्गा पांडाल की जिम्मेदारी से देखरेख की जाए, खुले में बिजली के तार न छोड़े जाएं और परमिशन लेने के बाद ही प्रतिमा स्थापित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पांडाल में बालू और पानी की व्यवस्था रहे तथा अश्लील गीत बिल्कुल न बजाए जाएं जिससे शांति व्यवस्था भंग हो। साथ ही विसर्जन जुलूस में शराब पीकर शामिल न होने की सख्त हिदायत दी। नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने आयोजकों से आग्रह किया कि प्रत्येक पंडाल में कम से कम पांच वॉलंटियर तैनात किए जाएं ताकि निगरानी सुदृढ़ रहे। जहां महिलाओं की बैठक हो, वहां पर बैरिकेडिंग की जाए। बैठक में कोतवाली प्रभारी मनोज सोनकर, सुधीर तिवारी, मनीष पांडेय, रणवीर सिंह, चौकी इंचार्ज दरियाबाद गौरव अवस्थी, चौकी प्रभारी अलियाबाद राकेश कुमार तिवारी, राहुल वर्मा, संजय शर्मा, अमर सिंह राणा सहित मूर्ति स्थापक एवं अन्य लोग मौजूद रहे ।

# टी ई टी प्रकरण : सचेतक विधान मंडल दल को ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों के जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने के कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक शिक्षकों का पक्ष मजबूती से रखने और गलत तथ्यों को प्रस्तुत किए जाने के कारण माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पूर्व से नियुक्त शिक्षकों को सेवा में बने रहने के लिए "टेट" परीक्षा उत्तीर्ण किए जाने के अव्यावहारिक आदेश को मानवीय आधार पर वापस लिए जाने एवं भारत सरकार द्वारा शिक्षा अधिकार नियमावली में संशोधन कर देश के शिक्षकों की सेवा सुरक्षित करने एवम् करोड़ों परिवार के जीवन को सुरक्षा प्रदान किए जाने के लिए प्रदेश के समस्त जनप्रतिनिधियों के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री जी भारत सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री जी , माननीय शिक्षा मंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार को सेवारत शिक्षकों की सेवा शर्तों/नियमों के सम्बन्ध में सुसंगत,निर्णय लेने का अनुरोध किया ।

# तेलंगाना विजिट, प्रधान ने विधायक से अनुभव किया साझा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। तेलंगाना राज्य में आयोजित पाँच दिवसीय एक्सपोजर विजिट से वापस आए ग्राम पंचायत भंडार के प्रधान चंदन लाल ने पंचायत व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएँ, पोषण अभियान और ग्राम विकास योजनाओं से संबंधित अपने अनुभव क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा से साझा किए। इस अवसर पर प्रदीप रावत, नितिन मौर्य, राजेश सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। प्रधान ने बताया कि तेलंगाना में गाँवों के विकास में जनसहभागिता की अहम भूमिका है।

उन्होंने कहा कि वहाँ हर परिवार को पोषण अभियान से जोड़ा गया है। बेटियों के जन्म पर स्वागत समारोह आयोजित किया जाता है और परिवार के नाम से एक हजार रुपये का खाता खोलकर आर्थिक सहायता दी जाती है साथ ही पौधा भेंट किया जाता है। प्रत्येक परिवार को छह-छह छायादार और फलदार वृक्ष लगाने अनिवार्य किए गए हैं जिससे गाँव का पर्यावरण स्वच्छ और हराभरा बना रहे ।

प्रधान चंदन लाल ने आगे बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाती है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण होता है और उन्हें मुफ्त दवाइयाँ उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके अलावा प्रत्येक सौ दिन पर गाँव के युवा व वृद्ध जन भी श्रमदान कर स्वच्छता अभियान में सहयोग करते हैं।वहां की ग्राम पंचायत आत्म निर्भर है।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना के अनुभवों से प्रेरणा लेकर वे अपने गाँव भंडार में पोषण, वृक्षारोपण, स्वच्छता और स्वास्थ्य अभियानों को और मजबूती देंगे। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान चंदन लाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# सिंघनी ग्रामसभा में करोड़ों का घोटाला, शिकायतकर्ता ने जांच पर उठाए सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

'बल्दीराय/सुल्तानपुर। ग्रामसभा सिंघनी में भ्रष्टाचार का काला साम्राज्य प्रशासन की जांच को भी अपने शिकंजे में जकड़ता नज़र आ रहा है। शिकायतकर्ता प्रवीण कुमार सिंह ने जिला व ब्लाक स्तर की जांच प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका आरोप है कि करोड़ों के घोटाले को जिम्मेदारों की मिलीभगत से दबाया जा रहा है।

प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि ब्लाक से लेकर जिला प्रशासन तक "सेटिंग-गेटिंग" और दबाव के चलते लीपापोती का खेल जारी है। जबकि योगी सरकार बारंबार 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर ज़ोर देती है, लेकिन जमीनी स्तर पर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण मिल रहा है। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए ताकि ग्रामसभा के धन का सही हिसाब जनता के सामने आ सके।

ब्लाक-जिला गठजोड़ ने सिंघनी भ्रष्टाचार पर डाली काली चादर

ग्रामसभा सिंघनी में हुए करोड़ों के घोटाले को ब्लाक व जिला प्रशासन की मिलीभगत से दबाने का आरोप गहराता जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि ग्रामप्रधान और जिम्मेदार अधिकारी मिलकर सरकारी धन डकार गए हैं, और अब जांच को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच की मांग, प्रवीण सिंह ने खोला भ्रष्टाचार का पिटारा सिंघनी घोटाले का खुलासा करते हुए शिकायतकर्ता प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि जब तक स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच नहीं होगी, तब तक भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई संभव नहीं। उन्होंने मुख्यमंत्री व जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है ताकि गांव की जनता को न्याय मिल सके।

## थाने पर हिस्ट्रीशीटरों ने अपराध न करने का लिया संकल्प

सिद्धौर बाराबंकी। रविवार को कोठी थाने पर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के कुल 72 हिस्ट्रीशीटरों को बुलाया गया। इनमें से 42 हिस्ट्रीशीटर थाने पर उपस्थित हुए।थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने सभी उपस्थित हिस्ट्रीशीटरों से विस्तृत वार्ता करते हुए उन्हें अपराध के रास्ते से दूर रहने की सीख दी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपराध का अंत सदैव बुरा होता है और अपराधी चाहे कितनी भी देर तक बच जाए, कानून के शिकंजे से नहीं निकल सकता। इसलिए अपराध की राह छोड़कर समाज में सम्मान और परिवार के सुख-शांति के लिए जीवन को नई दिशा देने की आवश्यकता है।इस दौरान सभी हिस्ट्रीशीटरों को यह शपथ भी दिलाई गई कि वे भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल नहीं होंगे और समाज में शांति, सद्भाव और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करेंगे।बैठक के समय थाना परिसर में गंभीरता और आत्ममंथन का वातावरण रहा। अपराध की राह छोड़ने की इस पहल से स्थानीय लोगों के बीच सकारात्मक संदेश गया।इस मौके पर थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया के साथ शिवसागर तिवारी, अशोक कुमार यादव, राशिद खान, विजय कुमार यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

## भागवत कथा और विष्णु महायज्ञ आयोजित

निंदूरा बाराबंकी । ग्राम पंचायत बजगहनी के जानीनगर स्थित ब्रह्मा देवस्थान पर चल रहे श्रीमद्भागवत कथा एवं 51 कुंडी श्रीविष्णु महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को प्रातःकालीन हवन-पूजन संपन्न हुआ। कथा व्यास आचार्य द्वारिकानंद जी महाराज ने मनु-शतरूपा की कठोर तपस्या और भगवान विष्णु के श्रीराम अवतार का प्रसंग सुनाया। कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मालिक पर वेतन न देने का आरोप

निंदूरा बाराबंकी। नारायनपुर निवासी अशांक यादव ने कुर्सी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर एजेंसी मालिक शिवराज यादव पर गाली-गलौज, मारपीट और राइफल से धमकाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि वेतन मांगने पर एजेंसी मालिक ने धक्के देकर बाहर निकाल दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गुरु पर्व पर भव्य भंडारे का आयोजन, साधु-संतों का हुआ सम्मान

मसौली बाराबंकी। बाबा रामशरण दास भगवत दास कुटी हनुमान मंदिर में गुरु पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बटुकों द्वारा स्वस्तिवाचन व हनुमान चालीसा पाठ से शुरुआत हुई। भंडारे में आसपास के गांवों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। साधु-संतों का अंगवस्त्र और फल देकर सम्मान किया गया।

## बाइक भिड़ंत में महिला की मौत, दामाद गंभीर

निंदूरा बाराबंकी। बड्डूपुर थाना क्षेत्र में रविवार को तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बहलीदपुर निवासी फिरोज अहमद व उनकी सास रहीसुन गंभीर रूप से घायल हो गए। रहीसुन को लखनऊ रेफर किया गया लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है।

## घर में फांसी लगाकर युवक ने दी जान

रामसनेहीघाट बाराबंकी। भीखरपुर गांव में 19 वर्षीय राकेश पुत्र रामबहादुर ने शनिवार देर रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय पत्नी घर से बाहर गई थी। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर शव देखा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भेजकर कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## मस्जिद के बाहर खराब पड़ा वाटर कूलर, गर्मी में लोग परेशान

बेलहरा (बाराबंकी)। नगर पंचायत द्वारा मस्जिद के बाहर लगाया गया वाटर कूलर कई दिनों से खराब पड़ा है। भीषण गर्मी में न तो नमाज़ी और न ही राहगीर ठंडा पानी पी पा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है, वहीं नगर पंचायत प्रशासन इस पर चुप्पी साधे हुए है।

## आज शाम 5:00 तक ठप्प रहेगी बिजली आपूर्ति

बाराबंकी। स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर समेत ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत सप्लाई सोमवार सुबह 10 बजे से शाम 5 तक बंद रहेगी। उक्त जानकारी सिद्धौर विद्युत पावर हाउस के अवर अभियंता दयाल चंद ने दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को सिद्धौर उप केंद्र से मुरलीगंज तक 33 केवी पण्डरा लाइन के पेड़ों की कटाई -छटाई का कार्य चलेगा। जिससे उक्त समयाअवधि में सिद्धौर टाउन,सेमरावां एवं सुसवाई फीडर के समस्त क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

## पद्म पुरस्कार के संस्तुति हेतु प्रधानमंत्री को डॉ एके सिंह ने लिखा पत्र

सुल्तानपुर। जिले के वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव की सामाजिक सेवाओं को देखते हुए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री पदम पुरस्कार की संस्तुति करें यह अपील जनपद के प्रसिद्ध सर्जन डॉ एके सिंह ने किया है। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक सेवा समिति के अध्यक्ष देव पुरुष के रूप में प्रसिद्ध करतार केशव यादव विगत 40 वर्ष से पीड़ित वंचित मानवता की सेवा सहायता कर रहे हैं आपकी सेवाओं से हजारों लोगों को जीवनदान मिला है हजारों लोगों को रोजी रोजगार का साधन मिला है हजारों गरीबों को प्रतिवर्ष सर्दियों में रजाई कंबल लड़कियों की शादी विवाह में सहायता आदि कार्य किए जाते हैं। प्र अ प्रबुद्ध प्रकोष्ठ उ प्र जदयू ओमप्रकाश उपाध्याय के द्वारा निवेदन के उपरांत प्रसिद्ध सर्जन डॉ एके सिंह ने भारत के प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि हम भी करतार केशव यादव के साथ सेवाओं में सहभागी रहते हैं। डॉ साहब जिला संघ चालक आईएमए के अध्यक्ष अनेक संस्थाओं के महत्वपूर्ण पदों पर भी है।

## जिले का पहला इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन

सुलतानपुर। इको प्लग एनर्जी इंडिया लिमिटेड की ओर से गोसाईंगंज थाना के बगल जिले का पहला इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग शोरूम शुरू किया गया है। यहां इलेक्ट्रिक बाइक, रिक्शा और कारों की चार्जिंग की चौबीसों घंटे सुविधा उपलब्ध रहेगी।

रविवार को सदर विधायक ने फीता काटकर इस चार्जिंग स्टेशन का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि भविष्य इलेक्ट्रिक वाहनों का है। प्रदूषण मुक्त और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन व्यवस्था के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। इस तरह के चार्जिंग स्टेशन ग्रामीण इलाकों में भी बड़ी राहत देंगे और रोजगार के अवसर भी बढ़ाएंगे। इको प्लग एनर्जी इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि कंपनी का लक्ष्य जिले में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना और चार्जिंग की समस्या को दूर करना है। इसके लिए आगे भी कई स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन खोले जाएंगे। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार चतुर्वेदी, अयोध्या प्रसाद मिश्रा, भानु प्रताप मिश्रा, राम बहादुर वर्मा, वंश बहादुर, राजेंद्र उपाध्याय, वितबारी विनय समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों की मदद करने में इन कर्मियों का कोई सानी नही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## वरिष्ठ सहायक विजय राय,चालक संघ के सचिव मो.वसीम और बेलाल अहमद बने मिसाल

सुल्तानपुर। जब भी किसी जरूरतमंद के सहयोग की बात आती है,तब सबसे पहले सीएमओ कार्यालय के तीन कर्मी याद आते है, वरिष्ठ सहायक विजय राय, चालक संघ के सचिव मो.वसीम और अनुचर बेलाल अहमद इन तीनों कर्मियों ने अबतक दर्जनों क्षयरोगियों को गोद लेकर हर माह पौष्टिक आहार किट तो देते ही है, साथ में उनकी दवा-इलाज खानपान और उनकी देखरेख का जिम्मा उठाते है और पूरी इमानदारी से निभाते भी है। जबकि इसी जनपद में बहुत सारे खुद को समाजसेवी घोषित किए हुए है, लेकिन जब एक क्षयरोगी को गोद लेने के लिए कहा जाता है, तो माथे पर पसीने की बूंदे छलक जाती है, बहरहाल जो मानसिक और दिमागी तौर पर समाजसेवी है,उसका सत्कार्य दिखाई देता है, और जो जबान से समाजसेवी बने है उनकी कलई खुलती रहती है, मतलब साफ है कि बडी-बडी बात करने वालों को जब सिर्फ एक क्षयरोगी को गोद लेने के लिए कहा जाता है तो अनसुना कर देते है, परंतु सीएमओ कार्यालय के विजय राय, मो. वसीम और बेलाल अहमद की जरूरतमंदों के साथ की जाने वाली सेवा व सहयोग मील का पत्थर साबित हो रही है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, भटक रहे हैं ग्रामीण, बीएलओ निषक्रिय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। ग्राम पंचायत बड़ागांव मे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पूर्व मतदाता सूची के सत्यापन के लिए लगाएंगे बीएलओ द्वारा कार्य शुरु न किये जाने से सत्यापन कार्य ठप्प है और मतदाता वोटरलिस्ट मे नाम बढ़वाने के लिए भटक रहे है।

बताते चले कि चुनाव आयोग की ओर से ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम शुरू किया गया। जो 19 अगस्त से शुरु हुआ और 29 सितंबर तक चलेगा जिसमे राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से ग्राम पंचायत मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कराने के आदेश दिए गए है, जिससे नए मतदाताओं के नामों को सूची में शामिल करने किसी के नाम में कोई त्रुटि है तो उसका संशोधन कराकर उसे सही कराने की जिम्मेदारी है। अब इस कार्यक्रम की अंतिम तिथि को भी कुछ ही दिन शेष रह गए हैं लेकिन ग्राम पंचायत बड़ागांव मे मतदाता सूची के सत्यापन के लिए नियुक्त बीएलओ बिर्जेश व रिचा सिंह ने अपने क्षेत्र में अभी तक काम शुरू नहीं किया है उक्त दोनो बीएलओ द्वारा अभी तक ड्यूटी नहीं ली जबकि ग्राम पंचायत बड़ागांव मे ही तैनात बीएलओ सबाना ने अपने क्षेत्र में आधे से ज्यादा काम पूरा कर लिया है। लेकिन बीएलओ बिर्जेश एव रिचा सिंह द्वारा कार्य शुरु न किये जाने से ग्राम पंचायत बड़ागांव के वार्ड संख्या 1 से लेकर वार्ड संख्या 10 तक के मतदाता नाम बढ़वाने एव सही कराने के लिए दर दर भटक रहे है शिकायत करने के बाद भी संबंधित बीएलओ के विरुद्ध कोई कार्यवाही न होने के कारण मतदाता सूची सत्यापन कार्य हो जाना बड़ा मुश्किल कार्य लग रहा है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने बताया कि बीएलओ बिर्जेश एव रिचा सिंह द्वारा काम न शुरु किये जाने की शिकायत खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारी जानेंद्र गुप्ता, सुपरवाइजर सुभाषचंद्र से शिकायत करने के बाद कार्य चालू नही किया गया है।

। खण्ड शिक्षा अधिकारी जानेंद्र गुप्ता ने बताया कि इन बीएलओ की ड्यूटी लगने के बाद भी उन्होंने काम को शुरू नहीं किया है। जबकि आयोग की ओर से निर्धारित समय की सीमा भी अब पूरी होने वाली है। ड्यूटी ने लेने वाले ऐसे बीएलओ को पहले भी कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन उनमें से करीब 12 बीएलओ ऐसे हैं जिन्होंने ड्यूटी नहीं ली है।

# पाकिस्तान भारत क्रिकेट मैच, शिवसेना का विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## पाकिस्तान का पुतला फूंका



बाराबंकी।राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे के शिव सैनिको ने आज भारत पाक के बीच हो रहे क्रिकेट मैच के विरोध में प्रदेश महासचिव मनोज मिश्र विद्रोही के अगुवाई नगर के छाया चौराहे पर पाकिस्तान व बीसीसीआई का पुतला एवं पाकिस्तान के झंडे को फूंका

इस मौके पर प्रदेश महासचिव मनोज मिश्र विद्रोही ने कहा कि बीसीसीआई अब पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बन गया है पुलवामा और पहलगाम में विधवाओं के सिन्दूर की आग अभी ठंडी नहीं हुई हैं और पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेला जा रहा है खूनी खेल के बाद अब क्रिकेट नाकाबिले बर्दाश्त है केंद्र सरकार और बीसीसीआई को देश की जनता माफ नहीं करेगी किसी बीसीसीआई सदस्य के परिवार का कोई सदस्य पहलगाम में आतंकियों द्वारा नहीं मारा गया था इसलिए वे लोग पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के साथ एशिया कप में क्रिकेट खेल रहे है देश की राष्ट्रवादी जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ महंगा पड़ेगा इस लिए अविलंब पाकिस्तान के मैच खेलने पर रोक लगाया जाए इस अवसर पर प्रदेश सचिव सविता श्रीवास्तव, जिला वरिष्ठ उप प्रमुख कमलेश सिंह चौहान, जिला उप प्रमुख दीपू वाल्मिकी उर्फ पंडित, जिला उप प्रमुख अजय गुप्ता, जिला सचिव प्रवीन वर्मा, राम सनेही घाट तहसील प्रमुख परशुराम वर्मा, जिला सचिव धीरज कुमार, जिला प्रचारक राधेश्याम सैनी, युवा सेना जिला प्रमुख मनोज सिंह मिंटू, जिला महासचिव बीर सिंह ,मंडल उप प्रमुख सर्वेंद्र प्रताप सिंह दीपक, व्यापार सेना जिला प्रमुख सुशील जायसवाल उर्फ बबलू, विद्यार्थी सेना जिला प्रमुख दिव्य प्रकाश पाठक,जय देवी, आसमां बानो,किरन देवी,महेंद्र वर्मा , निंदुरा ब्लाक प्रमुख राम प्रसाद निगम,सरवन बाबा, महेंद्र वर्मा, श्यामू वाल्मिकी, देशराज गौतम,आकाश निगम ,हर्षित श्रीवास्तव, आनंद मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# एशिया कप में हांगकांग को हराकर सुपर फोर में पहुंचना चाहेगी श्रीलंका

एजेंसी

दुबई। श्रीलंका एशिया कप 2025 के आठवें मैच में हांगकांग को हराकर सुपर फोर में पहुंचना चाहेगी। वही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हांगकांग सम्मान के साथ विदाई के लिए संघर्ष करेगी।

चारिथ असलांका की अगुवाई श्रीलंका की टीम अपने पहले मैच में बंगलादेश को छह विकेट से हराने के बाद आत्मविश्वास से भरी हुई है। उनकी बल्लेबाजी में टीम के रूप में लय में दिख रही है। 34 गेंदों पर 50 रनों की सहज पारी खेलने वाले पथुम निसांका एक अलग ही स्तर पर बल्लेबाजी करते दिख रहे हैं, जबकि बंगलादेश के खिलाफ कामिल मिशारा की नाबाद 46 रनों की पारी ने उनकी उम्र से कहीं अधिक संयम दिखाया। कुसल मेंडिस और कुसल परेरा शीर्ष क्रम में स्थिरता प्रदान करते हैं, और कप्तान असलांका के साथ कामिंदु मेंडिस अंतिम ओवरों में मजबूती प्रदान करते हैं। वहीं गेंदबाजी की बात की जाये तो श्रीलंका के पास दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा ने गति और सटीकता का मिश्रण है। दुबई की पकड़ी पिचों पर वानिंदु हसरंगा की शानदार लेग स्पिन एक सिद्ध मैच-विजेता गेंदबाज बनी हुई है, और प्रबंधन परिस्थितियों के अनुसार, स्पिन आक्रमण में एक और परत जोड़ने के लिए महेश थीक्षाना को लाने पर विचार कर सकता है।





हांगकांग की बात की जाये तो अफगानिस्तान और बंगलादेश से हार के बाद अब तक उन्हें सफलता नहीं मिली है, लेकिन यासिम मुर्तजा की टीम एक चुनौतीपूर्ण प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। जीशान अली, अंशुमान रथ और बाबर हयात बल्लेबाजी की जिम्मेदारी का भार संभालेंगे, जबकि अतीक इकबाल ने शानदार इकॉनमी से तीन विकेट लेकर गेंद से उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। दुबई की पिच से तेज गेंदबाजो को शुरुआती मूवमेंट मिलने की उम्मीद है, जिसके बाद यह एक भरोसेमंद बल्लेबाजी ट्रैक बन जाएगी। अनुशासन के साथ खेलने वाले स्पिनर बीच के ओवरों में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। बाद में ओस की संभावना है। यहां टॉस मैच के फैसले को प्रभावित कर सकता है।

## एशिया कप में खाता खोलने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे यूएई और ओमान

अबुधाबी। मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सोमवार को यहां एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए मुकाबले में जब पहली बार इस प्रतियोगिता में खेल रहे ओमान से भिड़ेगा तो उसकी कोशिश भारत से मिली हार को भुलाकर मैच जीतने की होगी। इन दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था और उनका लक्ष्य इस मैच में जीत हासिल करके अपना खाता खोलना होगा। दूसरी बार एशिया कप में खेल रही यूएई की टीम अपने पहले मैच में 13.1 ओवर में मात्र 57 रन पर ढेर हो गई और भारत ने अपनी सबसे तेज टी-20 जीत दर्ज की। ओमान का प्रदर्शन भी कुछ बेहतर नहीं रहा। पाकिस्तान के खिलाफ 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 16.4 ओवर में 67 रन पर आउट हो गई, जिससे एसोसिएट टीमों और टूर्नामेंट की दिग्गज टीमों के बीच के अंतर स्पष्ट नजर आने लग गया है। यूएई के मुख्य कोच लालचंद राजपूत ने माना कि उनकी टीम ने पहले कभी इतनी बेहतरीन गेंदबाज़ी नहीं देखी थी और वे भारत के स्टार खिलाड़ियों के सामने किसी तरह की चुनौती नहीं पेश कर पाए लेकिन उन्हें ओमान के खिलाफ टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में खेल कर अच्छी तैयारी के साथ इस टूर्नामेंट में उतरी संयुक्त अरब अमीरात की टीम को अगर अपना खाता खोलना है तो कप्तान मुहम्मद वसीम, अलीशान शराफू, राहुल चोपड़ा, आसिफ खान और बाएं हाथ के स्पिनर हैदर अली को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। जहां तक ओमान का सवाल है तो शाह फैसल और आमिर कलीम ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन-तीन विकेट लेकर प्रभावित किया, जबकि हम्माद मिर्ज़ा ही एकमात्र बल्लेबाज़ रहे जो थोड़ा बहुत प्रभाव छोड़ पाए। ओमान के अधिकतर खिलाड़ी अपनी नौकरी और खेल के बीच

# जैस्मीन ने विश्व मुक्केबाजी में जीता स्वर्ण

एजेंसी



नई दिल्ली। विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में भारत की जैस्मिन लंबोरिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम कर देश का गौरव बढ़ाया। उन्होंने 57 किलोग्राम वर्ग के फाइनल मुकाबले में पोलैंड की दिग्गज खिलाड़ी जूलिया स्जेरेमेटा को हराकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। बता दें कि जूलिया ने पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीता था। हालांकि, इस चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष मुक्केबाजों के लिए निराशा रही। 12 साल बाद ऐसा पहली बार हुआ है जब भारतीय पुरुष टीम बिना कोई पदक जीते स्वदेश लौटेगी। कजाखस्तान के सांजेर ताशकेनबे ने जदुमणि सिंह को 4-0 से हराकर भारत की पदक की उम्मीदों को खत्म कर दिया। 24 वर्षीय जैस्मिन लंबोरिया का जन्म 30 अगस्त, 2001 को हरियाणा के भिवानी में हुआ था। उन्होंने इस साल अस्ताना में आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में भी स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा, जैस्मिन ने 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स और 2021 एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम किए थे। उनकी यह उपलब्धि भारतीय मुक्केबाजी के लिए गर्व का क्षण है।

# सात्विक-चिराग हांगकांग ओपन के फाइनल में हारे

एजेंसी

हांगकांग। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी आज हांगकांग में जीत के करीब पहुँच गए थे, लेकिन यहां पुरुष युगल के खिताबी मुकाबले में चीन के लियांग वेइकेंग और वांग चांग से 62 मिनट में 21-19, 14-21, 17-21 से हार गए। शुरुआत से ही, भारतीय जोड़ी में एक उद्देश्यपूर्ण भावना थी। उन्होंने स्पष्ट सर्विस और रिटर्न किया, समझदारी से रैलियाँ बनाईं और गेम पॉइंट पर एक शांत हॉकआई चैलेंज की मदद से पहला गेम 21-19 से अपने नाम कर लिया। यह इस बात का संकेत था कि उन्होंने अपनी ताकत और स्थिर निर्णय को कितनी अच्छी तरह से संयोजित करना सीख लिया है। हालाँकि, चीनी जोड़ी ने दूसरे गेम में अपनी लय हासिल कर ली। लियांग के तीखे स्मैश और वांग के तेज इंटरसेप्शन ने भारतीयों को बार-बार बचाव करने पर मजबूर कर दिया। 21-14 का स्कोरलाइन न केवल दूसरी टीम के दबाव को दर्शाता है, बल्कि सात्विक-चिराग की लंबाई और रोटेशन की गुणवत्ता में भी थोड़ी गिरावट दर्शाता है। जैसा कि अक्सर उच्चतम स्तर पर होता है, निर्णायक गेम शुरुआती कुछ आदान-प्रदानों पर निर्भर था। लियांग और वांग ने शुरुआत में ही हमला बोला और भारतीयों के संभलने से पहले ही स्कोर 6-0 कर दिया। हालांकि सात्विक और चिराग ने बीच में ही अपनी लय पकड़नी शुरू कर दी और साहसिक खेल और तेज पूर्वानुमान के साथ 10-18 से 17-20 पर पहुंच गए, लेकिन अंतर बहुत ज्यादा साबित हुआ। तीसरे मैच पॉइंट पर लियांग के क्लीन विनर ने एक घंटे से ज्यादा चले मुकाबले को पक्का कर दिया। भारतीय टीम तीसरे गेम को थोड़े अफसोस के साथ, लेकिन साथ ही उत्साह के साथ भी देखेगी।



# चोट से उबरने के बाद करियर को फिर पटरी पर लाने को तैयार हैं गुरजपनीत

एजेंसी

बेंगलुरु। चेतेश्वर पुजारा को शून्य पर आउट करने से लेकर नेट्स पर विराट कोहली को गेंदबाजी करने तक, गुरजपनीत सिंह पिछले साल अगले स्तर की चुनौती के लिए तैयार थे लेकिन ग्रोइन की चोट ने बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को मैदान से दूर कर दिया। इस चोट के कारण उन्हें चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ आईपीएल 2025 सत्र से हटना पड़ा और उनकी जगह डेवाल्ड ब्रेविस ने ली। लेकिन अब धीरे-धीरे गुरजपनीत का करियर पटरी पर लौट रहा है जिसका सबूत यहां चल रही दलीप ट्रॉफी में दक्षिण क्षेत्र के लिए दो पारियों में लिए गए आठ विकेट हैं। तीसरे दिन के खेल के बाद गुरजपनीत ने कहा, ''मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहा हूं। हमेशा एक दिन में कम से कम 20 ओवर गेंदबाजी करने की उम्मीद करता हूं। मुझे अपने कार्यभार को भी प्रबंधित करना है और हर गेंद पर अपना शत प्रतिशत देना है, चाहे मैं थका हुआ हूं या नहीं।



आक्रामक रजत पाटीदार के खिलाफ जिस तरह से उन्होंने गेंदबाजी की उसमें उनकी मेहनत और क्रिकेट की समझदारी साफ दिखाई दे रही थी। पाटीदार 115 गेंदों में 101 रन की पारी के दौरान अपर कट का अच्छा इस्तेमाल कर रहे थे लेकिन गुरजपनीत को मध्य क्षेत्र के कप्तान की बल्लेबाजी में अधीरता नजर आई। गुरजपनीत ने कहा, ''मैंने सोचने की कोशिश की३ वह (पाटीदार) हमेशा गेंद को कनेक्ट करने की कोशिश कर रहा है, हमेशा गेंद को खेलने की कोशिश कर रहा है क्योंकि उसने अधिक गेंद नहीं छोड़ी। मैं सोच रहा था कि उसमें यश (राठौड़) जितना धैर्य नहीं है। उन्होंने कहा, ''मैंने सोचा कि हम उसे कुछ अच्छे बाउंसर कर सकते हैं। मुझे पता था कि कुछ बाउंड्री लगेंगी लेकिन वह बल्ला भी चलाएगा और शायद किनारा लग जाए या कुछ और हो जाए। गुरजपनीत ने कहा, ''फिर 2-3 ओवर मैंने उसे बाउंसर फेंके और हमने कैच के लिए डीप स्क्वायर लेग, फाइन लेग पर एक क्षेत्ररक्षक रखा। जब कप्तान (मोहम्मद अजहरुद्दीन) स्पिनर लाना चाहते थे तो मैंने उनसे एक और ओवर के लिए कहा और अगली ही गेंद पर वह आउट हो गया। तमिलनाडु का यह तेज गेंदबाज 2022 से चोटों से परेशान रहा है जिसकी शुरुआत पीठ के निचले हिस्से में खिंचाव से हुई थी। गुरजपनीत ने कहा, ''उस साल टीएनपीएल के दौरान मुझे पीठ के निचले हिस्से में चोट लग गई थी। चोट से वापसी करना बहुत मुश्किल होता है क्योंकि आपको अपनी ताकत भी बनाए रखनी होती है और कई अन्य क्षेत्रों में भी आपको कमी महसूस होगी क्योंकि आपका शरीर पहले जैसा नहीं रहता। उसी लय में आने में अधिक समय लगता है। उन्होंने कहा, ''जब मैं वापस आया तो मैं फिटनेस से जूझ रहा था। मैं अधिक ओवर नहीं कर पा रहा था इसलिए धीरे-धीरे, दिन-ब-दिन मैंने स्ट्रेंथ और अनुकूलन कोच और फिजियो के साथ मिलकर जो भी जरूरी था वह किया और इससे मुझे टीएनपीएल 2023 में खेलने में मदद मिली और यह एक अच्छा सत्र रहा। वर्ष 2024 की शुरुआत 26 साल के गुरजपनीत के लिए शानदार रही जब उन्होंने सौराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में अनुभवी बल्लेबाज पुजारा को शून्य पर आउट कर दिया। उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन देकर छह विकेट चटकाए।

# टाटा कैपिटल के आईपीओ से आईएफसी को हो सकती है बड़ी कमाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) को टाटा कैपिटल के आगामी दो अरब अमेरिकी डॉलर (17,000 करोड़ रुपये) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से भारी मुनाफा होने की उम्मीद है, क्योंकि विश्व बैंक समूह की यह इकाई इस गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी में अपनी हिस्सेदारी कम करने पर विचार कर रही है। अद्यतन दस्तावेजों के मसौदे (डीआरएचपी) के अनुसार, आईएफसी इस निर्गम में 3.58 करोड़ शेयर बेचेगी, जो 2011 में टाटा कैपिटल के क्लीनटेक कारोबार पर किए गए शुरुआती दांव का एक हिस्सा है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा अपने शेयरों को सूचीबद्ध करने के लिए समय दिए जाने के बाद, टाटा कैपिटल अक्टूबर के पहले पखवाड़े में अपना दो अरब अमेरिकी डॉलर का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ला सकती है। इससे पहले, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने के लिए 30 सितंबर तक का समय दिया गया था। विश्व बैंक समूह की निजी क्षेत्र की इकाई आईएफ़सी ने 2011 में टाटा कैपिटल के साथ मिलकर टाटा क्लीनटेक कैपिटल लिमिटेड (टीसीसीएल) की स्थापना की, जिसका उद्देश्य नवीकरणीय और टिकाऊ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को वित्तपोषित करना था। उस समय, भारत में स्वच्छ ऊर्जा को अब भी सब्सिडी पर निर्भर क्षेत्र माना जाता था। पिछले एक दशक में, टीसीसीएल एक प्रमुख हरित वित्तपोषक के रूप में उभरी है, जिसने सौर, पवन, बायोमास, लघु जलविद्युत, जल उपचार और विद्युत परिवहन क्षेत्र में 500 से अधिक नवीकरणीय परियोजनाओं को समर्थन दिया है। इसके अलावा, कंपनी ने 22,400 मेगावाट से अधिक स्वच्छ ऊर्जा क्षमता को मंजूरी दी है और देश में सबसे व्यापक क्लीनटेक पोर्टफोलियो में से एक का निर्माण किया है।

# राज्यों को जीएसटी राजस्व नुकसान का मुआवजा मिले कटौती का लाभ आम लोगों तक पहुंचे : बालगोपाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने कहा है कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने का लाभ आम लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए, लेकिन अगर वार्षिक राजस्व हानि की भरपाई नहीं की गई, तो राज्य अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में असमर्थ होंगे। केरल के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को युक्तिसंगत बनाने से वार्षिक राजस्व हानि 8,000 करोड़ रुपये से 10,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इस बात पर जोर देते हुए कि आर्थिक वृद्धि पूरे देश के लिए फायदेमंद होनी चाहिए, बालगोपाल ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि प्रगतिशील कराधान का मतलब सभी के लिए कम कर नहीं होना चाहिए और उच्च आय या उच्च श्रेणी की विलासिता की वस्तुओं पर अधिक कर लगाया जाना चाहिए, जो कि सामान्य अच्छा कराधान अभ्यास है। केंद्र और राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली जीएसटी परिषद ने तीन सितंबर को दो-दर वाली जीएसटी संरचना पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत ऽ को मंजूरी दी। 22 सितंबर से प्रभावी होने वाली संशोधित दरें बड़ी संख्या में वस्तुओं की कीमतों में कमी लाएंगी। केरल ने दरों को युक्तिसंगत बनाने की पहल का स्वागत किया है, लेकिन वह राजस्व हानि की भरपाई के लिए कोई क्षतिपूर्ति व्यवस्था न होने को लेकर चिंतित है। वर्तमान में, चार दर स्लैब हैं ऽ पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत। रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक साक्षात्कार में, बालगोपाल ने जोर देकर कहा कि यदि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने की प्रक्रिया राज्य के लिए सभी सुरक्षा उपायों के साथ काम नहीं करती है, तो भविष्य में यह स्थिति सार्वजनिक वित्त के लिए हानिकारक होगी। केरल में सत्तारूढ़ माकपा के नेतृत्व वाले वाम मोर्चा के वरिष्ठ नेता ने कहा, ''जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से करों में भारी छूट मिलेगी और आने वाले दिनों में कीमतों में कमी आनी चाहिए। इसका लाभ आम उपभोक्ताओं 'आम आदमी' को मिलना चाहिए३ पहले, जब भी दरों को युक्तिसंगत बनाया गया (2017-18 में), कर के अंतर का लाभ लोगों को नहीं दिया गया। मंत्री ने कहा कि जीएसटी, बिक्री कर और मूल्य वर्धित कर (वैट) राज्यों के लिए राजस्व आय के मुख्य स्रोतों में से हैं, जबकि केंद्र के पास और भी कई विकल्प हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर राजस्व हानि की भरपाई नहीं की गई, तो राज्य स्वास्थ्य, शिक्षा और सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसी अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा नहीं कर पाएंगे। केरल स्थित गुलाटी इंस्टिट्यूट ऑफ फाइनेंस एंड टैक्सेशन के अनुसार, जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के कारण राज्य को होने वाला वार्षिक राजस्व घाटा 8,000 करोड़ रुपये से 10,000 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है, जिसमें सिर्फ वस्तुओं से संबंधित राजस्व घाटा लगभग 6,300 करोड़ रुपये आंका गया है।

# अमेरिकी सॉफ्टवेयर, क्लाउड सेवाओं, सोशल मीडिया पर भारत की निर्भरता बड़ी कमजोरी: जीटीआरआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। भू-राजनीतिक तनाव के दौर में भारत की अमेरिकी सॉफ्टवेयर, क्लाउड सेवाओं और सोशल मीडिया मंच पर निर्भरता एक बड़ी आर्थिक और सुरक्षा संबंधी कमजोरी है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को यह आशंका जताई। इसने कहा कि अमेरिका बैंकिंग, शासन और रक्षा प्रणालियों को प्रभावित करते हुए सेवाओं या डेटा तक पहुंच को बाधित करने की स्थिति में है। शोध संस्थान ने यह भी कहा कि अमेरिका विदेशी मंच के माध्यम से सार्वजनिक संवाद को नियंत्रित कर रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने कहा, भारत की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा अमेरिकी सॉफ्टवेयर, क्लाउड और सोशल मीडिया मंच पर अत्यधिक निर्भर है, जो भू-राजनीतिक तनाव के दौर में एक बड़ी कमजोरी का कारण बन रही है।ङ्क जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ''इस समस्या के समाधान के लिए सरकार को 'डिजिटल स्वराज मिशन' शुरू करना चाहिए, जिसके केंद्र में अपना क्लाउड, स्वदेशी ऑपरेटिंग सिस्टम (ओएस), घरेलू साइबर सुरक्षा और डेटा-संचालित एआई नेतृत्व हो। उन्होंने आगे कहा कि यूरोप पहले से ही अपने क्लाउड का निर्माण कर रहा है और डिजिटल मार्केट्स एक्ट को लागू कर रहा है। चीन ने भी सरकारी, रक्षा और औद्योगिक प्रणालियों में विदेशी कोड को स्वदेशी मंच से बदल दिया है। उन्होंने इस मुद्दे को स्पष्ट करते हुए कहा कि अगर अमेरिकी तकनीकी दिग्गज विंडोज, एंड्रॉइड या क्लाउड सेवाओं पर रोक लगा देते हैं, तो भारत की पूरी डिजिटल रीढ़ रातोंरात चरमरा सकती है। श्रीवास्तव ने आगाह किया कि 50 करोड़ से ज्यादा भारतीय स्मार्टफोन गूगल के एंड्रॉइड पर चलते हैं, जिससे देश का संचार अमेरिकी फैसलों पर निर्भर हो जाता है।

# महंगाई के आंकड़ों, फ़ेड के बयान से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी

शेयर समीक्षा

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दो सप्ताह की तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों का रुख महंगाई के आंकड़ों और अमेरिका में फ़ेडरल रिजर्व के नीतिगत ब्याज दरों के बारे में फैसले पर निर्भर करेगा।

खुदरा मूल्य आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े गत शुक्रवार को बाजार बंद होने पर जारी किये गये थे। वहीं, कल यानी सोमवार को थोक महंगाई के आंकड़े भी जारी होंगे। अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व की नीतिगत दरों पर बैठक मंगलवार और बुधवार को होगी और दूसरे दिन बयान जारी किया जायेगा। इन सभी कारकों का बाजार पर असर देखने को मिलेगा।

खुदरा महंगाई दर जुलाई की तुलना में बढ़कर 2.07 प्रतिशत पर रही। खाद्य मुद्रास्फीति जहां एक बार फिर शून्य से नीचे रही, वहीं गैर-खाद्य मुद्रास्फीति भी नियंत्रण में है। इससे बाजार में निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। निवेशकों की नजर अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता पर भी रहेगी। बीते सप्ताह शेयर बाजार में प्रमुख सूचकांक पांचों दिन बढ़त के साथ बंद हुये। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,193.94 अंक (1.48 प्रतिशत) की साप्ताहिक तेजी के साथ शुक्रवार को 81,904.70 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 373 अंक यानी 1.51 प्रतिशत चढ़कर 25,114 अंक पर पहुंच गया।

मझौली और छोटी कंपनियां भी दिग्गज कंपनियों की राह पर रहीं। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.10 प्रतिशत और स्मॉलकैप 1.90 प्रतिशत मजबूत हुये। सप्ताह के दौरान निफ्टी आईटी सूचकांक में चार प्रतिशत के अधिक की तेजी रही। सार्वजनिक बैंकों का सूचकांक करीब तीन प्रतिशत बढ़त में रहा। ऑटो और धातु सूचकांक दो प्रतिशत के अधिक चढ़े। निफ्टी फार्मा में करीब दो प्रतिशत की तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह का सूचकांक एक प्रतिशत टूट गया। सेंसेक्स की 30 में से 25 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। बीईएल में 7.63 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। बजाज ऑटो का शेयर 6.99 प्रतिशत, इंफोसिस का 5.62 प्रतिशत और अडानी पोर्ट्स का 5.36 प्रतिशत चढ़ा। एक्सिस बैंक का शेयर 4.65 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा। बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा के शेयर तीन प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए। मारुति सुजुकी, टीसीएस और भारतीय स्टेट बैंक में दो प्रतिशत के अधिक की साप्ताहिक तेजी रही। ट्रेंट का शेयर 7.15 प्रतिशत टूट गया। टाइटन में 2.57 फीसदी, इटरनल में 2.35 फीसदी और हिंदुस्तान यूनिलिवर में 2.01 प्रतिशत की गिरावट रही।



# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.69 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,69,506.83 करोड़ रुपये बढ़ गया। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच बजाज फाइनेंस सबसे ज्यादा लाभ में रही। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेकस 1,193.94 अंक या 1.47 प्रतिशत चढ़ गया। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस को लाभ हुआ। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और एलआईसी के मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 40,788.38 करोड़ रुपये बढ़कर 6,24,239.65 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 33,736.83 करोड़ रुपये बढ़कर 6,33,773.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 30,970.83 करोड़ रुपये बढ़कर 11,33,926.72 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 27,741.57 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 18,87,509.28 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 15,092.06 करोड़ रुपये बढ़कर 7,59,956.75 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक को सप्ताह के दौरान 10,644.91 करोड़ रुपये का फायदा हुआ और इसका बाजार मूल्यांकन 10,12,362.33 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 6,141.63 करोड़ रुपये बढ़कर 14,84,585.95 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का मूल्यांकन 4,390.62 करोड़ रुपये बढ़कर 10,85,737.87 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 12,429.34 करोड़ रुपये घटकर 6,06,265.03 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत 1,454.75 करोड़ रुपये घटकर 5,53,152.67 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# श्रद्धा और विश्वास पर चलती है दुनिया: मोहन भागवत

एजेंसी

इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हमारा देश श्रद्धा का देश है। यहां कर्मवीर भी हैं और तर्कवीर भी हैं। तर्क और शास्त्रार्थ में हमारा देश कहीं भी पीछे नहीं है, परंतु हम लोग जानते हैं कि श्रद्धा और विश्वास से जीवन चलता है। जिनको जड़वादी कहा जाता है, वे भी आजकल इसको मानते हैं। दुनिया श्रद्धा और विश्वास पर चलती है। आज दुनिया में संघर्ष इसलिए है, क्योंकि सभी के मन में अहम है, जिसमें केवल यह सोच है कि मैं ही आगे बढ़ूं और दूसरा कोई आगे न बढ़े, इसलिए सभी आपस में भिड़े हुए हैं।

सरसंघचालक डॉ. भागवत रविवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित नर्मदा खंड सेवा संस्थान के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल की लिखी पुस्तक 'परिक्रमा कृपा सार' का विमोचन किया।



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद रहे।

सरसंघचालक ने कहा कि मुझे बताया गया कि पुस्तक में नर्मदा परिक्रमा के अनुभव का वर्णन है। इसे मैंने मान्य कर लिया है, क्योंकि नर्मदा परिक्रमा बहुत बड़ी श्रद्धा का विषय है। नर्मदा परिक्रमा केवल धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह हमें प्रकृति और संस्कृति से जोड़ने का माध्यम है। यह अनुभव जीवन को नई दिशा देता है और व्यक्ति को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में 'भगवान' एक हों या अनेक, इससे टकराव होना स्वाभाविक है, लेकिन भारतीय दर्शन हमें सिखाता है कि ऐसे विवादों में पड़ने की आवश्यकता नहीं है। हमारे दृष्टिकोण में सिर्फ भगवान हैं और कोई नहीं, इसलिए सभी टकराव निरर्थक हो जाते हैं। जीवन की सच्चाई यही है कि हम सब एक हैं, लेकिन व्यवहार में हम सभी के साथ समानता नहीं बरतते। जब कोई व्यक्ति स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ मानने लगता है, तभी संघर्ष और विवाद जन्म लेते हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के मन में

### सरसंघचालक ने इंदौर में किया मंत्री पटेल की 'परिक्रमा कृपा सार' पुस्तक का विमोचन

### नर्मदा परिक्रमा केवल धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह हमें प्रकृति और संस्कृति से जोड़ने का माध्यम है

आया कि एक कंपनी होनी चाहिए है। वे मजिस्ट्रेट के पास गए। उन्होंने कहा कि हम लोग एक कंपनी हैं। जनरल मोटर्स उसका नाम है। उनकी बात को मजिस्ट्रेट ने मान लिया, जबकि जनरल मोटर्स नाम की कंपनी का अस्तित्व ही है। कुछ लोगों ने कह दिया और एक आदमी ने मान लिया। अगर कल कोई घोटाला हो गया तो ये कह सकते हैं कि कंपनी तो मैं नहीं हूं, लेकिन जनरल मोटर्स नाम की कंपनी साल में एक लाख कारें तैयार करती है। कंपनी इतने लाख लोगों को रोजगार देती है। उसके नाम पर इतने करोड़ों का व्यवहार करते हैं। यह सब क्या है? इसे ही कहते हैं कि दुनिया विश्वास पर चलती है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां जो श्रद्धा है। यह कहीं सुनने से नहीं आई है। यह काल्पनिक श्रद्धा नहीं है। जो कोई प्रयास करेगा वो उसे ले सकेगा। ऐसा हम सुनते हैं कि वैज्ञानिक बुद्धि से चलो। लेकिन, वैज्ञानिक बुद्धि क्या है यानी प्रत्यक्ष प्रमाण चाहिए। लेकिन, आज ऐसा कहने वाले लोगों के पास प्रत्यक्ष प्रमाण होगा ऐसा नहीं है, लेकिन हमारे भारत की जो श्रद्धा है, उसके लिए प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रत्यक्ष प्रमाण साझा करने वाले लोग हैं। आपको वो प्रमाण लेना है तो प्रयास और प्रयोग करने होंगे। इसलिए श्रद्धा और विश्वास की भावना को हमारे यहां साकार रूप दिया गया है। उनको भवानी और शंकर रूप दिया है। भगवान अपने अंदर हैं। बिना श्रद्धा और विश्वास के उसके दर्शन नहीं कर सकते हैं। डॉ. भागवत ने कहा कि गला काटने का काम, जेब काटने का काम पहले दर्जी करते थे, अब पूरी दुनिया कर रही है। बाज और कबूतर की कहानी सिखाती है कि ज्ञान और कर्म दोनों जरूरी हैं। सिर्फ ज्ञानी होकर निष्क्रिय रहना गड़बड़ी करता है।

## 5 लाख का इनामी नक्सली कमांडर मुठभेड़ में मारा गया

**पलामू।** पलामू जिले के मनातू और तरहसी थाना के सीमावर्ती क्षेत्र काशा और बंशी खुर्द जंगल के बीच प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) और सुरक्षाबलों के बीच रविवार को भीषण मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में टीएसपीसी के इनामी कमांडर मुखदेव यादव मारा गया, जिसका शव घटनास्थल से बरामद हुआ है। मुखदेव पर पांच लाख का इनाम घोषित था। एसपी रीष्मा रमेशन ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि इलाके में सर्च अभियान जारी है। जिस टीएसपीसी टीम के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हुई, उसी के साथ 03 सितंबर की रात हुए मुठभेड़ में पलामू पुलिस के दो जवान बलिदान हुए थे। इससे पहले 10 लाख के इनामी कमांडर शशिकांत को लेकर सर्च अभियान शुरू किया गया। सर्च अभियान में कोबरा, जगुआर और पलामू पुलिस को तैनात किया गया। सर्च अभियान के क्रम में मनातू के जंगलों में जैसे ही सुरक्षा बलों की टीम घुसी, टीएसपीसी के उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू की जिसमें इनामी कमांड मुखदेव मारा गया। मुठभेड़ स्थल से शव और इंसास राइफल बरामद किया गया है।

## गढ़चिरौली में दो लाख का इनामी माओवादी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस टीम ने दो लाख रुपये के इनामी माओवादी को गिरफ्तार किया है। इस इनामी माओवादी की पहचान शंकर भीमा महाका के रुप में की गई है। गढ़चिरौली जिले के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि पुलिस टीम जिले के भामरागढ़ तहसील के ताडग़ांव जंगल में पुलिस और सुरक्षा बल जांच अभियान चला रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध हालात में एक शख्स को पकड़ा और उससे पूछताछ शुरु की। इस पूछताछ में पता चला कि वह कुख्यात माओवादी शंकर महाका है। वह भामरागढ़ दलम का सदस्य है और 2016 से माओवादी संगठन में सक्रिय है। शुरुआत में उसने जन मिलिशिया में काम किया, लेकिन 2021 से वह सीधे दलम में शामिल हो गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जांच में पता चला कि पिछले कुछ वर्षों में वह पुलिस की जानकारी जुटाने के अलावा कई विध्वंसक गतिविधियों में सीधे तौर पर शामिल रहा है। शंकर के खिलाफ चार गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें मुख्य मामला 2022 में धोधराज-इरपनार मार्ग पर पेनगुंडा सडक़निर्माण कार्य के दौरान 19 वाहनों में आग लगाने का है। इसमें 2 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। इसके अलावा, 2023 में पेनगुंडा के एक निर्दोष नागरिक की हत्या और दो अन्य अपराधों में भी वह शामिल था। वह राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा जांच के तहत एक हत्या के मामले में वांछित आरोपित भी था। उन्होने बताया कि गढ़चिरौली पुलिस बल के प्रभावी माओवादी विरोधी अभियान में 2022 से अब तक 109 उग्र माओवादियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## सेवानिवृत्त आईएएस अमित खरे को उपराष्ट्रपति का सचिव नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमित खरे को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का सचिव नियुक्त किया गया है। मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने इस संबंध में मंजूरी प्रदान की है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के शनिवार को जारी आदेश के अनुसार 1985 बैच के झारखंड कैडर के अधिकारी खरे की नियुक्ति अनुबंध के आधार पर सचिव के पद और वेतनमान पर की गई है। वे पदभार ग्रहण करने की तिथि से अगले तीन वर्ष तक इस जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। खरे 12 अक्टूबर, 2021 से प्रधानमंत्री के सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं और प्रधानमंत्री कार्यालय में सामाजिक क्षेत्र से संबंधित विषयों को देख रहे थे। अपने लंबे प्रशासनिक कार्यकाल में उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों में कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी हैं। वे केंद्र सरकार में छह वर्ष तक उच्च शिक्षा विभाग में संयुक्त सचिव रहे, जहां उन्होंने यूनेस्को, शिक्षा नीति, पुस्तक संवर्धन और कॉपीराइट से जुड़े दायित्व संभाले। झारखंड में उन्होंने मानव संसाधन विकास सचिव और रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्य किया। झारखंड सरकार में विकास आयुक्त तथा वित्त-सह-योजना के अपर मुख्य सचिव के रूप में उन्होंने बजट सुधार, वित्तीय समावेशन और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसे अनेक कदम उठाए। खरे 2018 में सूचना एवं प्रसारण सचिव बने और इसके बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता तथा उच्च शिक्षा सचिव के पद पर भी रहे। वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तैयार करने और लागू करने वाली टीम के प्रमुख सदस्य थे। दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज से स्नातक तथा आईआईएम अहमदाबाद से स्नातकोत्तर प्रबंधन डिग्री प्राप्त खरे को बिहार के चर्चित 'चारा घोटाला' का पर्दाफाश करने के लिए भी जाना जाता है।

## हरिद्वार में अस्थियां विसर्जन करके लौट रहे परिवार की कार नाले में गिरी, सात लोगों की मौत

जयपुर। जयपुर के शिवदासपुरा थाना इलाके में प्रहलादपुरा के पास रिंग रोड से नीचे पानी से भरे नाले में एक कार गिर गई। हादसे में कार सवार सात लोगों की मौत हो गई। कार में सवार सभी लोग हरिद्वार से लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर करीब बारह बजे एक युवक ने नाले के पानी में कार डूबी देख पुलिस को सूचना दी। इस पर डीसीपी साउथ राजर्षि राज वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# नॉर्थ-ईस्ट के कई राज्यों में महसूस हुए भूकंप के झटके

## 5.8 रही तीव्रता, असम में था केंद्र

एजेंसी

नई दिल्ली। असम के उदलगुड़ी समेत उत्तर-पूर्व भारत के कई हिस्सों में रविवार शाम को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई है। एनसीएस ने बताया कि इस भूकंप का केंद्र असम के उदलगुड़ी में था। इसकी गहराई 5 किलोमीटर थी।

असम के अधिकारियों के अनुसार, भूकंप के झटके दोपहर 5:20 बजे महसूस किए गए। शुरुआती जानकारी के अनुसार, इस प्राकृतिक घटना से किसी भी तरह की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की कोई तत्काल सूचना नहीं मिली है। राहत और बचाव टीमें सतर्क हैं और प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र असम के उदलगुड़ी जिले में था और इसकी गहराई 5 किलोमीटर थी। भूकंप के



झटके असम के साथ-साथ नॉर्थ-ईस्ट के अन्य राज्यों जैसे मेघालय, नागालैंड और मणिपुर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ सेकंड तक चले इन झटकों ने डर का माहौल पैदा किया, लेकिन स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। भूकंप के बाद किसी भी आफ्टरशॉक की संभावना को देखते हुए निगरानी तेज कर दी गई है।

# खराब मौसम के चलते नहीं शुरू हो पाई माता वैष्णो देवी यात्रा, अगले आदेशों तक फिर स्थगित

एजेंसी

जम्मू। माता वैष्णो देवी यात्रा खराब मौसम के कारण 19 दिनों के अंतराल के बाद आज से नहीं शुरू हो पाई और अगले आदेशों तक स्थगित कर दी गई है। भवन और ट्रैक पर लगातार बारिश के चलते यात्रा रोकने के बाद श्राइन बोर्ड ने भक्तों से आधिकारिक संचार चैनलों के माध्यम से अपडेट रहने का अनुरोध है।

माता वैष्णो देवी यात्रा के रास्ते में 26 अगस्त को अर्धकुंवारी में इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 34 लोगों की जान चली गई, जिनमें ज्यादातर तीर्थयात्री थे और कई अन्य घायल हो गए। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 26 अगस्त के भूस्खलन के कारणों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता विभागीय जल शक्ति के अतिरिक्त मुख्य सचिव शलीन कबरा कर रहे हैं, जिसमें डिविजनल कमिश्नर और जम्मू के पुलिस महानिरीक्षक भी शामिल हैं। यह कमेटी जांच के बाद एलजी सिन्हा को एक व्यापक रिपोर्ट सौंपेगी।

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन कुमार वैश्य ने 13 सितंबर को 22 सितंबर से शुरू होने वाले नौ दिवसीय नवरात्रों के दौरान निर्बाध तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने के लिए आध्यात्मिक विकास केंद्र, कटरा में एक संयुक्त बैठक की अध्यक्षता की। सीईओ ने कहा कि नवरात्रि उत्सव नजदीक है और बोर्ड को पवित्र तीर्थस्थल और कटरा में आधार शिविर में भक्तों की एक महत्वपूर्ण आमद की उम्मीद है। इस प्रकार नवरात्र महोत्सव के दौरान सभी हितधारकों के बीच तालमेल पर जोर दिया गया। उन्होंने आने वाले दिनों में परेशानी मुक्त तीर्थयात्रा के लिए विभिन्न मोर्चों पर कार्रवाई करने का भी आह्वान किया।

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने खराब मौसम और पवित्र तीर्थस्थल तक जाने वाले मार्ग के आवश्यक रखरखाव के कारण अस्थायी रूप से स्थगित होने के बाद श्री माता वैष्णो देवी जी की यात्रा 14 सितंबर (रविवार) से अनुकूल मौसम की स्थिति के अनुसार फिर से शुरू करने की घोषणा की थी।इसी के मद्देनजर के मुताबिक भवन परिसर के साथ अन्य धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई तथा रंग रोगन का कार्य तेजी से कराया गया। श्राइन बोर्ड का अधिकतर स्टाफ भी तैनात कर दिया गया। इसके बावजूद भवन और ट्रैक पर लगातार बारिश के चलते आज से यात्रा नहीं शुरू हो पाई और अगले आदेशों तक फिर स्थगित कर दी गई है।

# जीएसटी सुधार से लोगों पर से कर का बोझ होगा कम : सीतारमण

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में रविवार को व्यापार एवं उद्योग संघ की ओर से 'उभरते भारत के लिए कर सुधार' के नाम से आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दावा किया कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के लागू होने पर देश भर में व्यापक बदलाव आने की उम्मीद है और इसक सीधा प्रभाव भारत के एक सौ चालीस करोड़ नागरिकों पर पड़ेगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी का लाभ देश के हर नागरिक को रोजमर्रा की हर चीज में मिलेगा। इसका असर लोगों को सुबह की चाय से लेकर रात के खाने और सोने तक देखने को मिलेगा। जीएसटी में किए गए सुधारों से लोगों पर कर का बोझ कम होगा। अब 99 प्रतिशत सामानों पर जीएसटी की दरें 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं। यह आम आदमी की जेब पर बोझ कम करने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में एक समान कराधान सुनिश्चित करने के लिए 2017 में जीएसटी लागू होने से पहले केवल 66 लाख व्यवसाय ही टैक्स प्रणाली में शामिल थे। लेकिन पिछले आठ वर्षों में यह संख्या बढ़कर 1.5 करोड़ हो गई है। यह सरकार की पारदर्शी और सरल टैक्स नीति का नतीजा है। जीएसटी सुधारों के तहत वस्तुओं और सेवाओं के वर्गीकरण को सरल बनाया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि कर की श्रेणियां स्पष्ट और सरल हों, जिससे व्यापारियों और कारोबारियों में कोई भ्रम न फैले। साथ ही जीएसटी सुधारों के कारण अब कई उत्पादों की इनपुट लागत कम होगी। इससे कुल उत्पादन खर्च घटेगा और उपभोक्ताओं को भी कीमतों में राहत मिलेगी। सीतारमण ने कहा कि देश के हर राज्य में अलग-अलग त्योहार होते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीपावली से पहले जीएसटी सुधार लागू करने के निर्देश को ध्यान में रखते हुए, इन्हें पहले ही लागू करने का फैसला लिया गया है। नई जीएसटी दरें 22 सितंबर से लागू होंगी और इनका असर पूरे देश में महसूस किया जाएगा। यह सुधार न केवल टैक्स प्रणाली को सरल बनाएंगे, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ाएंगे और हर वर्ग को इसका फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में घोषणा की थी कि इसमें कुछ सुधार किए जाएंगे। इसके बाद चार स्तरीय जीएसटी कर प्रणाली को घटाकर दो स्तरीय कर दिया गया। इसके अनुसार, 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत जीएसटी दर की श्रेणी हटा दिए गए।

# भारत में आर्थिक विकास के साथ घरेलू पर्यटन में आया ऐतिहासिक उछाल : शेखावत

एजेंसी

जोधपुर। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत में जिस तेजी से आर्थिक प्रगति हो रही है, उसी अनुपात में डोमेस्टिक टूरिज्म में ऐतिहासिक वृद्धि देखने को मिल रही है। अगर महाकुंभ जैसे आयोजनों के आंकड़ों को अलग कर दें, तब भी बीते एक वर्ष में 250 करोड़ यात्राएं दर्ज की गई हैं, जो देश की कुल आबादी से डेढ़ गुना अधिक है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या भी अब 2 करोड़ के करीब पहुंच चुकी है।

जोधपुर सर्किट हाउस में रविवार को मीडिया से रू-ब-रू होते हुए शेखावत ने कहा कि ये आंकड़े भारत की बदलती वैश्विक छवि, आर्थिक सुदृढ़ता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर एवं टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों के कालखंड में डेढ़ लाख किलोमीटर से अधिक सडक़ों का निर्माण, नए हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों का विकास, वंदे भारत और अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों की शुरुआत इन सभी ने टूरिज्म को गति दी है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जब भारत की अर्थव्यवस्था 30 से 40 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचे, तो टूरिज्म का योगदान 3 ट्रिलियन डॉलर हो। इसके लिए सरकार ने अगले पांच वर्षों में 50 आइकॉनिक डेस्टिनेशन्स को विकसित करने का लक्ष्य तय किया है, ताकि ओवर टूरिज्म को रोका जा सके और सस्टेनेबल टूरिज्म को बढ़ावा मिले।

ज्ञान भारतम मिशन से बदलेगा भारत का बौद्धिक परिदृश्य : केंद्रीय मंत्री शेखावत ने बताया कि भारत के पास आज भी लाखों की संख्या में प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियां मौजूद हैं, जिनमें से कई ताड़पत्र, भोजपत्र, पेड़ की छाल, रेशम के कपड़े या हस्तनिर्मित कागज पर लिखी गई हैं। उन्होंने कहा कि इन पांडुलिपियों में हमारे पूर्वजों का अमूल्य ज्ञान समाहित है, जिसे संरक्षित करना समय की मांग है। इसी उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 'ज्ञान भारतम के तहत 'राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन' की शुरुआत की है। इस मिशन के तहत राष्ट्रीय महत्व की सभी पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया जाएगा और उन्हें कंप्यूटर रीडेबल फॉर्मेट में लाकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से उनका विश्लेषण किया जाएगा।

अब तक दो लाख पांडुलिपियां डिजिटल फॉर्मेट में उपलब्ध : केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब तक इस मिशन के तहत दो लाख पांडुलिपियां डिजिटल फॉर्मेट में लायी जा चुकी हैं और जल्द ही यह संख्या 10 लाख तक पहुंचने वाली है। उन्होंने कहा कि देशभर के मठ, मंदिर, विश्वविद्यालय, संग्रहालय और शोध संस्थानों से इस कार्य में सहयोग लिया जा रहा है। जैसे जोधपुर का ओरिएंटल रिसर्च सेंटर, जिसके पास अकेले 1.28 लाख पांडुलिपियां संरक्षित हैं। शेखावत ने बताया कि इस प्रयास में देश-विदेश के 1100 से अधिक विशेषज्ञों स्क्रिप्टोलॉजिस्ट, इंडोलॉजिस्ट, भाषा विज्ञानी आदि ने मिलकर ज्ञान भारतम् पर आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मार्गदर्शन दिया है। खेलों को राजनीति से अलग रखने की वकालत की : पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच को लेकर विपक्ष के आरोपों पर शेखावत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट को राजनीतिक विवादों से दूर रखा जाना चाहिए। अगर हम खेल के मंचों से हटने लगें।

# पेज एक का शेष

## मैं शिव भक्त...

भी आधारशिला रखी। रिंग रोड परियोजना की अनुमानित लागत 4,530 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री बाद में गोलाघाट जिले के नुमालीगढ़ रिफाइनरी में 5000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नवनिर्मित बांस आधारित एथेनॉल संयंत्र और 7,230 करोड़ रुपये की लागत से पेट्रो फ्लूइडाइज्ड कैटेलिटिक क्रैकर इकाई का उद्घाटन करेंगे। इस तरह पीएम मोदी असम को कुल 18 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का तोहफा देंगे। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार शाम असम पहुंचे थे और भारत रत्न से सम्मानित भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कहा, 'साथियों 1962 में चीन की लड़ाई के बाद पंडित नेहरू ने जो घाव पूर्वोत्तर को दिया था वह आज तक नहीं भरा है, कांग्रेस की नयी पीढ़ी आज भी नये घाव दे रही है। कांग्रेस मुझे कितनी भी गालियां दे, मैं शिव का भक्त हूं मैं इन्हें विष की तरह पी जाता हूँ, पर बेशर्मी के साथ किसी का अपमान हो तो वह बर्दाश्त नहीं होता। भूपेन दा को मैंने भारत रत्न दिया, उसका कांग्रेस ने मखौल उड़ाया असम के सपूत का कांग्रेस अपमान करती है।' श्री मोदी ने कहा,'मैं जानता हूं उनका पूरा इकोसिस्टम मेरे ऊपर टूट पड़ेगा और कहेगा कि मोदी ने फिर रोना धोना शुरू कर दिया। जनता ही मेरी भगवान ,मेरी पूजनीय है जनता ही मेरा रिमोट कंट्रोल है। उन्होंने कंग्रेस के नेताओं की ओर से अपने खिलाफ कहे जाने वाले कथित अपशब्दों की ओर संकेत देते हुए कहा 'इनका अंहकार तो इतना है कि नामदार जब कामदार की पिटायी करता है, और कहीं दर्द से कामदार की आवाज निकल जाय तो उस पर और आक्रमण करते हैं। ऐसा अहंकार सार्वजनिक जीवन में शोभा नहीं देता है। असम की जनता को कंग्रेस से भूपेन दा के अपमान का जवाब मांगना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि जब कंग्रेस सत्ता में थी, तब पूरा देश आतंक से लहूलुहान होता था और कंग्रेस चुपचाप खड़ी रहती थी। आज हमारी सेना ऑपरेशन सिंदूर चलाती है, पाकिस्तान के कोने-कोने से आतंक को उखाड़ फेंकती है, लेकिन कंग्रेस के लोग पाकिस्तान की सेना के साथ खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कहा, 'कंग्रेस के लोग हमारी सेना के बजाय आतंकियों को पालने वालों के एजेंडों को आगे बढ़ाते हैं। पाकिस्तान का झूठ कंग्रेस का एजेंडा बन जाता है।इसलिए आपको कंग्रेस के प्रति हमेशा सतर्क रहना चाहिए। कंग्रेस के लिए अपने वोट बैंक का हित सबसे बड़ा है। कंग्रेस देश हित की कभी परवाह नहीं करती है। आज कंग्रेस देश विरोधियों और घुसपैठियों की भी रक्षक बन चुकी है। जब कंग्रेस सत्ता में थी, तब वह घुसपैठ को बढ़ावा देती थी और आज कंग्रेस चाहती है कि घुसपैठिए हमेशा के लिए भारत में बस जाए और भारत का भविष्य घुसपैठिए तय करें। आप वायदा कीजिए कि आप स्थानीय सामान के लिए मुखर होंगे। श्री मोदी ने कहा कि असम में आजादी बाद से जितने मेडिकल कालेज बने थे, उतने हमने पिछले 11 साल में बना दिये है। पिछले दस साल में देश में मेडिकल कालेजों की सीटें दो गुना हो गयी हैं। पांच साल में इसमें एक लाख सीट की वृद्धि की जाएगी। उन्होंने कहा असम के सम्मान और विकास का काम हमारी डबल इंजन सरकार पूरा करेगी। उन्होंने कहा 'आज भारत दुनिया का सबसे तेजी से प्रगति करता हुआ देश है और असम भी भारत के सबसे तेजी से विकास कर रहे राज्यों में एक है। असम आज 13 प्रतिशत की वार्षिक दर से वृद्धि कर रहा है। यह असम के लोगों की उपलब्धि है। भाजपा सरकार असम को भारत के एक ग्रोथ इंजन बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही है। आज का यह कार्यक्रम भी उसी संकल्प का हिस्सा है जिसके मंच से 6500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरा देश आज विकसित भारत के लिए एकजुट होकर काम कर रहा है। हमारे नौजवानों के लिए विकसित भारत सपना भी है, संकल्प भी है। इसकी सिद्धि में पूर्वोत्तर के लोगों की बड़ी भूमिका है। पूर्वी भारत विकास की दौड़ में पिछड़ गया था, भाजपा उस कमी को दूर कर रही है। 21वीं सदी का अगला समय पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत का समय है, असम का समय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के तेज विकास के लिए तेज आवागमन की सुविधाओं का होना जरूरी है। हमारी सरकार का ध्यान पूर्वोत्तर में रेल, सड़क,वायु संपर्क और दूर संचार सुविधाओं के विस्तार पर रहा है। इसका लाभ असम सहित पूरे क्षेत्र को मिल रहा है। कारोबार और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा ''कंग्रेस ने 60-65 साल में ब्रह्मपुत्र पर केवल तीन पुल बनाये,लेकिन हमारी सरकार ने एक दशक में इस नदी पर छह बड़े पुल बना दिये । मैं और भी काम करना चाहता हूं, बस इसके लिये आप का आशीर्वाद चाहिये। गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र पर पुरवा नारंग पुल के बनने से गुवाहाटी और दारांग की दूरी मिनटों की रह जाएगी। गुवाहाटी रिंग रोड से बहुत फायदा होगा। असम में इससे पहली बार मल्टी मोडल कनेक्टिविटी का एक माडल स्थापित होगा जो डबल इंजन सरकार का परिणाम है। हम असम के लिए 50 साल आगे की सोच को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि जीएसटी में सुधारों से आज से नौ दिन बाद नवरात्रि के पहले दिन से चीजें सस्ती हो जायेगी। इसका सबको फायदा होने वाला है। इससे त्योहारों की चमक बढ़ेगी। इसी संदर्भ में उन्होंने लोगों से स्वदेशी और वोकल फार लोकल का साथ देने और इसे अपनाने की पुरजोर अपील की।

## हिंसा में मारे...

प्रधानमंत्री के रूप में उनकी की नियुक्ति पर बधाई दी। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्रीमती कार्की को पहले ही अपना शुभकामना संदेश दे चुके हैं। एक अन्य समाचार पत्र काठमांडू पोस्ट ने बताया कि नेपाल की आठ प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने देश की संसद यानी प्रतिनिधि सभा भंग करने को असंवैधानिक करार देते हुए इसका कड़ा विरोध किया है। नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल माओवादी केंद्र, जनता समाजवादी पार्टी, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी, नेपाल मजदूर किसान पार्टी और जनमत पार्टी जैसे प्रमुख दलों ने एक संयुक्त वक्तव्य जारी कर इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की है। इन दलों का कहना है कि प्रतिनिधि सभा का विघटन संसदीय परंपराओं और संविधान की सर्वोच्चता पर सीधा प्रहार है। उनका आरोप है कि यह कदम जनता के जनादेश का अवमूल्यन करता है।

## राजनाथ ने बड़े रक्षा...

नियमावली रक्षा क्षेत्र मेंआत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए सेनाओं के लिए राजस्व खरीद में तेजी लाएगी, स्टार्टअप और एमएसएमई सहित भारतीय उद्योग को सरल प्रक्रियाओं के साथ सक्षम बनाने के साथ साथ नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देगी। इसमें सहायक वित्तपोषण विकल्प और अनावश्यक दंड में ढील देकर उद्योगों के सामने आने वाली कार्यशील पूंजी संबंधी समस्याओं को कम किया गया है। नयी नियमावली से उद्योग, शिक्षा जगत और सार्वजनिक क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा अनुसंधान औरविकास को कई सक्षम प्रावधानों के साथ बढ़ावा मिलेगा। इसमें रक्षा राजस्व खरीद और उद्योग के लिए समान अवसर प्रदान करने से संबंधित विशिष्ट चिंताओं का समाधान किया गया है। नयी नियमावली वित्त मंत्रालय द्वारा जारी वस्तुओं के लिए खरीद नियमावली के अनुरूप है।

# सांसद खेल महोत्सव युवाओं में ऊर्जा, अनुशासन और राष्ट्रीय चेतना जगाने का एक महाअभियान: त्रिवेन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इण्डिया मूवमेंट के तहत देश भर में सांसद खेल महोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी संदर्भ में आज सांसद हरिद्वार एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में युवा कल्याण, खेल विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय एवं भाजपा पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक का मुख्य विषय महोत्सव की तैयारियां और उसमें अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। सांसद रावत ने कहा कि 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर हरिद्वार से इस महोत्सव के पंजीकरण अभियान का शुभारंभ किया गया था। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता न होकर युवा शक्ति को दिशा देने और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प है। 21 सितम्बर से आयोजन न्याय पंचायत, विधानसभा और संसदीय स्तर पर होगा। प्रतियोगिता में अंडर-17 और अबव 17 कैटेगरी के महिला-पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे। सांसद श्री रावत ने निर्देशित किया कि 20 सितम्बर तक जिला हरिद्वार के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय और महाविद्यालय से न्यूनतम 10 प्रतिभागियों का पंजीकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। सांसद ने कहा कि युवा कल्याण, खेल विभाग, पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग एवं मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय की सक्रिय और समन्वित भूमिका से ही इस आयोजन को भव्यता और सफलता मिलेगी। श्री रावत ने विशेष रूप से स्थानीय व लोकप्रिय खेलों जिसमें कबड्डी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, पिठ्ठू, खो-खो, रस्साकशी, फुटबॉल आदि को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। सांसद रावत ने कहा कि यह केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं में ऊर्जा, अनुशासन और राष्ट्रीय चेतना जगाने का एक महाअभियान है। यह प्रयास आगामी ओलंपिक में भारत की गौरवपूर्ण भागीदारी का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस अवसर पर विधायक हरिद्वार मदन कौशिक, विधायक रानीपुर आदेश चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष रुड़की डॉ. मधु सिंह, मेयर हरिद्वार श्रीमती किरण जैसल, रुड़की मेयर सहित चारों महामंत्री, प्रदेश मंत्री श्यामवीर सैनी, परियोजना निदेशक डीआरडीए केएन तिवारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी शबाली गुरुंग आदि मौजूद रहे।

# पुरस्कृत होकर लंदन से लौटे डॉ. अजय कुमार सिंह, लोगों ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। लंदन में बेस्ट कम्युनिटी इम्पैक्ट अवार्ड से सम्मानित होंने के बाद जीवन जागृति सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिंह रविवार को भागलपुर लौटे। जहां उनका स्वागत जीवन जागृति सोसाइटी के सदस्यों और समर्थकों ने भागलपुर रेलवे स्टेशन पर फूल-मालाओं से किया। साथ ही उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। डॉ. सिंह हाल ही में लंदन में आयोजित 14 वें वर्ल्ड लीडर्स समिट 2025 में शामिल हुए थे। इस वैश्विक आयोजन में उन्हें बेस्ट कम्युनिटी इम्पैक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ऑक्सफोर्ड (लंदन) के मेयर लुइयर ऑट्टन ने उन्हें प्रदान किया। समाज सेवा और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में किए गए उनके उल्लेखनीय योगदान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहते हुए यह सम्मान दिया गया है। भागलपुर लौटने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने उनका जोरदार अभिनंदन किया। जगह-जगह स्वागत समारोह आयोजित किए गए। लोगों ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं से डॉ. सिंह का अभिनंदन कर यह जता दिया कि उनकी इस सफलता पर पूरा शहर गर्व महसूस कर रहा है। स्वागत समारोह में डॉ. अजय ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं बल्कि पूरे भागलपुर और बिहार का है। मुझे खुशी है कि हमारे समाज में किए जा रहे कार्यों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान मिली है। यह पुरस्कार हमारी टीम और उन सभी लोगों के लिए है, जो समाज सेवा के कार्यों में मेरा सहयोग करते है। जीवन जागृति सोसाइटी के डॉ. सत्येन्द्र कुमार ने भी इस मौके पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि डॉ. अजय कुमार सिंह की यह उपलब्धि युवाओं को प्रेरणा देगी और समाज सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी। डॉ. अजय कुमार सिंह लंबे समय से समाज के वंचित तबकों के लिए कार्य कर रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उनके द्वारा चलाए गए अभियानों ने हजारों लोगों का जीवन बदला है। यही कारण है कि उन्हें न सिर्फ देश बल्कि विदेश में भी पहचान और सम्मान मिला है।

# डबल इंजन भ्रष्टाचार में लिप्त विकास एक जुमला : अनुराधा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। कंाग्रेस के संगठन सृजन अभियान को पहुंची उत्तर प्रदेश में कंाग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार के लिए है, विकास कार्यों में एक दूसरे के लिए पराए हो जाते है।

चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर में रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए आराधना मिश्रा ने कहा कि मौजूदा समय में समूचा उत्तराखंड दैवीय आपदा से त्रस्त है लेकिन उत्तराखंड की डबल इंजन की सरकार आपदा और राहत कार्य में पूरी तरह से असफल और उदासिन दिख रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखं डमें 2013 की आपदा में प्रभावितों को क्षतिग्रस्त भवनों के लिए सात लाख तक का मुआवाजा दिया गया जबकि वर्तमान सरकार क्षतिग्रस्त भवन का एक लाख तीस हजार का मुआवजा दे रही है जो नाकाफी है और प्रभावितों के साथ एक भद्दा मजाक भी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि थराली के आपदा प्रभावितों के साथ राहत बांटने में भेदभाव किया जा रहा है। राहत उन्हें ही दी जा रही है जो भाजपा से जुड़े हुए है। अन्य लोगों से दूरी बनाई जा रही है जो सरकार की असंवदेनशीलता को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री आपदा प्रभावित क्षेत्र का हवाई दौरा करने यहां पहुंचे थे तो आपदा प्रभावितों को देहरादून बुलाया गया था लेकिन उसमें इस आपदा में जिस परिवार ने अपनी बेटी को खोया उन्हें नहीं बुलाया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से जो 12 सौ करोड़ का पैकेज दिया गया है वह कम है जबकि जरूरत इससे कहीं ज्यादा है। जनता के टैक्स का पैंसा कहां गया जो इस आपदा की घड़ी में जनता के काम नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि कंाग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से लेकर कार्यकर्ता तक आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच कर लोगों की सामर्थ्य अनुसार मदद कर है लेकिन सरकार सिर्फ हवाई दावे कर अपनी नाकामी को छुपाने के प्रयासों में जुटी है। संगठन सृजन अभियान के बारे में बताते हुए आराधना मिश्रा ने कहा कि संगठन निर्माण को लेकर कार्यकर्ताओं और जिलाध्यक्ष के दावेदारों बातचीत की जा रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा राहुल गांधी के स्पष्ट निर्देश है कि आम कार्यकर्ता की राय से ही जिलाध्यक्षों को चुनाव किया जाएगा। किसी भी तरह के कार्यकर्ताओं की अनदेखी नहीं की जाएगा। इसी लिए प्रदेश के सभी जिलों में वरिष्ठ नेताओं को भेजकर कार्यकर्ताओ के साथ रायसुमारी की जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर ही जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्षों के चुनाव किए जाएंगे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि पार्टी के भीतर अनुशासनहीनता किसी तरह बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पंचायत और निकाय चुनावों के दौरान जिस भी नेता अथवा कार्यकर्ता की ओर से पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता पाई जाती है तो उन पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

# हिंदी दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चंपावत। राजीव नवोदय विद्यालय लोहाघाट में हिंदी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर से एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने कानून के प्रति जागरूकता और हिंदी भाषा के सम्मान को लेकर नारे लगाते हुए हिंदी भाषा के महत्व और कानून की समझ बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राम कुमार मिश्र ने की। कार्यक्रम में लोहाघाट क्षेत्र की पैरालीगल वालंटियर्स ने छात्र-छात्राओं को हिंदी दिवस के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों और दायित्वों के बारे में समझाया गया। उन्होंने बताया कि हिंदी न केवल हमारी मातृभाषा है बल्कि देश की पहचान और एकता का प्रतीक भी है। पीएलवी तारा सिंह,रेनू गढकोटी, बृजेश जोशी, कमल राम, हेमलता जोशी, आशा गहतोड़ी, विनोद, सावित्री राय, मुन्नी बोहरा, निर्मला, गीता, मंजू, शीला तड़ागी, सीमा फर्त्याल, प्रियंका वर्मा और राजेंद्र पुनेठा ने मिलकर छात्रों को कानूनी जागरूकता, महिला सुरक्षा, पोक्सो एक्ट, साइबर क्राइम, बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राम कुमार ने कहा कि हिंदी दिवस केवल भाषा के प्रचार-प्रसार का दिन नहीं है, बल्कि हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने और कानूनी व सामाजिक रूप से सशक्त बनने का भी अवसर देता है। इस मौके पर विपिन कॉलोनी, महेंद्र सिंह, मुन्नी ओली और पूजा मेहरा सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# होटल में युवक की संदिग्ध हालात में मौत

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले के न्यू उस्मानपुर थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक की पहचान ब्रह्मपुरी निवासी मोहित गर्ग (26) के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक शनिवार रात करीब 9:30 बजे न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि होटल फ्लोरिश, दूसरी पुश्ता स्थित एक कमरे में युवक बेहोश पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने युवक की पहचान मोहित गर्ग के रूप में की। उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार शुरुआती जांच में सामने आया है कि मृतक ने होटल का कमरा बुक कर अपने दोस्तों के साथ पार्टी की थी। इसी दौरान वह अचानक बेहोश हो गया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं। फिलहाल पुलिस मृतक के दोस्तों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

# कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। जिला महानगर कंाग्रेस ने रविवार को देवपुरा चौक पर मसूरी स्थित जार्ज एवरेस्ट एस्टेट को बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के कंपनी को आवंटन के विरोध में भाजपा सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला महानगर कंाग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि भाजपा सरकार उत्तराखंड में बेशकीमती जमीनों को चंद उद्योगपतियों के हवाले कर उत्तराखंड का दोहन कर रही है। पूर्व प्रदेश महासचिव वरुण बालियान और वरिष्ठ नेता सोम त्यागी ने कहा कि भाजपा सरकार को आम जन-सरोकारों से मतलब नहीं है यह सरकार सिर्फ चंद उद्योगपतियों की सरकार बनकर रह गई है। वरिष्ठ कंाग्रेस नेता मनोज सैनी और पूर्व पार्षद राजीव भार्गव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। महानगर कंाग्रेस महासचिव तरूण व्यास और महिला कंाग्रेस शहर अध्यक्ष लता जोशी ,ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा और अंकित चौहान ने भी संबोधित किया। इस दौरान पार्षद हिमांशु गुप्ता और सोहित सेठी, यूथ कंाग्रेस विधानसभा अध्यक्ष तुषार कपिल, महिला कंाग्रेस पूर्व अध्यक्ष अंजू द्विवेदी, पार्षद विवेक भूषण विक्की, पार्षद प्रतिनिधि ऋषभ वशिष्ठ,अकरम अंसारी, पूर्व पार्षद उदयवीर सिंह चौहान,अजय गिरी, महानगर कंाग्रेस महासचिव मनीष गुप्ता आदि कंाग्रेस जन उपस्थित रहे।

# फारबिसगंज पीएचसी के स्टॉक रुम में लगी आग, लाखों रूपये मूल्य की दवाईयां और अन्य समान जलकर हुआ राख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। फारबिसगंज राम मनोहर लोहिया पथ स्थित रेलवे गुमटी के पास स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टॉक रुम रविवार अहले सुबह आग लग गई,जिसमें लाखों रूपये मूल्य के दवाईयों के साथ अन्य समान जलकर राख हो गए। आग करीबन पौने पांच बजे के करीब लगी और उस समय बारिश भी हो रही थी।स्थानीय लोगों के द्वारा आग लगने की जानकारी पीएचसी प्रभारी डॉ राजीव बसाक सहित अग्निशमन विभाग को दिया गया।जिसके बाद मौके पर फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद लगे आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पा रहा है।अस्पताल प्रबंधन जहां आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बता रहे हैं।वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस समय अस्पताल में आग लगी थी,उस समय वर्षापात और मेघ गर्जन के कारण बिजली नहीं थी।आगलगी की घटना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उत्तर दिशा स्थित पुराना आयुर्वेदिक अस्पताल में हुई।जिसका इस्तेमाल इन दिनों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के दवाईयों के स्टॉक सहित अन्य विभागीय कार्यों को लिए किया जाता है। मामले को लेकर पीएचसी प्रभारी डॉ राजीव बसाक ने कहा कि आग लगने का स्पष्ट कारण कहा नहीं जा सकता है।लेकिन ऐसी संभावना जताई जा सकती है कि शायद शॉर्ट सर्किट के कारण उठी चिंगारी धीरे धीरे सुलगकर विकराल रूप ले लिया।आगजनी में लाखों की दवाईयां और अन्य समानों के जलने का अनुमान है।

# कार फ्लाईओवर से गिरकर रेलवे ट्रैक पर गिरी

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिले के समायपुर बदली स्थित मुकरबा चौक फ्लाईओवर से रविवार सुबह एक कार रेलिंग तोड़ते हुए रेलवे ट्रैक पर गिर गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से कार को ट्रैक से हटवाया। पुलिस के मुताबिक कार चालक की पहचान प्रताप विहार रेलवे कॉलोनी गाज़ियाबाद निवासी सचिन चौधरी (35) के रूप में हुई है। हादसे में उसे कंधे और चेहरे पर हल्की चोटें आईं, लेकिन कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ। पूछताछ में चालक ने बताया कि वह पीरागढ़ी से गाजियाबाद जा रहा थे, तभी फ्लाईओवर पर संतुलन बिगड़ गया और कार रिंग रोड के किनारे की दीवार से टकराते हुए रेलिंग तोड़कर नीचे ट्रैक पर जा गिरी। पुलिस अधिकारी के अनुसार इसी दौरान घटनास्थल पर एक नीले रंग की पल्सर बाइक भी लावारिस हालत में मिली। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि बाइक और कार की घटनाएं आपस में जुड़ी नहीं हैं। बाइक मालिक का पता लगाया जा रहा है और जांच की जा रही है कि यह चोरी की है या किसी अन्य वजह से यहां छोड़ी गई।

# शिक्षकों ने किया नियमावली का तर्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के आह्वान पर गतिमान आंदोलन के क्रम में रविवार को मायापुर डाम कोठी के पास स्थित ओम पुल के समीप प्रधानाचार्य सीधी भर्ती नियमावली के विरोध में पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में नियमावली तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षकों ने स्पष्ट रूप से मांग की कि सरकार शीघ्र ही प्रधानाचार्य सीधी भर्ती नियमावली को निरस्त करते हुए शिक्षकों की लंबित पदोन्नतियों की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करे। साथ ही, शिक्षकों ने 34 सूत्रीय मांग पत्र (शिक्षकों के लिए वार्षिक यात्रा अवकाश, वेतन विसंगति दूर करने आदि अन्य) मांगों पर भी तत्काल कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष राजकीय शिक्षक संघ राम सिंह चौहान, गढ़वाल मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सरियाल, मंत्री हेमंत पैन्यूली, संगठन मंत्री मक्खन लाल, संयुक्त मंत्री क्रोधा नेगी, टिहरी जनपदीय अध्यक्ष बुद्धि प्रसाद भट्ट, हरिद्वार जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार, उपाध्यक्ष विकाश शर्मा, महामंत्री विवेक सेनी, पूर्व जिला अध्यक्ष हरेंद्र सैनी, मांगेराम मौर्य सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित बुद्धि प्रसाद भट्ट की ओर से तर्पण किया गया। साथ ही सैकड़ों शिक्षक एवं कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, आंदोलन जारी रहेगा।

# सेवा से बर्खास्त विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की सेवा बहाल करे सरकार : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा)के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने रविवार को आंदोलनरत विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की मांगों का समर्थन किया है एवं राज्य सरकार से सेवा से बर्खास्त किये गए संविदा कर्मियों की पुर्नबहाली की मांग की है। भाकपा राज्य सचिव श्री पाण्डेय ने बयान जारी कर कहा कि आंदोलनरतकर्मियों की सभी मांगे जायज है, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने स्तर से हस्तक्षेप करे और सभी माँगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर बर्खास्त किये गये संविदाकर्मियां को बहाल करे। श्री पांडेय ने कहा कि चुनावी साल में एक तरफ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी खजाना खोल दिया है तो दूसरी तरफ संविदाकर्मियों को प्रताड़ित किया जा रहा है और सेवा से बर्खास्त किया जा रहा है। बिहार के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार के युवा रोजगार के लिए दूसरे राज्य जाने के लिए विवश हैं। वहीं जिन्हें अपने ही राज्य में रोजगार मिला हुआ है उसे बेरोजगार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेशनल सैंपल सर्वे आर्गेनाइजेशन के अनुसार बिहार से पलायन करने वालों में 55 प्रतिशत पुरुष नौकरी तथा रोजगार के लिए पलायन करते हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063